रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 20 नवम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-89 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### राज्यपाल को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने लिखा पत्र, किया आग्रह



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्यपाल को छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पत्र लिखकर आग्रह किया है कि, छत्तीसगढ़ की छटवीं विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक आहुत किया गया है, सत्रावधि के मध्य में 18 दिसंबर 2024 को बाबा गुरूघासीदास जी की जयंती है। यद्यपि इस तिथि को अवकाश है, किंतु गुरु घासीदास की जयंती के व्यापक कार्यक्रमों की दृष्टि से प्रदेश के अधिकतर विधानसभा सदस्यों को अपने अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होने में असुविधा होगी जिसके कारण सत्रावधि की तिथी में संशोधन कर 18 दिसंबर, 2024 के पश्चात किए जाने हेतु अनुरोध करता हूँ।

### टामन सिंह और एसके गोयल 10 दिन की सीबीआई रिमांड पर



**रायपुर।** सीजीपीएससी घोटाले में सीबीआई ने सोमवार को तत्कालीन अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी और कारोबारी एसके गोयल को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश लीलाधर साय यादव की कोर्ट में किया पेश गया। जहां कोर्ट ने उन्हें 10 की रिमांड पर भेज दिया है। कोर्ट में सीबीआई ने टामन सिंह सोनवानी और एसके गोयल की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। जहां एसके गोयल की ओर से उनके वकील ने सीबीआई के आरोपों को झूठ और असत्य बताया। उसके वकील ने माना कि, एनजीओ को रकम दिया गया था सभी एनजीओ को सीएसआर फंड से रकम दिया जाता है और रकम देने के पीछे उनकी मंशा गलत नहीं थी। जिसके बाद कोर्ट ने दोनों को रिमांड पर भेज दिया।

### भाजपा नेता के पास करोड़ों रुपए मिलना बड़ी हेराफेरी का प्रमाण : कांग्रेस



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव के पास करोड़ों रुपए बरामद होना और उनके रंगे हाथों पकड़ा जाना बताता है कि नियमों का धड़ल्ले से दुरुपयोग किया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े खुलेआम पैसे बांटने आए थे और उनके पास से पांच करोड़ रुपए नकद बरामद हुए हैं। इसके साथ ही, उनके पास एक डायरी मिली है जिसमें 15 करोड़ रुपए का लेखा-जोखा है।

# नक्सल आपरेशन में मिल रही सफलता की पूरे देश में हो रही है प्रशंसा

## बस्तर प्रवास के दौरान जवानों का उत्साह बढ़ाने सीएम साय अचानक पहुंचे सीआरपीएफ कैंप

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीआरपीएफ के जवानों से कहा कि पिछले 11 महीनों के दौरान आप लोगों ने जिस तरह नक्सली आतंक को खत्म करने की दिशा में ऐतिहासिक सफलताएं हासिल की हैं, उसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। आप लोग परिवार से दूर रहकर और सुख-सुविधाओं को त्याग कर बस्तर के विकास में जो योगदान दे रहे हैं, उससे आप लोगों ने यहां के जनजातीय समुदायों के हृदय में अपने लिए हमेशा हमेशा के लिए जगह बना ली है। सीएम साय बस्तर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सेडवा कैंप में जवानों को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अचानक सीआरपीएफ कैंप पहुंचने पर आश्चर्यमिश्रित खुशी के साथ ही जवानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षा बलों के जवानों से आत्मीयतापूर्वक संवाद करते हुए कहा कि जब मैं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में चित्रकोट आया था, तो मेरी बड़ी इच्छा थी कि मैं आप सब जवानों से मिलूं। पिछले 11 महीनों में छत्तीसगढ़ में नक्सल मोर्चे पर जो सफलता मिली है, उसमें आप सभी का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है। मैं आप सभी के साहस को नमन करता हूं। नक्सल अभियान में आप सभी को जो सफलता मिल रही है, उसकी पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जब भी मेरी मुलाकात होती है तो वे नक्सल अभियान में छत्तीसगढ़ को मिल रही सफलता का जिक्र जरूर करते हैं। गृह मंत्री अमित शाह का नक्सल ऑपरेशन में सतत मार्गदर्शन और सहयोग मिलते रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर में हमने नक्सलवाद को वर्ष 2026 तक समूल नष्ट करने का संकल्प लिया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का भी यही संदेश है। बस्तर में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने अल्प अवधि में ही 200 से ज्यादा नक्सलियों को ढेर कर दिया है। 740 से ज्यादा माओवादी कैडर्स ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वे हिंसा त्याग कर लोकतंत्र की मुख्य धारा में शामिल हो गए हैं। शासन ने हिंसा का त्याग करने वाले नक्सलियों के पुनर्वास के लिए ऐसी नीति बनाई है कि आने वाले दिनों में और भी बड़ी संख्या में नक्सली आत्मसमर्पण करेंगे।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा में बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय और परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती 200 करोड़ के पार

पायनियर संवाददाता < रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर सुबह 7:00 बजे से होगा। कुमार ने निर्वाचन सदन, धुर्वा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इनमें से 31 बूथों पर शाम चार बजे तक ही मतदान होगा जबकि शेष मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता सपरिवार, आस-पड़ोस और मित्रों के साथ मतदान केंद्र जाकर उत्सवी माहौल में मतदान करें। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के 14,218 बूथों में से 48 बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। वहीं महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों की संख्या 239 है। 22 मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित होंगे। जबकि, युवाओं के हाथों में 26 मतदान केंद्रों की व्यवस्था रहेगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आचार संहिता उल्लंघन के जितने भी मामले आते हैं। उनपर तत्परता से मामला दर्ज कराकर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। अभी तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में 90 केस दर्ज कर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने पत्रकार वार्ता में आये सवालों का जवाब देते हुए पत्रकारों से भी अपील की कि उनके सामने भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले आते हैं, तो वे निर्वाचन आयोग के साथ उसे साक्ष्य समेत साझा करें, निर्वाचन आयोग नियमानुसार कार्रवाई सुनीश्चित करेगा। कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 200 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है।

## शिवराज ने दिया विज्ञान और किसान के बीच की दूरी घटाने पर जोर

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विज्ञान और किसान के बीच की दूरी घटाने पर जोर देते हुए कहा है कि किसान मिट्टी के सबसे बड़े संरक्षक हैं और उन्हें शिक्षा, प्रोत्साहन तथा आधुनिक वैज्ञानिक की जानकारी के माध्यम से सशक्त बनाया जाना चाहिए। चौहान ने वैश्विक मृदा कॉफ्रेंस 2024 को संबोधित करते हुए कहा कि किसान मिट्टी के सबसे बड़े संरक्षक हैं उन्हें शिक्षा, प्रोत्साहन और आधुनिक वैज्ञानिक जानकारी के माध्यम से सशक्त बनाना है। युवाओं को भी इसमें शामिल करना चाहिए उन्होंने कहा कि कृषि एक लाभदायक और सम्मानजनक पेशा है इसके लिए भी युवाओं को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है।

## वकीलों को ऑनलाइन पेश होने का विकल्प : सुप्रीम कोर्ट

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में गंभीर वायु प्रदूषण के मद्देनजर पूरी तरह से ऑनलाइन माध्यम से सुनवाई करने की वकीलों की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि उनके पास ऑनलाइन पेश होने का विकल्प होगा। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की खंडपीठ ने 'सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन' के अध्यक्ष कपिल सिब्बल और अन्य की दलीलें सुनने के कहा, हमने सभी जजों से कहा है कि जहां भी संभव हो वर्चुअल सुनवाई की अनुमति दें। वकीलों ने पीठ के समक्ष दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बढते प्रदूषण का मुद्दा उठाया था। शीर्ष न्यायालय के समक्ष सिर्फआनलाइन सुनवाई के पक्ष में दलील देते हुए सिब्बल ने कहा, प्रदूषण नियंत्रण से बाहर हो रहा है।

## तीन दिन की धान खरीदी में आकड़ा 3 लाख टन के पार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



किसानों को 502.53 करोड़ रूपए का हो चुका भुगतान

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो चुका है। 14 नवम्बर से अब तक मात्र तीन दिन की खरीदी में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का आकड़ा 3 लाख टन के पार पहुंच गया है। मंत्री बघेल ने कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से 2739 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीद रही है। चालू विपणन वर्ष में 160 लाख टन धान उपार्जन का अनुमान है। देव-दीवाली 14 नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी महापर्व के 6वें दिन तक 3.09 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य के 68,668 किसान अब तक धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत् 502.53 करोड़ रूपये का भूगतान किया गया है। धान खरीदी का यह महाअभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खाद्य मंत्री बघेल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में 20,296 किसानों से 93 हजार 581 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। राज्य में धान बेचने के लिए इस साल 27.68 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें 1.42 लाख नए किसान शामिल है। उन्होंने बताया कि 19 नवम्बर के लिए कुल 23791 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 19934 टोकन जारी किए गए है। मंत्री बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केन्द्रों के माइक्रो एटीएम से दो हजार रूपए से लेकर दस हजार रूपए तक की राशि निकालने की सुविधा दी है, इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिए किराए पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली-मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी।

# पीएम मोदी ने छह नेताओं से की द्विपक्षीय मुलाकात

एजेंसी < रियो डि जनेरियो
www.dailypioneer.com




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 शिखर सम्मेलन के इतर इंडोनेशिया, पुर्तगाल, नॉर्वे, इटली, फ्रांस और ब्रिटेन के नेताओं के साथ द्विपक्षीय मुलाकात की और भारत के साथ इन देशों के द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी साझा की। मोदी ने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात में उन्हें भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। दोनों नेताओं ने मौजूदा क्षेत्रों में भारत इंडोनेशिया व्यापक रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने के साथ-साथ इसे नए क्षेत्रों में विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की। मोदी ने इसके बाद पुर्तगाल के प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने अर्थव्यवस्था, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और लोगों से लोगों के संबंधों और बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग सहित द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया। मोदी की नॉर्वे के पीएम जोनास गहर स्टोर से मुलाकात में दोनों पक्षों ने भारत-नॉर्वे द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की जो विशेष रूप से भारत-ईएफटीए-टीईपीए पर हस्ताक्षर के बाद व्यापार और आर्थिक सहयोग पर केंद्रित थी। दोनों नेताओं ने भू-राजनीतिक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रियो में जी-20 ब्राजील शिखर सम्मेलन में भाग ले रहीं इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने लंबे समय से चले आ रहे भारत इटली द्विपक्षीय संबंधों को और आगे बढ़ाने और गति देने के लिए भारत-इटली संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025-29 का स्वागत किया। मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की। नेताओं ने दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझीदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभप्रद मुक्त व्यापार समझौते की आवश्यकता को भी स्वीकार किया। मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन से भी मुलाकात की। नेताओं ने व्यापार और निवेश, प्रौद्योगिकी, एआई, डीपीआई के क्षेत्रों में भारत एवं फ्रांस के संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

## सबसे आधुनिक और वैज्ञानिक होगी भारत की आपराधिक न्यायिक प्रणाली : शाह

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



अमित शाह ने कहा कि अगले 10 वर्षों में भारत की आपराधिक न्यायिक प्रणाली दुनिया में सबसे आधुनिक, वैज्ञानिक और तेज गति वाली होगी। शाह ने गुजरात के गांधीनगर में 50वें अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान सम्मेलन के स्वर्ण जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। गृह मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि अखिल भारतीय पुलिस विज्ञान कांग्रेस के बिना पुलिसिंग और सुरक्षा व्यवस्था को प्रासंगिक रखना संभव ही नहीं है। पुलिस विज्ञान कांग्रेस, अपराध के खिलाफ लड़ाई के हमारे पूरे तंत्र को प्रासंगिक रखने के लिए है। शाह ने कहा, हमें नए सिरे से इसके स्वरूप, सहभागिता, इनपुट्स लेने की पद्धति, अनुसंधान और विकास को पुलिस स्टेशन से नीचे बीट कॉस्टेबल तक पहुंचाने की व्यवस्था करने की ज़रूरत है। उन्होंने कहा कि इस पर समग्रता से विचार करने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि कोई भी पद्धति 50 साल तक चलती है तो वह अप्रासंगिक हो जाती है। पिछले कई दशकों में देश, दुनिया, अपराध जगत और पुलिसिंग में बहुत सारे परिवर्तन आए हैं लेकिन क्या इनके अनुरूप पुलिस विज्ञान कांग्रेस का स्वरूप बदला है? उन्होंने, पुलिस विज्ञान कांग्रेस की कार्यपद्धति, उद्देश्यों और निर्णयों पर अमल में जो समयानुकूल परिवर्तन होना चाहिए, उसमें हम कहीं न कहीं पीछे हैं। आने वाले समय की चुनौतियों को समझे बिना हमारी योजना कभी सफल नहीं हो सकती। गृह मंत्री ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत विश्व का हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए आगे बढ़ा है और इसके कारण हमारी चुनौतियां और बढ़ गई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 11वें से पांचवे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गई है और वर्ष 2028 से पहले हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। भारत की आंतरिक सुरक्षा और आपराधिक न्याय प्रणाली में बहुत क्रांतिकारी बदलाव हुआ है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस सम्मेलन के दौरान आठ सत्रों में नए आपराधिक कानून, फॉरेंसिक विज्ञान का उपयोग, आपदा प्रबंधन, ब्लॉक चेन तकनीक का उपयोग, साइबर धोखाधड़ी, स्मार्ट सिटी में पुलिसिंग, आदिवासी क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग और जेलों में कट्टरवाद से निपटने के उपायों पर चर्चा होगी।

### कांकेर जिला बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए हुआ चयनित, मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

## छत्तीसगढ़ ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर फिर लहराया परचम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए चुना गया है। कांकेर जिले को यह राष्ट्रीय अवार्ड 21 नवंबर विश्व मात्स्यिकीय दिवस के अवसर पर मिलेगा। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम यह सम्मान प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल एवं जॉर्ज कुरियन भी उपस्थित होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांकेर को देश का बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए चयन होने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए कांकेर सहित राज्य के सभी मत्स्य कृषकों एवं मछलीपालन विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ लैंड लॉक प्रदेश होने के बावजूद भी मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है। मछली बीज उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में छठवें स्थान पर हैं। यह उपलब्धि हमारे राज्य के मत्स्य कृषकों की मेहनत का परिणाम है। छत्तीसगढ़ मछली बीज उत्पादन के मामले में न सिर्फ पूरी तरह से आत्मनिर्भर है, बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी मछली बीज निर्यात कर रहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कुल 1,29,039 जल स्त्रोत उपलब्ध है, जिसका जल क्षेत्र 2.032 लाख हेक्टेयर है, जिनमें 96 प्रतिशत में किसी न किसी रूप में मत्स्य पालन हो रहा है। 3571 कि.मी का नदीय जलक्षेत्र भी उपलब्ध है। सघन मत्स्य पालन हेतु अतिरिक्त जलक्षेत्र निर्मित किया जा रहा है, अब तक कुल 6783 हेक्टर जलक्षेत्र निर्मित हो चुका है। एक समय था जब छत्तीसगढ़ मत्स्य बीज के लिए पश्चिम बंगाल राज्य पर निर्भर था। कुल 82 नवीन हैचरी निर्मित कर 115 हैचरियों के माध्यम से 546 करोड़ मत्स्य बीज का प्रति वर्ष उत्पादन होने से राज्य न सिर्फ आत्मनिर्भर हुआ अपितु अन्य राज्यों को भी मत्स्य बीज निर्यात कर रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में प्रति वर्ष 7.30 लाख टन मत्स्य उत्पादन हो रहा है। राज्य अन्तर्देशीय मत्स्य उत्पादन में देश में 8 वें स्थान पर है।

## मणिपुर हिंसाः खरगे का राष्ट्रपति मुर्मु से हस्तक्षेप का आग्रह



**नयी दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर की हिंसा को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने का आग्रह किया और कहा कि डेढ़ साल से जारी हिंसा से लोगों का जीवन तबाह हो गया है और उन्हें उम्मीद है कि राष्ट्रपति के हस्तक्षेप से वहां शांति बहाली होगी। खरगे ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मणिपुर में हिंसा के कारण लोगों का जीवन बहुत कठिन हो गया है। राज्य में 540 से ज्यादा दिनों से हिंसा का तांडव चल रहा है और प्रधानमंत्री तथा राज्य के मुख्यमंत्री लोगों की समस्या को सुलझाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा, राज्य में जारी हिंसा के कारण 300 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है और एक दूसरे के खून के प्यासे लोग निर्दोष बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भी नहीं छोड़ रहे हैं और उनकी हत्या की जा रही है। हिंसाग्रस्त मणिपुर जाने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तैयार नहीं हैं और लोगों की समस्या का समाधान नहीं निकाला जा रहा है।कांग्रेस अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति कार्यालय के हस्तक्षेप से मणिपुर के लोगों के जीवन में शांति बहाल की जा सकेगी और लोग अपने घरों में शांतिपूर्वक रह सकेंगे।



# युवाओं को रोज़गार देने के लिए संकल्पबद्ध सरकार, भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र : यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com



राज्य शासन अगले 5 वर्षों में 2 लाख 50 हजार सरकारी नौकरियां उपलब्ध कराने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

रिक्त पदों पर भर्ती के लिए हर साल सरकारी परीक्षा कैलेंडर जारी किया जायेगा। पदों की गणना करने के दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार ने संकल्प पत्र 2024 के बिन्दु 'रोजगार के अवसर' में युवाओं को सरकारी नौकरियों में सेवा का अवसर देने संकल्प दोहराया है। इस संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकारी नौकरियों में भर्ती की सभी औपरिकताएं पूरी की जा रही हैं और जल्दी ही भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जायेगी। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सभी विभागों को भर्ती की प्रक्रिया संबंधी औपचाकिताएं पूरी करने के निर्देश दिये हैं, जिससे वर्षवार भर्ती की प्रक्रिया बिना रूकावट पूरी की जा सके। राज्य शासन के इस निर्णय से सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पहले जारी निर्देश एवं आदेश निष्प्रभावी होंगे। लेकिन पहले जारी आदेशों, परिपत्रों के आधार पर ऐसे रिक्त पदों पर, जिन पर विभागों द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर, 2024 तक भर्ती की कार्यवाही कर दी गई है, वह निरस्त नहीं मानी जायेगी। इनमें सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कार्यवाही कर्मचारी चयन मण्डल, म.प्र. लोक सेवा आयोग/अन्य संस्था को प्रेषित किये गये हैं। इसके अलावा नियुक्ति की जा चुकी है परंतु कार्यभार ग्रहण किया जाना शेष है या परीक्षा परिणाम के आधार पर नियुक्ति पत्र जारी किया जाना शेष है। मुख्य रूप से संवर्ग में स्वीकृत पदों के आधार पर 5 प्रतिशत पदों की ही सीधी भर्ती से पदपूर्ति करने के लिए प्रशासकीय विभाग को अधिकृत किया गया है। यह परिपत्र वर्ष 2028-29 तक के लिये स्थगित किया जाता है। राज्य शासन द्वारा प्रथम श्रेणी, द्वितीय श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति गणना के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया है। इसके अनुसार सर्वप्रथम प्रत्येक संवर्ग में 1 अप्रैल 2024 की स्थिति में सीधी भर्ती के रिक्त पदों की गणना की जायेगी। इनमें ऐसे पद जिनके संबंध में कार्यवाही कर्मचारी चयन मंडल/ एमपीपीएससी या अन्य संस्थाओं में प्रचलन में है, रिक्त पदों की गणना में शामिल नहीं किए जायेंगे। ऐसे 13 प्रतिशत पद जो पिछड़ा वर्ग के लिए अंतिम परीक्षा परिणाम के बाद रोके गए हैं, इनको भी रिक्त पदों की गणना में नहीं लिया जायेगा। ऐसे संवर्ग जिनमें रिक्त पदों की संख्या 1 से 50 तक है, की पद पूर्ति दो चरणों में की जायेगी (अर्थात 50 प्रतिशत पद वित्तीय वर्ष 2024-25 में एवं शेष 50 प्रतिशत पद वित्तीय वर्ष 2025-26 में भरे जायेंगे)। ऐसे संवर्ग जिनमें रिक्त पदों की संख्या 51 से 200 तक है, उनमें पद पूर्ति तीन चरणो में आधार पर की जायेगी। यदि 33 प्रतिशत से कम है, तो एक बार में रिक्त पदों की पूर्ति, यदि 33 प्रतिशत अथवा अधिक है पर 66 प्रतिशत से कम है तो वर्षवार पदपूर्ति होगी। प्रथम वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत द्वितीय वर्ष 2025-26 में 46 प्रतिशत और तृतीय वर्ष 2026-27 में 46 प्रतिशत की पदपूर्ति होगी। यदि रिक्त पदों की संख्या यदि 66 प्रतिशत अथवा अधिक है तो वर्षवार पदपूर्ति में, प्रथम वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 2025-26 में 31 प्रतिशत, तृतीय वर्ष 2026-27 में 31 प्रतिशत, चतुर्थ वर्ष 2027-28 में 30 प्रतिशत भर्ती होगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने भारत को वैश्विक मजबूती दी : डॉ. अखिलेश

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ.अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी देश की ही नहीं विश्व की नेता थी और उनके मनोबल ने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत देशों की श्रेणी में खड़ा कर दिया था। देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अखिलेश प्रसाद सिंह ने की। इस अवसर पर डॉ.अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व. इन्दिरा गाँधी देश की ही नहीं वैश्विक की नेता थी और उनके मनोबल ने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत देशों की श्रेणी में खड़ा कर दिया था। 1971 के युद्ध में उन्होंने विश्व का भूगोल बदल दिया और पाकिस्तान के एक लाख सैनिकों को आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर दिया। इतिहास में इससे बड़ा कोई सैन्य आत्मसमर्पण नहीं दर्ज है। 1971 के बाद स्व. गाँधी ने भारतीय सैन्य ताकत को विश्व स्तर का बना दी। देश के नवनिर्माण में आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध देश की इकलौते महिला प्रधानमंत्री स्व. गांधी की अहम भूमिका रही है। लोग आतंकवाद और राष्ट्र के अखंडता के लिए लड़ने की बात करते हैं जबकि स्व. इंदिरा गांधी ने उसे करके दिखाया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि अपने कार्यकाल में इन्दिरा गाँधी ने देश से गरीबी हटाने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजा-महाराजाओं के प्रीवी पर्स हटाने जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य किए और उन्होंने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए आतंकवाद से लड़ते हुए अपनी कुर्बानी तक दे दी। कृतज्ञ राष्ट्र अनन्त काल तक उनके त्याग और बलिदान को याद रखेगा। इस मौके पर उपस्थित बिहार कांग्रेस के प्रभारी सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी ने आजीवन देश के लिए संघर्ष किया और उनकी ही देन है जो आज भारत के सैन्य ताकत और क्षमता को वैश्विक स्तर पर लोग जानते हैं। उन्होंने विश्व में भारत की धाक जमाई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चन्दन बागची ने कहा कि उन्होंने देश की राजनीति में अपनी नीतियों से अहम योगदान दिया है। इस मौके पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित स्व. इन्दिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# स्टालिन, रामदास ने एलआईसी की वेबसाइट पर हिंदी थोपने की निंदा की

वार्ता ➤ चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने एलआईसी की वेबसाइट पर हिंदी थोपने की निंदा की और इस भाषाई अत्याचार को तत्काल वापस लेने की मांग की। स्टालिन ने कहा कि एलआईसी की वेबसाइट हिंदी थोपने के प्रचार का उपकरण बनकर रह गई है और यहां तक कि अंग्रेजी चुनने का विकल्प भी हिंदी दिखने लगा है। उन्होंने लिखा, यह भारत की विविधता को कुचलते हुए, बलपूर्वक सांस्कृतिक और भाषाई समानता को थोपने के अलावा और कुछ नहीं है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा, एलआईसी की वेबसाइट को हिंदी थोपने के लिए प्रचार उपकरण तक सीमित कर दिया गया है। यहां तक कि अंग्रेजी का चयन करने का विकल्प हिंदी में प्रदर्शित होता है। उन्होंने कहा, यह भारत की विविधता को कुचल रही है। एलआईसी सभी भारतीयों के संरक्षण के साथ विकसित हुआ। इसने अपने अधिकांश योगदानकर्ताओं को धोखा देने की हिम्मत कैसे की? स्टालिन ने कहा, हम इस भाषाई अत्याचार को तत्काल वापस लेने की मांग करते हैं। पीएमके के संस्थापक डॉ. एस. रामदास ने भी एलआईसी वेबसाइट के माध्यम से हिंदी थोपने के लिए केंद्र सरकार की निंदा की। उन्होंने एलआईसी द्वारा हिंदी थोपे जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि एलआईसी की वेबसाइट का होम पेज अब तक अंग्रेजी में था, अब इसे बदलकर हिंदी में कर दिया गया है और यह अन्य भाषा बोलने वाले लोगों पर हिंदी थोपा गया है। रामदास ने यह भी मांग की कि एलआईसी के होम पेज को तुरंत अंग्रेजी में बदला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि तमिल को भी होम पेज में शामिल करना चाहिए, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी दोनों हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा, एलआईसी की वेबसाइट का होम पेज बदलकर हिंदी में कर दिया गया है, जो पहले अंग्रेजी में था। यह अन्य भाषा बोलने वाले लोगों पर हिंदी को थोपना है। एलआईसी द्वारा हिंदी थोपे जाने के इस प्रयास की कड़ी निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भारत में सभी भाषा बोलने वाले लोग एलआईसी के ग्राहक हैं, तो अचानक हिंदी को प्राथमिकता देना स्वीकार्य नहीं है।यहां तक कि बिक्री के लिए तमिलनाडु भेजे जाने वाले 10 रुपये के उपभोक्ता सामानों के नाम भी तमिल या अंग्रेजी में मुद्रित किए जाते हैं।

# महबूबा ने विस में अनुच्छेद 370 का मुद्दा उठाने के लिए पीडीपी विधायकों की सराहना की

वार्ता ➤ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने जनता के महत्वपूर्ण मुद्दों विशेष रूप से विधानसभा के पहले सत्र में अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने के मुद्दे को उठाने के लिए पार्टी के तीन विधायकों की सराहना की। मुफ्ती की मौजूदगी में आज यहां एक बैठक में जहां पार्टी के तीन विधायकों त्राल विधायक रफीक नाइक, कुपवाडा विधायक मीर मोहम्मद फैयाज और पुलवामा विधायक वहीद उर रहमान पारा को सम्मानित किया गया। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता और सभी चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार शामिल हुए। पीडीपी प्रवक्ता ने बताया कि बैठक में जम्मू-कश्मीर के लोगों के विश्वास और आकांक्षाओं को दर्शाने वाली जीत हासिल करने में उनके अथक प्रयासों की सराहना की गयी। इस मौके पर मुफ्ती ने पार्टी विधायकों को उनके समर्पण के लिए बधाई दी तथा लोगों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों, विशेष रूप से अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने के मुद्दे को उठाने में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा, ये चुनाव केवल सीटें हासिल करने के लिए नहीं थे, बल्कि जम्मू-कश्मीर की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए थे। हमारे विधायकों ने अनुच्छेद 370 और 35 ए के एकतरफा निरस्तीकरण के बारे में लोगों की गहरी चिंताओं को आवाज़ उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्होंने पार्टी से अपने जमीनी स्तर के ढांचे के पुनर्निर्माण और प्रदेश के हर घर तक पहुँचने का भी आग्रह किया। पीडीपी प्रमुख ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शांति, विकास और सम्मान का पीडीपी का एजेंडा हर दरवाजे तक पहुंचे। हमारी ताकत हमारे कार्यकर्ता और लोगों से जुड़ने की उनकी क्षमता में निहित है। बैठक में वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जनसंपर्क प्रयासों को फिर से मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। इसके साथ ही पीडीपी के सिद्धांतों को कायम रखने तथा प्रदेश के लोगों के अधिकारों और आकांक्षाओं की वकालत जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## जावर ग्रुप ऑफ माइंस में 35वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह का आयोजन

**उदयपुर।** हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड के जावर ग्रुप ऑफ माइंस में भारतीय खान ब्यूरो अजमेर क्षेत्र के तत्वावधान में मनाये जा रहे 35वें खान पर्यावरण और खनिज संरक्षण सप्ताह का अयोजन किया गया। इस अवसर पर निरीक्षण दल के सदस्य मुख्य भूविज्ञानी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड नागेश राजपुरोहित, उपप्रबंधक अंबुजा सीमेंट दिनेश प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ अभियंता, इण्डिया सीमेंट देवेन्द्र सोलंकी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत मोचिया माइन में फ्लैग होस्टिंग और शपथ से की गई। निरीक्षण दल के सदस्यों द्वारा सभी खदान कर्मियों को पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया साथ ही जावर की सभी खदानों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सभी खदान प्रबंधक और तकनिकी प्रमुख शशि भूषण शुक्ला ने भी समस्त खदान श्रमिकों को पर्यावरण संरक्षण बारे में जागरूक किया और अपने विचार रखे।

## कटनी जिले में 9 हजार से अधिक राजस्व मामलों का हुआ निपटारा

**कटनी।** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में राजस्व महाअभियान के शुरूआती तीन दिनों में 9 हजार 213 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। अधीक्षक भू- अभिलेख डॉ राकेश कुमार ने बताया कि जिले में राजस्व महाअभियान के तहत निर्देशित विभिन्न वर्गो के प्रकरणों के निपटारे की सतत समीक्षा की वजह से अब तक नामांतरण के 90, बंटवारा और अभिलेख दुरूस्ती के दो-दो, न्यू आरसीएमएस के 24, सीमांकन के 6, सहित नक्शे में बटांकन के 456 मामलों का निराकरण हुआ है। इसी प्रकार आधार से खसरे में आर.ओ.आर लिंक के 402 मामले, फार्मर आई.डी के 7640 सहित ई-केवाईसी के 594 मामले निपटाए गए हैं। जिले में राजस्व महा-अभियान प्रथम चरण 15 जनवरी से 15 मार्च 2024 तक और द्वितीय चरण 18 जुलाई 2024 से 31 अगस्त 2024 तक चलाया गया था। अभियान के दौरान राजस्व प्रकरणों के निपटारे की प्रगति को देखते हुए राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए अब जिले में राजस्व महाअभियान 3.0 का आयोजन 15 दिसंबर तक किया जायेगा।

# इमरजेन्सी मामले को राजनीतिक तूल देना ठीक नहीं : विनीत जोशी

एजेंसी ➤ चंडीगढ
www.dailypioneer.com

अभिनेत्री, फिल्मकार और भारतीय जनता पार्टी सांसद कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'इमरजेन्सी' पर विवादों को लेकर पंजाब भाजपा नेता विनीत जोशी ने कहा कि इस मामले को राजनीतिक तूल देना ठीक नहीं है। यहाँ मीडिया से बातचीत में जोशी ने कहा कि कंगना एक राजनीतिक कार्यकर्ता और भाजपा की सांसद होने के साथ-साथ अभिनेत्री भी हैं। अगर उन्होंने इंदिरा गांधी पर फिल्म बनाई है तो यह उनका व्यवसाय है और इसे राजनीतिक तूल देने की जरूरत नहीं है। इमरजेन्सी शुरू से ही विवादों में रही है और इसकी रिलीज बार-बार लटकती रही है। फिल्म में सिखों को निशाना बनाये जाने की आशंका के कारण फिल्म का पंजाब में विरोध हो रहा है। फिल्म सेंसर में भी अटकी थी और मुंबई उच्च न्यायालय में निर्माताओं की तरफ से यह संकेत दिया गया था कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में संभावित नुकसान के कारण भाजपा फिल्म का प्रदर्शन टालना चाहती है। बाद में फिल्म को सेन्सर प्रमाणपत्र मिल गया और अब घोषणा की गई है कि फिल्म का प्रदर्शन अगले वर्ष 17 जनवरी को होगा।

## विक्रमादित्य 20 नवम्बर को शिमला के प्रवास पर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 20 नवम्बर को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि लोक सिंह 20 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे ग्राम पंचायत दुधाल्टी के बनूटी में महिला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे तथा टूटू ब्लॉक के महिला मंडलों को सम्मानित करेंगे। इसके पश्चात, वह आयुष विभाग द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करेंगे तथा जनता की शिकायतें सुनेंगे।

# हत्या में शामिल तीन अपराधी गिरफ्तार, कई हथियार बरामद

एजेंसी ➤ गया
www.dailypioneer.com

बिहार की गया जिला पुलिस ने हत्या के मामले में तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि 29 अक्टूबर को चंदौती थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव के समीप एक व्यक्ति को कई अपराधियों ने मिलकर गोली मार दी थी, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए पटना भेजा गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मामले में स्पेशल टीम का गठन किया गया जिसके बाद से पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी कर रही थी। भारती ने बताया कि इसी क्रम में सूचना मिली कि उक्त अपराधी डोभी-पटना सड़क मार्ग पर देखे गए है, इसके बाद पुलिस ने चंदौती थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान शुरू किया। इस दौरान एक कार पर सवार लोग पुलिस को देखकर भागने लगे, इसके बाद पुलिस ने पीछा करते हुए उस कर से तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार होने वालों में चतरा जिले के प्रतापपुर गांव निवासी मोहम्मद तालिब एवं सुधीर यादव शामिल है, जबकि तीसरा व्यक्ति गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला मो. मनोव्वुर है। इनके पास से पुलिस ने तीन देशी पिस्तौल, कुछ कारतूस, तीन मोबाइल सहित कई सामान बरामद किए हैं। गिरफ्तार सभी अपराधी उक्त हत्याकांड में शामिल थे।

# पंजाब की मंडियों में से धान की 98 प्रतिशत खरीद, 83 प्रतिशत हुई उठान : बरसट

एजेंसी ➤ मोहाली
www.dailypioneer.com



पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसट ने बताया कि राज्य की सभी मंडियों में अब तक 162.99 लाख टन धान की फसल की आमद हुई है, जिसमें से लगभग 98 प्रतिशत की खरीद हो चुकी है और मंडियों से लगभग 83 प्रतिशत धान की उठान भी हो चुकी है। बरसट ने मंडियों में धान की फसल के चल रहे खरीद कार्यों का जायजा लेने के बाद बताया कि राज्य की सभी मंडियों में धान की फसल की आमद, खरीद और उठान का कार्य तेजी से चल रहा है। मौजूदा धान खरीद सीजन के दौरान 185 लाख टन धान की फसल खरीदने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार और पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा मंडियों में खरीद कार्यों को अच्छे ढंग से चलाने के पुख्ता प्रबंध किये गये हैं और मंडियों में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी। किसानों को फसल का भुगतान भी सीधे उनके बैंक खातों में तुरंत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य की मंडियों में अब तक 162.99 लाख मीट्रिक टन धान की आमद हो चुकी है और 159.88 लाख टन की खरीद भी हो चुकी है, जिसमें से सरकारी एजेंसियों द्वारा 159.49 लाख टन धान की खरीद की गयी है। उन्होंने बताया कि अब तक मंडियों से 133.44 लाख टन धान की लिफ्टिंग भी हो चुकी है। बरसट ने बताया कि पनग्रेन द्वारा 65,58,577 टन, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा 1,41,554 टन, मार्कफेड द्वारा 40,73,787 टन, पनसप द्वारा 33,61,429 टन, वेयरहाउस द्वारा 18,14,086 टन और व्यापारियों द्वारा 38,708 टन धान की खरीद की गयी है। उन्होंने बताया कि अब तक लुधियाना में सबसे अधिक 15,13,808 टन धान की खरीद हुई है, जबकि दूसरे नंबर पर पटियाला में 11,95,969 टन और तीसरे नंबर पर संगरूर में 11,87,956 टन धान की खरीद हुई है। मंडियों में 1.72 लाख टन धान की फसल की आमद हुई, जबकि 2.13 लाख टन की खरीद हुई है और 5.12 लाख टन धान की उठान हुई।

## महिला छात्रावास में छात्रा ने की आत्महत्या

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के सदर थाना क्षेत्र में अवस्थित महिला आई टी आई कालेज के महिला छात्रावास में एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि छात्रा पुनीता कुमारी ने अपने रूम का दरवाजा नहीं खोला तो अन्य छात्राओं ने रूम दरवाजा पीटने लगे । जब दरवाजा नहीं खुला तो हास्टल प्रशासन ने इस कि सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने दरवाजा खोलने का प्रयास लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद पुलिस को दरवाजा तोड़ना पड़ा । सूत्रों ने बताया कि कमरे के अंदर पुनीता का शव रस्सी से लटकती हुई पाई गई जिसे उतार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया । प्रथम दृष्टया में यह मामला आत्महत्या का लग रहा है । मृतका की पहचान निर्मली थाने के बेला श्रृंगार गांव के रामएकबाल मेहता के बेटी के रूप में हुई है। मामले की जांच की जा रही है।



# भारत को मुक्त व्यापार समझौतों में समानता, संतुलन, निष्पक्षता की तलाश : गोयल

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करते समय समानता, संतुलन और निष्पक्ष व्यापार चाहता है। गोयल मुंबई में 27वें सीआईटीआईसी सीएलएसए इंडिया फ ोरम की एक बैठक में मुख्य वक्ता थे। गोयल ने जोर देकर कहा कि भारत ऐसे देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते करना चाहता है जिनकी नीतियां पारदर्शी और खुली हैं तथा वहां की सरकारी आर्थिक प्रणालियां भारत के साथ मेल खाती हैं। गौरतलब है कि भारत इस समय ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, पेरू और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए द्विपक्षीय वार्ताएं कर रहा है। आस्ट्रेलिया के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते की बातचीत भी प्रगति पर है। श्रीलंका के साथ भी आर्थिक एवं वाणिज्यिक सहयोग समझौते के विषय में कई दौर की वातायें हो चुकी हैं। आसियान और दक्षिण कोरिया के साथ पहले किये गये मुक्त व्यापार समझौतों की परस्पर समीक्षा भी की जा रही है। गोयल ने कहा कि पिछले एक दशक से नागरिकों को बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता रही है, जिससे भारतीयों को बड़ी उम्मीदें बरकरार रखने में मदद मिली है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया गया है कि भारत को लोकतंत्र, युवाआबादी, बड़े बाजारऔर निर्णायक नेतृत्व का पूरा लाभ मिले। उन्होंने बैठक में शामिल प्रतिभागियों से देश में व्यावसायिक गतिविधियों में निवेश जारी रखने का आग्रह करते हुये कहा कि 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ते हुये यहां अवसरों की विविधता भारत को दुनिया के लिए सबसे अच्छा निवेश स्थल बनाती है।

## बीएसएफ का प्रशिक्षण एम्स बिलासपुर में



**जालंधर।** प्रधानमंत्री के 'पंच प्रण' के अगले 25 वर्षों के दृष्टिकोण के अनुरूप, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पंजाब फ्रंटियर अपने चिकित्सा कर्मचारियों की स्वास्थ्य सेवा क्षमताओं को बढ़ाने के लिये महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है।

इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल 'बेसिक इमरजेंसी और ट्रॉमा केयर प्रशिक्षण कार्यक्रम' है, जो एम्स बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह तीन दिवसीय पाठ्यक्रम, जो 19 नवंबर 2024 से शुरू हो रहा है, बीएसएफके चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफको नवीनतम कौशल और तकनीकों से लैस करने के लिये डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य बीएसएफ की चिकित्सा टीमों की क्षमता को उन्नत करना है ताकि वे आपात स्थितियों और युद्ध जैसे कठिन परिस्थितियों में समय पर और प्रभावी स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर सकें।

# झारखंड सरकार के कुछ अधिकारी बन गए हैं झामुमो के कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी

वार्ता ➤ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए राज्य सरकार के अधिकारियों पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने आज कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि झारखंड सरकार के कुछ अधिकारी हेमंत सोरेन के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। ये भ्रष्ट अधिकारी किसी भी तरह से धनवार विधानसभा समेत अन्य महत्वपूर्ण विधानसभाओं में भाजपा के पक्ष में मतदान प्रतिशत को कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे विभिन्न प्रकार के हथकंडों को अपनाने की योजना बना रहे हैं, जैसे कि भाजपा समर्थक मतदाताओं को मतदान क्षेत्र में जाने से रोकना, भ्रम फैलाना, भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाना, बूथ पर मतदाताओं को प्रभावित करना, आदि। मरांडी ने कहा कि ऐसे अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने हरकतों से बाज आयें। भाजपा सरकार बनते ही उन्हें बिना किसी विलंब के दंडित किया जाएगा। साथ ही, चुनाव आयोग ,झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी से अनुरोध है कि वे ऐसे अधिकारियों की साजिश और प्रपंच को रोककर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में मदद करें।

# विधायक उसेंडी ने विभिन्न वार्डों में 252.03 लाख के निर्माण कार्यों का किया भूमि पूजन

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

बस्तर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व कोंडागांव विधायक लता उसेण्डी ने कोंडागांव नगर पालिका के अंतर्गत विभिन्न वार्डो के निवासियों के सुविधा के लिए 253.03 लाख रुपये के विकास मूलक निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। इस दौरान वार्ड वासियो को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार नगर वासियों के विकास के लिये प्रतिबद्ध है। जिसके तहत नगर वासियों के आश्यकता को ध्यान में रखते हूए नगर के विभिन्न वार्डो के घरों व बरसात के पानी निकासी के लिये आरसीसी नाली का निर्माण किया जा रहा हैं तो वंही जिन वार्डो पक्के सड़क का अभाव है वंहा वार्ड वासियों के आवागमन के सुलभ साधन उपलब्ध कराने के लिये नगर पालिका के विभिन्न वार्डो में सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। शहर में सुद्ध वातावरण के लिए



तालाबो में पार्कों का सौन्दरी करण कर अच्छे वातावरण निर्मित करने का प्रयास किया जा है, प्रदेश सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज सीधे आम जनता को मिलने लगी है। भाजपा सरकार ने जनहित के साथ वयक्तिगत मुलक केअनेक योजनाये प्रारंभ की गई हैं जिसका लाभ मिलने लगा है उन्होंने केंद्र सरकार व राज्य सरकार के योजनाओं के बारे बताते हुए आगे कहा कि, विकास कार्यो के साथ साथ शिक्षा, स्वास्थ्य व मूलभूत सुविधाऐं ग्राम के अंतिम छोर तक पहुँचाई जा रही है। शहर वासियों के विकास के लिये 253.03 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्य महात्मा गाँधी वार्ड में गांडा समाज भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण व गार्डन का सौन्दरीकरण, श्यामा प्रसाद मुकर्जी वार्ड में सीसी रोड व नाली निर्माण, डोंगरीपारा वार्ड में आरसीसी नाली, मरार पारा व जामकोट पारा वार्ड के आत्मानंद स्कूल के पास सामुदायिक भवन, बाजार पारा वार्ड में तालाब सौन्दर्य करण व आरसीसी नाली, बँधापारा व शहीद भगत सिंह एवं स्वामी विवेकानंद वार्ड में सीसी सड़क व आर सीसी तथा कोपाबेड़ा माध्यमिक शाला परिसर में व मरार समाज भवन में परिसर टाइल्स लगाने के



लिए भूमि पूजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, पार्षद सोनमणि पोयाम, अंकुश जैन, ललित देवांगन, सतीश सोनी, लक्ष्मी धुर्व, जितेंद्र सुराना, अश्वनी पांडे, संतोष पात्रे, दयाराम पटेल, प्रिंस ढिल्लन, विकास दुआ, बंटी नाग, मनीष देवांगन, शुभम संचेती,नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी सहित वार्ड वासी बड़ी संख्या में मौजूद रहें।

## ब्लॉक कांग्रेस किरन्दुल द्वारा मनाया गया पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती



पायनियर संवाददाता ∢ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

ब्लाक कांग्रेस कमेटी किरंदुल द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाया गया। इस दौरान इंदिरा गांधी की तैलचित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

साथ ही पदाधिकारियों ने उनके कार्यों एवं विचारों को याद किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजू रेड्डी, कांग्रेसी के ए पापचन, नगर पालिका उपाध्यक्ष बालसिंह कश्यप, पार्षद दिनेश प्रसाद, राजू कुंजाम एवं अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

# शादी करने का झांसा देकर किया पीड़िता का शारीरिक शोषण



पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

आरोपी गिरधारी लाल भारद्वाज पिता रामलाल भारद्वाज निवासी बड़ेबेंद्री थाना कोंडागांव के द्वारा पीडिता के साथ, मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 378/2024 धारा 376(2) (ढ) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोंडागांव वाय अक्षय कुमार के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोंडागांव के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी गिरधारी लाल भारद्वाज के संबंध में पता तलाश किया गया। आरोपी के मिलने पर आरोपी को अभीरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। जिसमें आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा जा रहा हैं।

# कब–बुलबुल टीम ने मनाई वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त का डॉक्टर सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार एवं पदेन जिला संरक्षण एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला आयुक्त स्काउट एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक व जिला संगठन आयुक्त भीषभ देव साहू के कुशल मार्गदर्शन और कब मास्टर पवन कुमार साहू एवं फ्लॉक लीडर दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में 19 नवंबर को शासकीय



प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी एवं शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पारा कोंडागांव के कब बुलबुल टीम के द्वारा वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मनाई गई।



## जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक आज से 24 नवंबर तक

**कोंडागांव।** जिला स्तरीय बस्तर ओलम्पिक का आयोजन 20 से 24 नवंबर तक किया जा रहा है, जिसका शुभारंभ विकासनगर स्टेडियम कोंडागांव में सुबह 11 बजे होगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी ही शामिल होंगे। जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रस्साकशी, एथलेटिक्स, विकास नगर स्टेडियम कोंडागांव में, करते टाउन हॉल कोंडागांव में, खो-खो एन.सी. ग्राउण्ड कोंडागांव में, व्हालीवॉल एवं कबड्डी खेल परिसर बड़कनेरा रोड कोंडागांव में और बैडमिंटन विकास नगर इण्डोर स्टेडियम तीरंदाजी खेलो इण्डिया सेंटर कोंडागांव में सम्पन्न होंगी। साथ ही 24 नवंबर को फुटबाल विकासनगर स्टेडियम में, वेटलिफ्टिंग टाउन हॉल में और हॉकी, आदर्श विद्यालय फरसगांव में आयोजित किया जाएगा। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम 2000/- द्वितीय 1500/- एवं तृतीय 1000/- की राशि एवं दलीय खेल में प्रथम 4000/- द्वितीय 3000/- तृतीय 2000/- राशि पुरस्कार स्वरूप दिया जाएगा इसके साथ ही मेरिट प्रमाण पत्र ट्राफी एवं समस्त खिलाड़ियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा।

# बस्तर ओलंपिक 2024 अंतर्गत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 22 से 24 नवम्बर तक

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जनजातीय बाहुल्य और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में खेल के माध्यम से विकास और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सुदूर गांवों से आए युवा अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आयोजन को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने इस पहल को जनजातीय संस्कृति और पारंपरिक खेलों के संरक्षण के साथ ही युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा परंपरागत खेलों को बढ़ावा देवे के उद्देश्य तथा बस्तर संभाग के जनजातीय बहुल्य एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्र के खेलों में अपार नैसर्गिक क्षमताओं के विकास के साथ-साथ इस क्षेत्र में शासन एवं जनता के मध्यम मजबूत संबंध स्थापित कर यहॉ के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को पहचनाकर खिलाड़ी के रूप में तैयार करने हेतु बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन में 22 से 24 नवंबर, 2024 तक जिला मुख्यालय नारायणपुर के परेड ग्राउण्ड, क्रीड़ा परिसर मैदान में आयोजित की जाएगी। खेल प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 17 आयुवर्ग बालक, बालिका एवं 17 वर्ष अधिक (आयुबंधन नहीं) आयुवर्ग महिला, पुरूष के खेल प्रतियोगिता का आयोजन पृथक-पृथक न किया जाकर एक साथ आयोजित की जाएगी। बस्तर ओलंपिक आयोजन के अंतर्गत एथलेटिक्स (100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, गोला फेक, तवा फेक, भाला फेक, लंबीकूद, उंचीकूद, 400 मी. रिले रेस), तीरंदाजी (एकल एवं दलीय प्रतियोगिता), बैडमिंटन (सिन्गल, डबल), फुटबॉल, कराटे (विभिन्न किलो. वर्ग), कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, रस्साकसी (महिला सीनियर वर्ग), हॉकी (सीधे जिला स्तर), वेटलिफ्टिंग (विभिन्न किलो. वर्ग सीधे जिला स्तर पर) की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। विकासखण्ड स्तर के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों, टीमों को ही जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर प्राप्त होगा। संभाग स्तरीय बस्तर ओलंपिक में सहभागिता हेतु सिर्फ जिला स्तरीय विजेता खिलाड़ी, टीम ही पात्र होंगे। जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विकासखण्ड पर आयोजित खेल विधाओं के अतिरिक्त हॉकी एवं वेटलिफ्टिंग के लिए पंजीकृत खिलाड़ी किलोग्राम वर्गवार अपना कौशल का प्रदर्शन कर सकते है। जिला जिला स्तरीय बस्तर ओलंपिक आयोजन हेतु मुख्य आयोजन स्थल क्रीड़ा परिसर, परेड ग्राउंड, नारायणपुर को निर्धारित किया गया है जहॉ एथलेटिक्स, खो-खो, व्हालीबॉल, फुटबाल, कबड्डी, रस्साकसी, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी की प्रतियोगिता आयोजित होगी। ऑफिसर्स क्लब, नारायणपुर में बैडमिंटन, विश्वदीप्ती स्कूल, नारायणपुर में कराटे की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## शक्ति केंद्र संबलपुर पोलिंग बूथ क्रमांक 78 में स्थानीय समिति का गठन



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर शक्ति केंद्र संबलपुर पोलिंग बूथ क्रमांक 78 में स्थानीय समिति का गठन किया गया। बूथ अध्यक्ष बने रोशन फाफामरिया बूथ सचिव अरविंद जी बी एल ए 2 प्रेम सिंह गवार महिला प्रमुख पुष्पा पिस्दा युवा प्रमुख हेमचंद कोठारी दामिन भोयर स्वच्छता प्रमुख नारायणी की वोटर प्रमुख निरीता कोठारी मोटरसाइकिल प्रमुख रमेश ठाकुर 6 कार्यक्रम प्रमुख देवल सिंह ठाकुर सामाजिक प्रमुख उदित नारायण दीपकमल प्रमुख डोमन साहू लाभार्थी प्रमुख चंद्रिका ठाकुर पन्ना प्रमुख मदनलाल भोयर बूथ कार्यकारिणी सदस्य दुखिया इंद्रावती कोठारी खिलौन भोयर लक्ष्मी भोयर मालती नवीन पिस्दा विमला संत राम डाकेश्वर तेजेंद्र इस बैठक में संगठन पर्व सहयोगी मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन संगठन पर्व सह सहयोगी एनजीओ प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक संतोष बाजपेई ग्राम पंचायत संबलपुर सरपंच अनीता मंडल मंत्री अनीश मिश्रा और अन्य कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में स्थानीय समिति का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

## भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर शहर के मतदान केंद्र 80 एवं मतदान केंद्र 81 का गठन



**भानुप्रतापपुर।** भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर के अंतर्गत भानुप्रतापपुर शहर के मतदान केंद्र 80 एवं मतदान केंद्र 81 का गठन किया गया। मतदान केंद्र 80 के बूथ अध्यक्ष सर्व सम्मति से हरि यादव को चुना गया एवं मतदान केंद्र 81 में बूथ अध्यक्ष लखन साहू को चुना गया और बाकी सभी पदों पर भी सर्व सम्मत से चयन किया गया। इस अवसर में संगठन सहयोगी छत्रप्रताप दुग्गा, युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष निखिल राठौर,अभय पांडेय, शक्ति केंद्र अध्यक्ष कमलेश गावड़े, भीखम आरदे, पार्षद राजिंदर रंधावा, कुंदन साहू, ललित गांधी, शकुंतला यादव, सुलोचना जैन, सीता चंद्राकर, भीम देवांगन, उर्मिला जसूजा, घसिया साहू, गणेश पटेल, विजय पंजवानी, वामन डड़सेना, नवीन साहू, विनोद ठाकुर, कलीम कुरैशी, मणि यादव, शैलेन्द्र नाग प्रेम सांगरे, गीता ठाकुर, भुवन भुआर्य, सुखबति नरेटी, चन्द्र शेखर महिलांगे राकेश देवांगन, अमन तिवारी, ओम प्रकाश यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए मतपत्र मुद्रण हेतु आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला सुकमा में वर्ष 2024-25 में होने वाले नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 29 नवंबर 2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएंगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# अधिकार मित्रों का हुआ एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव की अध्यक्षता में जिला कोण्डागांव, नारायणपुर के समस्त थाना में पदस्थ, समस्त लीगल एड क्लीनिक एवं प्रबंध कार्यालय में कार्यरत अधिकार मित्र, पैरालीगल वालिंटियर्स का एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव ने समस्त अधिकार मित्र को छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम 2005 के संबंध में जानकारी दिया गया की यह एक विशेष कानून है जो महिलाओं को टोनही कहकर प्रताडित करने, अपमानित करने या उनके खिलाफ हिंसा करने के मामलों को रोकने के लिए बनाया गया है। यह अधिनियम महिलाओं के खिलाफ अंधविश्वास और हिंसा से लड़ने में एक महत्वपूर्ण कदम है। यक कानून न केवल महिलाओं को न्याय दिलाने में सहायक है,



बल्कि समाज में अंधविश्वासों को खत्म करने के लिए भी एक प्रभावी साधन है, साथ ही गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के द्वारा समस्त अधिकार मित्रों को अधिक से अधिक विधिक साक्षरता शिविर आयोजन कर नालसा एवं सालसा के योजनाओं का प्रचार प्रसार करने व 14 नवंबर को आयोजित नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक शिविर के माध्यम से प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में सुरेन्द्र भटट्, चन्द्र प्रकाश कश्यप एवं मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता के द्वारा नालसा (आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएँ) योजना, 2015 के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य आदिवासी समुदायों के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की सुरक्षा और प्रवर्तन सुनिश्चित करना है। इस योजना को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने 2015 में लागू किया।

## धान खरीदी के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**दंतेवाड़ा।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान किसानों को धान विक्रय करने में किसी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत होने पर संपर्क करने हेतु जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नम्बर 07856-252412 है। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष में किसानों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को दर्ज कराने, उन्हें उचित सलाह देने तथा संबंधित विभाग को अवगत कराने हेतु धान खरीदी की अवधि समाप्त होने तक के लिए डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में छाया रहा बस्तर ओलम्पिक का जादू

पायनियर संवाददाता ∢ सुकमा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में बस्तर ओलंपिक का जिले में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन ने न केवल खेल और संस्कृति को बढ़ावा दिया, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक उत्साह और सहभागिता का अद्भुत उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

### युवावर्ग, ग्रामीणों सहित महिलाओं ने दिखाया उत्साह

बस्तर ओलंपिक में युवा वर्ग, ग्रामीणों के साथ-साथ महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से माओवाद प्रभावित और अति संवेदनशील क्षेत्रों में भी इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। विकासखंड कोंटा के अंतर्गत कांकेरलंका और किस्टारम जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। इस आयोजन में महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई और खेल के साथ-साथ सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### ग्रामीण खेलों को मिला नया मंच

बस्तर ओलंपिक में परंपरागत खेलों तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी और रस्साकशी जैसे खेलों का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर संभाग में न केवल खेल कौशल को निखारने का एक मंच बना, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने के साथ ही मुख्य धारा से जोड़ने का भी अवसर देना था। प्रतिभागियों ने इस आयोजन को अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति गर्व के रूप में देखा।

### समाज के लिए प्रेरणादायक आयोजन

बस्तर ओलंपिक ने ग्रामीणों और महिलाओं के जीवन में उत्साह और बदलाव का नया अध्याय जोड़ा है। यह आयोजन न केवल जिले की छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने का मंच बना, बल्कि सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के उद्देश्यों को भी पूरा किया। विकासखंड स्तरीय आयोजन के अंत में सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम ने खेल और सांस्कृतिक आयोजन के महत्व को बढ़ावा देते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक नया आयाम जोड़ा।

### माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी उत्साह

कार्यक्रम का सबसे खास पहलू यह रहा कि इसे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। ग्रामीणों और महिलाओं की भागीदारी ने यह साबित कर दिया कि सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलने पर ये क्षेत्र भी प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं।

### प्रशासन का योगदान

इस आयोजन के सफल संचालन में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के प्रयासों ने इस आयोजन को एक सफलता स्वरूप दिया। उन्होंने खेलों को सामाजिक एकजुटता और सामुदायिक विकास का माध्यम बनाने पर जोर दिया।

# कोंडागांव में शांति भंग करने वाले 4 आरोपियों को जेल भेजा



**कोंडागांव।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ कि, शहर के असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्रवाई करें, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र देव पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रुपेश कुमार के मार्गदर्शन में थाना कोंडागांव पुलिस के द्वारा लगातार असामाजिक तत्वों की विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी दौरान अलग अलग क्षेत्रों से शिकायत प्राप्त होने पर की कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा क्षेत्र की शांति भंग की जा रही है, संदेश मांडवी निवासी कोंडागांव, धर्मेंद्र ध्रुव कोंडागांव, गजेंद्र बघेल कोंडागांव, किशोर भोयर निवासी बड़े बेंद्री थाना कोंडागांव के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समझ पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल दाखिल किया गया हैं।

## राज्य स्तरीय सीनियर, बैडमिंटन चैम्पियनशिप आयोजन के संबंध में निविदा आमंत्रित

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय कलेक्टर (खेल एवं युवा कल्याण) से प्राप्त जानकारी अनुसार 02 दिसम्बर से 06 दिसम्बर 2024 तक इंडोर स्टेडियम, जिला अस्पताल रोड दंतेवाड़ा (छ.ग.) में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर (महिला, पुरुष) बैडमिंटन चौम्पियनशिप हेतु चाय-नाश्ता, भोजन, टेट व्यवस्था एवं आवास व्यवस्था हेतु टेंट हाउस, कैटरिंग, कैटिन एवं होटल संचालन (लॉजिंग बोर्डिंग) हेतु अधिकृत व्यवसायी एवं पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

## निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक 21 नवम्बर को

**कांकेर।** लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में 21 नवम्बर 2024 दिन गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में केंद्रीय, राज्य एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा संचालित योजनाओं की विभागीय प्रगति तथा उसके पर्यवेक्षण संबंधी कार्यवाही पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।

# कलेक्टर ने अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रदेश सहित जिले में भी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत बीते 14 नवम्बर से जिले के 100 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। नोडल अधिकारी धान खरीदी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेवें और धान खरीदी केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध हो इस बात का ध्यान रखे। साथ ही बारदानों की पर्याप्त व्यवस्था करते हुए मिलर्स से प्राप्त बारदानों की एंट्री करें। लिमिट से कम टोकन कटने पर आसपास के गांव में मुनादी कराकर अधिक से अधिक किसानां के टोकन कटवायें। उक्त निर्देश कलेक्टर नम्रता गांधी ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि सभी बारदाने पर मार्का लगाएं, बिना मार्का के बारदानां में धान भरे जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने ऐसे राईस मिलर्स, जिन्होंने चावल जमा नहीं किया, उनकी जानकारी बैठक में ली और संबंधित अधिकारियों को उक्त राईस मिलर्स से चावल जमा कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर गांधी ने कहा कि नगरीय क्षेत्र एवं इसके आसपास अवैध प्लाटिंग की जा रही है, जिसे राजस्व विभाग के अधिकारी रोक लगायें और इस पर सख्त कार्यवाही करें। इसके साथ ही उन्होंने नगर निगम आयुक्त और अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया कि वे शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का निरीक्षण करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, रामकुमार कृपाल, नगरनिगम आयुक्त प्रिया गोयल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी कलेक्टर ने ली। उन्होंने कहा कि लक्ष्य अनुरूप आवेदन प्राप्त कर, उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने साफ तौर पर कहा कि कोई मतदाता छूटे नहीं, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी तरह की समस्या आती है तो, उसकी जानकारी दें। जाति प्रमाण पत्रों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पालकों से फॉर्म भरवाने कहा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को फॉर्म भरने के लिए बाध्य नहीं किया जाए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण की जानकारी ली और कहा कि जिले में जितने भी नए आंगनबाड़ी भवन बनाए जा रहे हैं, वे सभी आंगनबाड़ी पीपरहीभर्री मॉडल पर बनाएं। कलेक्टर ने फसल चक्र परिवर्तन के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को रबी के सीजन में धान की फसल लेने की मनाही नहीं है, बल्कि जल एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से दलहन.तिलहन एवं नकदी फसल लेना अधिक लाभदारी है। इसलिए धान की फसल को हतोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर ने पुराने वाहनों की नीलामी के लिए की जा रही प्रक्रिया को दिसम्बर माह के प्रथम सप्ताह तक अनिवार्य रूप से पूरा कर लेने के निर्देश दिए।

# ग्राम मुजगहन के सभी 4 बूथों में सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी इन दिनों संगठन महापर्व मना रही है। संपूर्ण सदस्यता अभियान अब समाप्ति की ओर है। पार्टी ने सदस्यता हेतु जो लक्ष्य निर्धारित किया था वो लक्ष्य हासिल करने के बाद उसे और विस्तार दिया गया है। सदस्यता पूर्ण होने के साथ ही बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसी कड़ी में धमतरी जिले के धमतरी विधानसभा अंतर्गत आमदी मंडल के रत्नाबांधा शक्ति केंद्र के ग्राम मुजगहन के बूथ क्रमांक 99, 100, 101 एवं 102 में बूथ अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया विधिवत संपन्न कराई गई। निर्वाचन प्रभारी कविंद्र जैन ने ग्राम मुजगहन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं बूथों के प्राथमिक सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न कराया। बूथ क्रमांक 99 के अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावक संतोष साहू ने ईश्वरलाल सेन का नाम प्रस्तावित किया। उपस्थित सदस्यों ने समर्थन किया। इस प्रकार ईश्वर लाल सेन अध्यक्ष चुने गए। इसी प्रकार बूथ क्रमांक 100 में बूथ अध्यक्ष हेतु मुरारी सिन्हा सर्व सम्मति से चुने गए जिसके प्रस्तावक लखन सिन्हा बने। बूथ क्रमांक 101 से भूमेश कुमार साहू सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा इनके नाम का प्रस्ताव देवेश साहू ने रखा। बूथ क्रमांक 102 से विनोद कुमार साहू सर्व सम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित हुए इनके नाम का प्रस्ताव रूपचंद साहू ने रखा। इसी प्रकार प्रत्येक बूथ से बीएलए 2 के नाम भी तय किए गए। सभी बूथों में 100 से अधिक प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं तथा बूथ की 25 सदस्यीय समिति का गठन भी अतिशीघ्र कर लिया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य धनेश्वरी साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी राजकुमार तिवारी, खिलेश्वर साहू, अघनु साहू, डेरहाराम यादव, रामायण साहू, कुलेश्वर साहू, दुष्यंत साहू, कुंती साहू, गोपी साहू, नारायण सेन, चंचल सेन, ज्ञानिक राम साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विजय शक्ति महिला उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मनाया दीपावली मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विजय शक्ति महिला उत्थान समिति के कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी के बच्चों के साथ मनाया दीपावली मिलन समारोह बलौदा बाजार विजय शक्ति महिला उत्थान समिति एनजीओ द्वारा लगभग 8 वर्षों से बच्चों के बीच दीपावली मिलन समारोह का कार्यक्रम करते रहे हैं इस वर्ष भी वार्ड क्रमांक 19 के आंगनबाड़ी केंद्र में केंद्र के बच्चों व वार्ड के बच्चों के साथ एनजीओ के कार्यकर्ताओं ने दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न किया इस कार्यक्रम में बच्चों को मिठाइयां व फुलझड़ियां देकर दीपावली मनाई गई तथा रंगोली प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम भी बच्चों ने प्रस्तुत किया इस अवसर पर एनजीओ की अध्यक्ष नीलम सोनी ने बताया कि तकरीबन 8 वर्षों से नगर के विभिन्न वार्डों में जाकर बच्चों के साथ दीपावली का कार्यक्रम हमारी संस्था द्वारा मनाया जाता है इस दौरान सभी बच्चों को मिठाईयां पटाखे और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे रंगोली नृत्य व कविता प्रतियोगिता कराकर संस्था द्वारा बच्चों को सम्मानित व उनका मनोबल बढ़ाने का काम संस्था द्वारा किया जाता है उन्होंने बताया कि बच्चों के बीच जाकर हम सभी को अपार खुशियों की अनुभूति होती है एनजीओ द्वारा समाज हित में हमेशा अच्छे काम हमेशा किए जाते रहे हैं इस कार्यक्रम में एनजीओ की जिला अध्यक्ष नीलम सोनी सहसचिव मोनिका श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष विजय पटेल लीगल एडवाइजर सोनम केसरवानी संयोजक राजेश्वरी बघेल सदस्य संगीता कसर आरती सराफ रानी मिश्रा सरोज वर्मा सरिता यादव सीमा यादव गीता गुड्डी यादव धनेश्वरी तिवारी खामोश्री वर्मा सहित बड़ी संख्या में वार्ड की महिला एवं बड़ी संख्या में बच्चे इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

# शहर कांग्रेस ने मनाया इंदिरा गांधी की जयंती




पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के तत्वाधान में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गयी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी का जन्मदिन 19 नवंबर 1917 में हुआ था। भारतीय राजनीति के इतिहास में इंदिरा गांधी की भूमिका कभी भुलाई नहीं जा सकती है। तेज तर्रार और हर फैसलों को सोच विचार करके तुरंत निर्णय लेने की क्षमता रखने वाली इंदिरा गांधी को आयरन लेडी कहा जाता था। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसियों ने एक स्वर में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बताये मार्गो पर चलने का संकल्प लिया और कहा कि उनके बताये मार्गो पर चलकर हम सभी को उनके सपनों को पूरा करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकडिया, जिला महामंत्री आलोक जाधव, जिला पंचायत सभापति कविता बाबर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा, सेवादल जिला अध्यक्ष होरीलाल साहू, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजा देवांगन, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर, वरिष्ठ नेता अरविंद दोषी, डॉ विजय प्रकाश जैन, योगेश बाबर, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, पार्षद दीपक सोनकर, राजेश पांडये, ममता शर्मा, नीलू पवार, अवैश हासमी, कमलेश सोनकर, लुकेश्वरी साहू, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, आशुतोष खरे, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव उदित नारायण साहू, सूरज पासवान, पवन यादव, मिथलेश साहू, संजू साहू, शेख सोहेल, रजत सोनकर, गनेश्वरी कामड़े, दीपक साहू, विशु देवांगन, जितेंद्र चंदेल, अरविन्द साहू, लक्की साहू, रुद्रा साहू, भास्कर सिन्हा, बिट्टू सिन्हा, धर्मेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धान खरीदी में लापरवाही नहीं की जाएगी बर्दाश्त किसानों को न हो तकलीफ रखें विशेष ख्याल : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय काम काज की समीक्षा किए। जिसमें उन्होनें केंद्रीय सहित राज्य के महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। विशेष रूप से कलेक्टर ने धान खरीदी कार्य की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने दो टूक कहा कि धान खरीदी कार्य में जरा भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही होने पर जिम्मेदार अधिकारी हो या कर्मचारी सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। धान बेचने आएं किसी भी किसान को उपार्जन केंद्रों में तकलीफ नहीं होना चाहिए.किसानों की सुविधाओं का विशेष ख्याल समिति प्रबंधक रखें.सभी के लिए पेयजल, बैठक व्यवस्था सहित बारदाने की उपलब्धता जैसे मूलभूत सुविधाओं की समूचित व्यवस्था प्रत्येक उपार्जन केंद्र में होना चाहिए। धान खरीदी के साथ ही उठाव में भी निरंतरता बनी रहनी चाहिए.निर्धारित समय के साथ ही डीओ जारी हो जाना चाहिए। किसी भी केंद्र में धान जाम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। इसके साथ ही पलारी के छेरकापुर धान खरीदी में इलेक्ट्रॉनिक तराजू के जगह मैनुअल काटा बाट उपयोग करने के मामले में कलेक्टर श्री सोनी ने संज्ञान लेते हुए सहकारिता एवं बैंक नोडल अधिकारी को तलब करते हुए रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है। साथ ही धान खरीदी में बेहतर कार्य के लिए खाद्य, सहकारिता, बैंक नोडल एवं नान के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश बैठक में दिए है।

# दल द्वारा किया गया 518 क्विंटल अवैध धान जब्त



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में राजस्व, खाद्य विभाग एवं कृषि उपज मंडल के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में 15 नवम्बर को ब्लॉक स्तरीय उड़नदस्ता दल नगरी द्वारा रोशन ट्रेडर्स बोराई, दीपके ट्रेडर्स बोराई, आयुष्मान ट्रेडिंग कम्पनी धमतरी, भंसाली ट्रेडर्स तथा बाबूलाल चम्पालाल जैन बोराई के प्रतिष्ठान में आकस्मिक जांच की गई। इस दौरान रोशन ट्रेडर्स बोराई में 160 क्विंटल, दीपक ट्रेडर्स बोराई में 108 क्विंटल, आयुष्मान ट्रेडिंग कंपनी धमतरी में 75 क्विंटल, भंसाली ट्रेडर्स में 115 क्विंटल तथा बाबूलाल चम्पालाल जैन ग्राम बोराई के दुकान में 60 क्विंटल अवैध धान का भण्डारण पाये जाने पर उक्त चारों फर्म संचालकों के विरूद्ध मंडी अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज कर कुल 518 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार अवैध धान के भण्डारण, परिवहन पर कार्यवाही की जाएगी।

# छ.ग. शासन ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के हितग्राही सर्वेक्षण (रैपिड एसेसमेंट सर्वे) कार्य का शुभारंभ नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री के द्वारा जिला मुख्यालय मुंगेली में किया जा रहा है। सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक ही स्थान से किये जा रहे कार्य का शुभारंभ सर्वेक्षण कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नगरीय निकाय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में स्थानीय सर्वसमाज मांगलिक भवन में आयोजित आदिवासी समाज शौर्य दिवस के अवसर पर उपस्थित रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी की उपस्थिति में नगर पालिका द्वारा लगाये गये शिविर में सर्वेक्षण कार्य का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा प्रधानमंत्री आवास के संबंध में नगर पालिका द्वारा लगाये गये सर्वेक्षण शिविर की जानकारी देते हुए हितग्राहियो को अधिक से अधिक लाभान्वित किये जाने एवं आवास योजना में ऑनलाईन आवेदन किये जाने की जानकारी दी गयी। शिविर निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सनम जांगड़े, विजय केशरवानी, आलोक अग्रवाल, पार्षद रोहित साहू, अमितेष नेताम, राहुल सोनी, कृष्णा अवस्थी, टेसूलाल धुरंघर, अशोक जैन सहित नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, उपअभियंता विनोद यादव, योजना प्रभारी मुकेश लहरे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# सेक्टर जमदरहा के अन्तर्गत आने वाली विद्यालयों में हुआ परख टेस्ट

पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com



परख-राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत सेक्टर जमदरहा के विभिन्न स्कूलों में तैयारियों के निरीक्षण को लेकर आज नोडल अधिकारी उग्रसेन पटेल प्राचार्य एवं सेक्टर प्रभारी डिजेन्द्र कुर्रे समन्वयक ने विभिन्न स्कूलों का दौरा किया । उन्होंने संकुल चनाट, बिरनडबरी, जमदरहा, चिपरीकोना, खोकसा के शासकीय, अशासकीय विद्यालयों में बच्चों के साथ संवाद कर उनसे भाषा, गणित तथा विज्ञान संकाय से संबंधित अर्जित ज्ञान को जाँचा। उन्होंने शिक्षकों से स्कूल के जीरो पीरियड के दौरान गतिविधियों को बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विशेष माइग्रेटरी कम्युनिटी से संबंधित विद्यार्थियों की स्कूल में लगातार उपस्थिति सुनिश्चित बनाने को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने को कहा । सेक्टर प्रभारी डिजेन्द्र कुर्रे ने बताया कि दिसंबर माह के पहले सप्ताह से परख-राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत मूल्यांकन का कार्य शुरू होगा । उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण के बेहतर परिणाम आने से शिक्षा के लिहाज से बसना की रैंकिंग बढ़ेगी । उन्होंने बताया कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की मुख्य परीक्षा की तैयारी में तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के मॉक टेस्ट लिए जा रहे हैं। इसमें विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सर्वेक्षण मूल्यांकन के अनुरूप एक प्रश्न पत्र प्रदान किया जाता है । इसके परिणाम को शिक्षकों के साथ साझा किया जाता है ताकि मॉक टेस्ट के परिणामस्वरूप पाई गई कमियों को सुधरा जा सके। परख टेस्ट में अवलोकनकर्ता के रूप में तिरिथ राम पटेल समन्वयक खोकसा, रोहित पटेल समन्वयक चनाट, महेश नायक समन्वयक बिरनडबरी,अमृत चौहान समन्वयक चिपरीकोना, प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, किशोर ओगरे, पंचानंद ठाकुर, टिकेश्वर पटेल का मुख्य योगदान रहा।मॉक टेस्ट को सफ्लता रूप से सम्पादन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे.आर.डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर,विनोद शुक्ला, विकासखंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा ने बधाई प्रेषित किया।

# संकुल केंद्र दूटीकोना में संकुल स्तरीय नवोदय कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता भंवरपुर
www.dailypioneer.com

विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया एवं डॉ पूर्णानंद मिश्रा (बी आर सी सी) के नवाचारी गतिविधि आदेशानुसार संकुल केंद्र दूटीकोना में संकुल स्तरीय जवाहर नवोदय कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ प्राथमिक शाला-करनापाली में संकुल प्राचार्य श्याम कुमार भोई, संकुल समन्वयक इंदल कुमार पटेल एवं संकुल के समस्त प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक डॉ गिरधारी साहू (प्रधान पाठक), डॉ वीरेंद्र कुमार कर, सालिक राम टंडन, दूधनाथ साहू, मोहन बरेठ,रेशम पटेल, लोकनाथ पटेल, रमशिला साहू आदि शिक्षकों की उपस्थिति में पूरे विधि-विधान से मां भारती मां सरस्वती की तैल चित्र के पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात् संकुल से आये सभी बच्चों को एल ई डी टी वी के माध्यम से नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारियां शुरू करते हुए डॉ वीरेंद्र कुमार कर एवं डॉ गिरधारी साहू ने बताया कि नियमित अभ्यास बहुत ही आवश्यक है। संकुल प्राचार्य श्याम कुमार भोई एवं संकुल समन्वयक इंदल कुमार पटेल ने भी संबोधित करते हुए इसी बात पर जोर देते हुए सभी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने की अपील करते हुए सभी को एक-एक कापी, पेन,ओ एम आर सीट प्रदान किया एवं बधाई शुभकामनाएं दी।साथ ही विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जे आर डहरिया एवं बी आर सी सी डॉ पूर्णानंद मिश्रा ने भी बधाई शुभकामनाएं दी। उक्त पहल को देखते हुए संकुल के सभी पालकों ने बहुत ही हर्ष व्यक्त किया। यह जानकारी संकुल के मिडिया प्रभारी डॉ गिरधारी साहू ने दी।

## बड़ौदा आरसेटी में दिया जाएगा मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन और वेजिटेबल नर्सरी मैनेजमेंट एण्ड कल्टीवेशन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 साल तक की आयु के इच्छुकों से आगामी 25 नवम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। निदेशकए बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय सुविधा से युक्त इस प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण बेरोजगार युवक, युवतियां आवेदन कर सकते हैं। राशनकार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मनरेगा जॉबकार्ड की फोटोकॉपी तथा 4 पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार विकास संस्थान में जमा किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नंबर 73899.43193, 88394.68509 और 97559.17024 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# विश्व शौचालय दिवस का आयोजन 10 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



होंगे विविध कार्यक्रमों का आयोजन

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक ''हमारा शौचालय-हमारा सम्मान' अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कलेक्टर दीपक सोनी ने पांचों जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अभियान के सफ्ल आयोजन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक-जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम जारी की गई है। कार्यक्रम के बारे में जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने बताया की 19 नवंबर को समस्त ग्राम पंचायत में विश्व शौचालय दिवस का अभियान का प्रारंभ होगा, 20 को स्कूल में हाथ घुलाई दिवस का आयोजन। सामुदायिक शौचालय की साफसफाई एवं पोताई,पेंटिग प्रतियोगिता शिक्षा विभाग द्वारा, 21 नवंबर को आंगनबाड़ी में आंगनबाड़ी सजाओ प्रतियोगिता शौचालय की साफ सफ ई महिला एवं बाल विकास विभाग, 22 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा, 23 नवंबर से 25 नवंबर तक ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय का आयोजन, 26 से 28 नवंबर तक ब्लाक, जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता आयोजन, 2 दिसंबर को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु हितग्राहीयों को स्वीकृति पत्र का वित्तरण, 5 दिसंबर विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परिक्षण जिसमे विशेषकर ई कोलाई बैक्टीरिया की उपस्थिति का निरीक्षण, पीएचई विभाग द्वारा,6 दिसंबर स्वच्छत्ताग्राही, सफाई मित्रो को जनकल्याणीकारी योजनाओं से जोडने हेतु डिगनीटी कैम्प का आयोजन, 7 दिसंबर ओ.डी.एफके स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तरीय प्रतिनिधियों, कर्मचारियों को सम्मानित करना,9 दिसंबर जिला, ब्लाक ग्राम पंचायत स्तर पर शौचालय के उपयोग हेतु अभियान का आयोजन करना एवं 10 दिसंबर को बेस्ट व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय, स्वच्छताग्राही को अवार्ड वितरण तथा अभियान के प्रभाव पर रिपोर्ट तैयार कर जाएगी।

# यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की कोर कमेटी एवं सदस्यों के परिचयात्मक बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की कोर कमेटी एवं सदस्यों को परिचयात्मक बैठक रामनगर स्थित एक सभागार में अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इसमें समिति के पांच बिन्दुओं के अलावा सभी सदस्यों ने अपने अपने सुझाव रखें। इस दौरान अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने सभी से मिले हुए अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करने कहा। उन्होंने समाज के उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि समिति खेल एवं शिक्षा पर अधिक फोकस करेगी। अब जल्द ही समिति का बैंक एकाउंट एवं क्यूआर कोड शुरू होने जा रहा है। समिति कर रही है वह सेवा का कार्य है जिसमें सबकी सहभागिता जरूरी है। उन्होंने बताया कि विवाह योग्य युवक युवतियों के रजिस्ट्रेशन फार्म सभी गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटियों के कार्यालयों में उपलब्ध है जो भी जरूरतमंद है वे वहां से फार्म लेकर उसे भरकर जमा करें। उसके बाद कोर कमेटी उसके विषय में निर्णय करेगी और बैशाखों पर्व के मे विवाह तिथि को घोषणा करके दस से लेकर 50 जोडों का विवाह समिति करायेगी। विवाह में उन्हें क्या सामानों देना है, कोर कमेटी इस संबंध में अपना निर्णय लेगी। वहीं लंगर का पूरा खर्चा समिति करेगी और नवविवाहिता को समिति अपनी और से सिलाई मशीन भी देगी। इसके अलावा खेल में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय के साथ ही जिला स्तरीय खेलों में अच्छी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है, को प्रतिभावान तो हैं लेकिन आर्थिक अभाव के कारण यह खेल में आगे नहीं बढ़ पा रहे है। उन्हें चिन्हांकित करके उनकी मदद करके उन्हें आगे बढ़ाना है। उनको, टेकसूट व जो भी खेल सामग्री है समिति उनको उपलब्ध करायेगी। इसी तरह समाज के ऐसे लोग जो आर्थिक रूप से कमजोर है, उनके शिक्षा का खर्च भी समिति वहन करेगी उनको कपड़े कॉपी पुस्तकों से लेकर सभी प्रकार की सामग्री समिति प्रदान करेगी। उच्च शिक्षा के लिए जिसमें आईएएस, आईपीएस, इंजीनियरिंग जैसे बड़े कोर्स के लिए भी समिति पहल कर जरूरत मंद छात्रों को चिन्हित कर उन्हें भी आर्थिक मदद प्रदाय किया जायेगा। ताकि ऐसे होनहार छात्र ऊंचे स्तर पर पहुंचकर समाज का नाम रौशन कर सके और समाज को कुछ दे सके। नशा मुक्ति के लिए भी समिति कार्य करेगी और ऐसे लोगों को भी चिन्हांकित करेगी, जिससे वह नशा छोड़कर समाज के मुख्य धारा से जुड़ सके। उन्होंने अपील किया कि लोग लाईफ टाईम मेंबर बने। साधारण सदस्य बने अब तक समिति में एक हजार से अधिक सदस्य बनाये जा चुके हैं। सिखं समाज से जुडा हर व्यकि हर महिने दो सौ एवं अपनी क्षमता के अनुसार उससे अधिक राशि समिति को प्रदान कर सकते हैं। पूरी पारदर्शिता के साथ हमारी समिति कार्य कर रही हैए किसी भी प्रकार का लेन देन बैंक के माध्यम से उसका ड्रॉजेक्सन एवं चेक के माध्यम से होगा। दुर्ग-भिलाई में गुरुद्वारों के डेवलपमेंट पर भीसमिति अपना सहयोग प्रदान करेगी। अभी एक खुर्सीपार में बेचे नानकी गुरुद्वारा में भी कारसेवा कर सहयोग किया गया है। बच्चों में गुरुमुखी का अधिक से अधिक प्रचार और जान हो इसके लिए समर केम्प लगाये जायेंगे। समिति अपने पांच उद्देश्यों को लेकर जिस प्रण के साथ आगे बढ़ रही है उसे आगे बढ़ाने में सभी के सहयोग एवं मदद की अपेक्षा करता हूं। बैठक में जसवंत सिंह सैनी, मलकीत सिंह, रॉक्त सिंह हरनेक सिंह सैनी, करमजीत सिंह बेदी, पक्तिर सिंह, सरवन सिंह सम्मी, विक्रम सिंह, सोम सिंह, मनमीत सिंह बेदी, हरपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह हंस, मंजीठ सिंह अवतार सिंह, जसदेव सिंह कबल निर्मल सिंह बारीकल, इंदरजीत सिंह सैनी, जसबीर सिंह बेगार तरलोचन सिंह सिद्ध मनजीत सिंह मनीष सहरन, हरप्रोत भाटिया, क्सविंदर सिसा, एचपी सिंह उप्पल, गुरमित सिंह, परमजीत सिंबा गिल, निशांत सिंह, रानी कौर, सरवंजीत कौर, निर्मल सिंह, सलविंदर कौर, मेरिक सिंह आदि उपस्थित थे।

# आयुक्त पहुंचे उद्यानों की साफ–सफाई का औचक निरीक्षण करने

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को जानकारी मिली थी कि नगर पालिक निगम भिलाई में लगभग 150 उद्यान है। जहां पर स्थानीय निवासी रोज सुबह एवं शाम टहलने, बैठने, व्यायाम करने उद्यानों में आते है। उनके साथ ही उद्यानों में बच्चे भी खेलने आते रहते है। निगम आयुक्त उद्यानों की साफ -सफाई व्यवस्था देखने के लिए जी.ई.रोड स्थित नेहरू नगर जीम, योग, खेल एवं राशि उद्यान पहुंचे। वहां की साफ -सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किये। उद्यानों की साफाई कर रहे कर्मचारियों से बात किये। यह देखने में आता है, कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा निगम के उद्यानों में लगे फैसिंग, तारो एवं ग्रील को तोड़ देते है। वहां से आने-जाने का रास्ता बना दिया जाता है। कुछ ग्रीलों को चोरी कर ले जाते है। इसके लिए आयुक्त ने निर्देशित किया की जहां भी ऐसी घटना होती है। वहां का स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन लेकर पंचनामा तैयार कर एफआईआर दर्ज कराया जाए। पुलिस प्रशासन द्वारा तपसीस की जाएगी और संबंधितो को इसकी सजा दी जाएगी। आयुक्त पाण्डेय ने उद्यानों में आन-जाने वाले लोगो से अनुरोध किये है कि इस प्रकार के असामाजिक तत्वों को देखे तो मना करें। यह संपत्ति हम सबकी है, सबको इसका देख-रेख वैसा ही करना है जैसा अपने घर की संपत्ति का करते हैं। गौरतलब है कि नगर निगम भिलाई का सफाई मित्र रोज सुबह प्रत्येक घर के दरवाजे पर जाता है और आवाजें लगता है। घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरे को लेकर आता है। सफाई सुपरवाइजर से जानकारी मिली कि नेहरू नगर के कुछ बंगलो में रहने वाले घर से निकलने वाले कचरे को उद्यानों में लाकर फेंक देते है। अपने बंगलो से निकलने वाले कचरे का उद्यानों में फेंकना संक्रिणता का द्योतक है। ऐसा करने वालो पर अर्थ दंड की कार्यवाही की जावेगी।

# अवैध शराब तस्करों पर जूटमिल पुलिस का शिकंजा, शराब रेड की दो कार्रवाई में 02 आरोपियों से 58 पाव शराब व स्कूटी बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



अवैध शराब के कारोबार पर सख्ती दिखाते हुए जूटमिल पुलिस ने 17 नवंबर को दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 58 पाव देशी शराब और एक स्कूटी जब्त की। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई, जिसमें सावित्री नगर और दुर्गा चैक इलाके में छापेमारी कर तस्करों की धरपकड़ की गई।

पहली कार्रवाई में सावित्री नगर मेनरोड पर महादेव चैहान पिता हरिशंकर चैहान उम्र 46 वर्ष निवासी बजरंगपारा निगम कालोनी जूटमिल को पकड़ा गया, जिसके पास से 10 पाव प्लेन और 18 पाव मसाला देशी शराब (5.040 लीटर) बरामद की गई। वहीं, दूसरी कार्रवाई में दुर्गा चैक के पास स्कूटी से विजय टंडन पिता आंनद कुमार टंडन उम्र 38 वर्ष निवासी कयाघाट वार्ड क्र. 29 जूटमिल को गिरफ्तार किया गया। उसकी स्कूटी की डिक्की से 30 पाव देशी शराब (5.400 लीटर) जब्त हुई। दोनों आरोपियों ने शराब को अवैध रूप से बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने आरोपियों पर आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मोहन भारद्वाज के साथ हमराह स्टाफ प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, खीरेन्द्र जलतारे, आरक्षक तरुण महिलाने, सुशील यादव, जितेश चौहान और नरेश रजत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब तस्करों के हौसले पस्त हुए हैं और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की है। पुलिस ने साफ किया है कि अवैध गतिविधियों पर यह सख्ती लगातार जारी रहेगी।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को जूटमिल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जूटमिल थाना क्षेत्र में आरटीओ कर्मचारी के घर में घुसकर उत्पात मचाने और मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। जूटमिल पुलिस ने इस घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, बाकी फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। मामला 16 नवंबर की रात का है, जब पुनुराम लहरे (54 वर्ष) अपने परिवार के साथ खाना खाकर सो रहे थे। रात करीब 11:30 बजे घर के मुख्य गेट पर जोर-जोर से धक्का मारने और शराब की बोतल टूटने की आवाज सुनाई दी। बाहर जाने पर उन्होंने चार युवकों को देखा, जिनमें बसंत, मोनू और उनके दो साथी शामिल थे, जो शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने गेट तोड़कर घर के अंदर घुसकर ईंट, डंडा और चाकूनुमा हथियारों से हमला कर दिया। पुनुराम लहरे की रिपोर्ट पर जूटमिल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने घटना के तुरंत बाद आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम गठित की। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तैनात किए गए। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मोनू टंडन (21 वर्ष) पिता जग्गू टंडन निवासी कयाघाट बाबा कुटी के पास थाना जूटमिल और भीमसेन बसंत उर्फ भोकू (21 वर्ष) पिता प्यारी लाल बसंत निवासी कयाघाट मुक्ति धाम के सामने थाना जूटमिल को उनके ठिकानों से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की, जिसके आधार पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल एक डंडा और ईंट का टुकड़ा भी बरामद किया।

मामले में साक्ष्य अनुरूप धारा 333 बीएनएस जोड़ कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ कड़ा संदेश है। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं।

# सांसद विजय बघेल ने किया राम कथा पोस्टर का विमोचन



पायनियर संवाददाता ➤ पाटन
www.dailypioneer.com

ग्राम उरला में आयोजित होने वाले 3 दिवसीय 22 नवंबर से 24 नवंबर तक संगीत मय श्री राम कथा पोस्टर का लोकप्रिय सांसद विजय बघेल ने विमोचन किया जिसमे वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्ड व प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड से सम्मानित कथा वाचक हरीश साहू के मुखारविंद कथा वाचन होगा सांसद विजय बघेल ने हरीश साहू को बधाई देते हुए कहा कि ये हमारे उरला गांव के लिए बहुत ही गौरव की बात है जो कि वाल्मिकी ज्ञान रत्न अवार्ड व प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड से सम्मानित हुए है और इनके मुखार विंद से श्री राम की जीवन गाथा संगीतमय श्री राम कथा का वाचन करेंगे मैं बहुत बहुत बधाई देता हूं और उज्वल भविष्य की कामना करता हूं कथा वाचक हरीश साहू ने आभार माना। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरुस्कृत संजय मैथिल, राज्यपाल से पुरुस्कृत रामकुमार साहू, भानुप्रताप पटेल, केदार साहू व गांव के अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने सुबह निरीक्षण दौरान कहा सफाई कर्मी गैर हाजिर मिले तो होगी कार्रवाही

■ सड़क किनारे पर निर्माण सामग्री डाली तो होगी जप्ती की कार्रवाही

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार को कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा सफाई कार्य की प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट लेने शहर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद मंगलवार सुबह नगर निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सफाई कार्यो का जायजा लेने के लिए एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया एवं कचरों के निष्पादन प्रक्रिया में तेजी लाने दिए निर्देश। उन्होंने रायपुर नाका जीरो वेस्ट सेंटर में साफ-सफाई एवं डोर टू डोर कलेक्शन की जानकारी लेते हुए सफाई व्यवस्थित करने कहा। कमिश्नर ने कसारीडीह समेत सभी वार्डो में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था और आमजन से स्वच्छता बनाए रखने और आस-पास सी एन डी वेस्ट को हटाने के निर्देश ओर सुपर वाइजरो से कमचारियों की हाजिरी निष्ठा चेक कर सुबह 6.30 बजे सभी को काम में लगाए ओर 2 बजे सेकंड हाजिरी ले उसमें गलत पाए जाने पर कड़ी करवाई की जाएगी। उन्होंने निगम क्षेत्र के जोन क्षेत्र का दौरा किया और सफाई कर्मचारियों की हाजिरी चेक की। इस दौरान सफाई कर्मी मौके पर उपस्थित रहने व समय पर वार्डो में पहुँचकर बेहतर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सुबह समय पर नही आने वाले सफाई कर्मियों का अनुपस्थित दर्ज कराया जाएगा।निगम कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजर व संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही कर्मियों को सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिए।कमिश्नर ने लोगों से शहर को साफ -सुथरा बनाने में नगर निगम का सहयोग करने की अपील भी की। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि निर्माण कार्य से उत्सर्जित होने वाला मलवा ना केवल शहर की सुंदरता को ही धूमिल नही कर रहा है, बल्कि इससे बढने वाला प्रदूषण शहर निवासियों के स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डाल रहा है। सी एंड डी वेस्ट के लिए नागरिको से कहा सड़क किनारे या नाली के ऊपर पर बिल्डिंग मटेरियल न रखें।

# दस्तावेज नहीं होने पर जाति और निवास बनाने निगम बनेगा सेतु, महापौर परिषद की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में रहने वाले ऐसे लोगों का जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने निगम अनुशंसा करेगा, जिनके पास दस्तावेज का अभाव है। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद ने उद्घोषणा जारी करने संबंधी विषय को सर्व सम्मति से पारित किया है। सोमवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया है कि निगम ऐसे लोगों की सूची तैयार कर उद्घोषणा जारी करेगा जो दस्तावेज के अभाव में जाति और निवास प्रमाण पत्र नहीं बना पा रहे है। उद्घोषणा पत्र की औपचारिकता पूरी करने के बाद सूची को कलेक्टर, तहसील कार्यालय, सहायक आयुक्त के समक्ष प्रमाण पत्र बनाने प्रस्तुत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अनुसुचित जाति, जन जाति को प्रमाण पत्र बनाने 1950 के पूर्व का दस्तावेज और अन्य पिछड़ा वर्ग को 1984 के पूर्व का दस्तावेज अनिवार्य है। नगरीय निकाय क्षेत्र में रहने वाले ऐसे कई लोग है जिनका दस्तावेज के अभाव में अब तक प्रमाण पत्र नहीं बन पाया है। एमआईसी बैठक में सभापति केशव बंछोर, परिषद के सद्स्य जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, परमेश्वर वैष्णव, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा व विभाग प्रभारी उपस्थित थे।

### टैक्स कलेक्शन बैंक के साफ्टवेयर से

रिसाली निगम अब टैक्स कलेक्शन करने बैंक की मदद लेगा। इसके लिए औपचारिकता पूरी की जाएगी। महापौर पिरषद ने इसके लिए अनुमति भी दे दी है। राजस्व विभाग प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि करदाताओं की संपूर्ण जानकारी बैंक के माध्यम से लिए साफ्टवेयर में अपलोड किया जाएगा। इसके बाद निगम के कर्मचारी टैक्स वसूली करेगा। इस कार्य से निगम को प्रतिवर्ष 60 से 65 लाख रूपए की बचत होगी।

### चार हिस्सों में होगी सफाई

महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि निगम सफाई कार्य के लिए जल्द ही निविदा निकाले। रिसाली निगम को चार हिस्सों में विभक्त कर अब निविदा का प्रकाशन किया जाएगा। वर्तमान में चरमराई सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माण कार्य को पूर्ण करने के दिए निर्देश

# कलेक्टर व्यास का फरमान...सभी जनपद सीईओ अपने बाबूओं का टेबल जल्द से जल्द चेंज करें

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनपद सीईओ की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा किए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएम जनमन योजना के तहत् स्वीकृत आवासों को गंभीरता से लेकर पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी निर्माण कार्यो का सतत निगरानी करने के लिए कहा है। सभी जनपद के तकनीकी सहायकों को भी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करके कार्यो की जानकारी लेने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् बन रहे आवासों में जगह का चिन्हांकन, लेआउट, सामग्री की व्यवस्था,लेन्टर लेबल के कार्य के साथ पूर्ण कार्यो की भी जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को अपने तकनीकी सहायकों को क्षेत्र में भेजने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान तकनीकी सहायक अपने कार्यक्षेत्रों में अनुपस्थित पाए जाते हैं तो उनका उस दिन अवैतनिक अवकाश करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को राशन कार्ड, पेंशन सहित अन्य आवेदनों को गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं और जरूरमंद लोगों तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ देने के लिए कहा है। कलेक्टर ने जनपद सीईओ को अपने विभाग के बाबूओं का भी टेबल चेंज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मनरेगा के तहत् ग्राम पंचायतों में रोजगामूलक कार्य स्वीकृत कर लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए कहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे।

# रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के साथ मिशन प्रहार का समापन



पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

यूथ क्लब भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित मिशन प्रहार छात्राओ के लिए आत्मरक्षा शिविर जो कि 16 नवंबर से 19 नवंबर तक था का समापन रानी लक्ष्मीबाई जी की जयंती के साथ हुआ । शिविर में प्रशिक्षक राजा दुबे ने छात्राओ एवम महिलाओ को आत्मरक्षा के बहुत से गुर सिखाएं जिसको लेकर नगर के छात्राओ मे काफी उत्सुकता एवं खुशी नजर आयी। कायक्रम में नगर के बहुत से नागरिक शामिल हुए एवं युथ क्लब के इस पहल की सराहना की कार्यक्रम को भावेश साहू जी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में देश मे जहाँ महिलाओ के साथ अत्याचार,बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ती ही जा रही है ऐसे समय मे मिशन प्रहार जैसे आयोजन की काफी जरूरत है। छात्राओ ने भी मिशन प्रहार आत्मरक्षा शिविर को प्रतिवर्ष आयोजित करने का आग्रह किया, कार्यक्रम के प्रायोजक क्षितिज चोपड़ा ग्रुप, जय मारुति ट्रेडर्स,करणी लोहा भंडार, टूपेश पात्र ,राज मोबाइल भानुप्रतापपुर, माँ दन्तेश्वरी फ्लेक्स प्रिंटिंग ,नारायणा एसोसिएट्स सभी ने आयोजक युथ क्लब भानुप्रतापपुर के सदस्यों की जमकर सराहना की कार्यक्रम में मुख्य रूप से युथ क्लब अध्यक्ष डिकेश साहू, हिमांशु ठाकुर,प्रेम शर्मा, विवेक डड़सेना, हर्ष शिवहरे,कनक राजपूत गौरव श्रीवास्तव, हिमांशु जैन,वेद सिन्हा, चित्रांश निर्मलकर,भक्तेश्वर सिन्हा,कुणाल देवांगन, रॉकी पटेल, सुमित साहू,आदि युथ क्लब के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्राये एवं महिलाएं उपस्थित थे।

## संपादकीय

# वामपंथी झुकाव श्रीलंका में परिवर्तन

**श्रीलंका ने** फिर से ऐसा किया है। अनुरा कुमार दिसानायके को राष्ट्रपति के रूप में चुनने के बाद उनकी वामपंथी पार्टी ने संसद में बहुमत हासिल कर लिया है, जिससे अनुरा को श्रीलंका पर पूरा नियंत्रण मिल गया है। इससे भी ज़्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि उनकी पार्टी ने उत्तरी श्रीलंका में तमिल पार्टियों को खत्म कर दिया है, जो तमिल पार्टियों का गढ़ था। यह वाकई एक चौंकाने वाला राजनीतिक बदलाव है। श्रीलंका की नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के नेता अनुरा कुमार दिसानायके ने देश के संसदीय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है, उन्होंने श्रीलंका की संसद की 225 में से 123 सीटें जीती हैं। यह परिणाम, जो 21 सितंबर को दिसानायके के राष्ट्रपति के रूप में चुने जाने के बमुश्किल दो महीने बाद आया है, देश के राजनीतिक परिदृश्य में एक निर्णायक क्षण है और इसका न केवल श्रीलंका बल्कि व्यापक दक्षिण एशियाई क्षेत्र पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ सकता है। दिसानायके का प्रमुखता में आना अप्रत्याशित और ऐतिहासिक दोनों है। उनकी पार्टी, राष्ट्रपति पद के केवल 42 प्रतिशत वोट जीतने के बावजूद, श्रीलंकाई समाज के एक व्यापक वर्ग को प्रभावित करने में कामयाब रही है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां अन्य राजनीतिक ताकतों का पारंपरिक रूप से प्रभाव रहा है। उनकी जीत पारंपरिक राजनीतिक अभिजात वर्ग की अस्वीकृति का प्रतिनिधित्व करती है जो 1948 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से लंबे समय तक द्वीप पर शासन करते रहे हैं, और यह आर्थिक पुनरुद्धार और सामाजिक न्याय की वकालत करने वाले उनके मंच की बढ़ती अपील को दर्शाता है। विशेष रूप से, जाफना जिले में एनपीपी की जीत- श्रीलंका के उत्तरी भाग में ऐतिहासिक रूप से तमिल-बहुल क्षेत्र- ने राजनीतिक पंडितों को आश्चर्यचकित कर दिया है। दशकों से, तमिल जातीय दलों का इस क्षेत्र पर प्रभुत्व रहा है, जो गृहयुद्ध (1983-2009) की विरासत है, जिसने तमिल अल्पसंख्यक और सिंहली-बहुमत वाली सरकार के बीच गहरी खाई पैदा कर दी थी। जाफना में यह जीत श्रीलंका में जातीय संबंधों के प्रति एक नए दृष्टिकोण का प्रतीक है। परंपरागत रूप से, तमिल आबादी सिंहली-बहुमत वाले नेताओं से सावधान रही है, क्योंकि गृह संघर्ष का दर्दनाक इतिहास रहा है, जहाँ रूढ़िवादी संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों के अनुसार 100,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इन क्षेत्रों में दिसानायके की सफलता से पता चलता है कि कई तमिल एक नए तरह के नेतृत्व को अपनाने के लिए तैयार हैं, जो जातीय विभाजन से परे आर्थिक वादा और आगे का रास्ता प्रदान करता है। दिसानायके की जीत श्रीलंका के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ रखती है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात, उनका मजबूत जनादेश उन्हें अपने आर्थिक पुनरुद्धार एजेंडे को लागू करने के लिए आवश्यक राजनीतिक पूंजी देता है, जिसकी श्रीलंका को आर्थिक अस्थिरता और बढ़ते कर्ज से जूझने के कारण तत्काल आवश्यकता है। दिसानायके ने लंबे समय से मार्क्सवादी आर्थिक नीतियों की वकालत की है, जिसमें भूमि सुधार, धन पुनर्वितरण और प्रमुख उद्योगों पर अधिक राज्य नियंत्रण शामिल है। यदि सफल होता है, तो उनका प्रशासन श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को नया रूप दे सकता है, जिससे संभावित रूप से तमिलों और अन्य जातीय अल्पसंख्यकों सहित हाशिए पर पड़े समुदायों को लाभ हो सकता है। दिसानायके की लोकप्रियता, विशेष रूप से युवा मतदाताओं और जातीय अल्पसंख्यकों के बीच, वैकल्पिक राजनीतिक समाधानों की बढ़ती मांग का संकेत देती है। लेकिन क्या वह लोगों की उम्मीदों पर खरा उतर पाएंगे, क्रांतिकारी बदलाव ला पाएंगे और जातीय सद्भाव कायम रख पाएंगे? यह बड़ा सवाल है, जो केवल समय ही बता सकता है!



# दिल्ली पर धुंध की चादर

**दिल्ली में मौसमी पराली जलाने और स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के ज़हरीले मिश्रण से जूझते हुए, इसके निवासियों को गंभीर और संभावित रूप से जीवन के लिए ख़तरा पैदा करने वाले स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है।**



**राजदीप पाठक**
(लेखक, स्तंभकार हैं)



**अध्ययनों से पता चलता है कि वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियाँ, फेफड़े का कैंसर, हृदय रोग और यहाँ तक कि संज्ञानात्मक कार्यों पर भी असर पड़ता है। वायु प्रदूषण भारत में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट है, जिससे हर साल 1.2 मिलियन से 1.8 मिलियन लोगों की अकाल मृत्यु होती है। हालाँकि स्वच्छ, स्वस्थ दिल्ली का मार्ग लंबा हो सकता है, लेकिन प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से चल रहे तकनीकी और नीतिगत विकास में आशा है।**

**राष्ट्रीय** राजधानी क्षेत्र दिल्ली, जो लगभग 30 मिलियन लोगों का घर है, पिछले दो हफ़्तों से ख़तरनाक रूप से उच्च प्रदूषण स्तरों से जूझ रहा है। बुधवार, 13 नवंबर, 2024 को, दिल्ली भर में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बहुत खराब श्रेणी में रहा, जो लगातार 15वें दिन था जब निवासियों को प्रदूषित हवा से स्वास्थ्य जोखिमों में वृद्धि का सामना करना पड़ा। आधिकारिक डेटा (केंद्र सरकार द्वारा प्रबंधित दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली) के अनुसार, यह स्थिति कम से कम छह दिनों तक बनी रहने की संभावना है। समानांतर रूप से, शहर में असामान्य रूप से गर्मी का दौर भी चल रहा है जो सामान्य मौसमी रुझानों को धता बताता है, जिससे निवासियों के लिए पहले से ही चुनौतीपूर्ण स्थिति और जटिल हो गई है। यह भयावह पूर्वानुमान प्रतिकूल मौसम संबंधी स्थितियों की भूमिका को उजागर करता है जो प्रदूषकों के फैलाव को सीमित करते हैं, अनिवार्य रूप से उन्हें ज़मीन के करीब फँसाते हैं। एक्यूआई हवा में हानिकारक प्रदूषकों के स्तर को मापता है, जिसका उच्च मान प्रदूषकों की अधिक सांद्रता को दर्शाता है। जबकि 300 और 400 के बीच के एक्यूआई को बहुत खराब माना जाता है, 400 से ऊपर के स्तर को गंभीर के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, जिसका अर्थ है कि प्रदूषण इतना गंभीर है कि यह स्वस्थ व्यक्तियों को भी प्रभावित कर सकता है।

आईएमडी ने रिपोर्ट की है कि दिल्ली में सामान्य सर्दी का मौसम उम्मीद के मुताबिक जल्दी नहीं आ सकता है, जिससे लंबे समय से स्थापित मौसम पैटर्न बाधित हो सकता है जो आमतौर पर क्षेत्र में ठंडी, कम प्रदूषित हवा लाता है। घने कोहरे के साथ घने स्मॉग ने लगभग पूरी तरह से अस्पष्टता पैदा कर दी है, क्योंकि नागरिकों ने खुद को प्रदूषकों और नमी के खतरनाक मिश्रण में घिरा हुआ पाया, जिसके परिणामस्वरूप दिन का तापमान साल के इस समय के लिए अपेक्षा से कम रहा - कोहरे और स्मॉग के कारण - हालांकि कुल मिलाकर तापमान मौसमी मानदंड से अधिक गर्म रहा। उच्च प्रदूषण और असामान्य मौसम पैटर्न के इस संयोजन ने निवासियों, विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और श्वसन संबंधी बीमारियों वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को बढ़ा दिया है। दिल्ली के लगातार वायु प्रदूषण संकट को स्थानीय और क्षेत्रीय स्रोतों के संयोजन से बढ़ावा मिल रहा है। इस खेल में कई योगदानकर्ता हैं, जिनमें से मुख्य हैं- वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, औद्योगिक गतिविधियाँ, निर्माण की धूल, और पड़ोसी राज्य पंजाब और हरियाणा जो मौसमी रूप से फसल अवशेषों को जलाते हैं।

स्विट्जरलैंड स्थित वैश्विक वायु गुणवत्ता निगरानी एजेंसी आईक्यूएयर के अनुसार, दिल्ली की हवा में मुख्य प्रदूषक पीएम 2.5 है, जो एक महीन कण है जो फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर सकता है। इस महीने की शुरुआत में, दिल्ली के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर 1,133 तक पहुंच गया, जिससे उन्हें खतरनाक श्रेणी में रखा गया। ऐसे उच्च पीएम 2.5 स्तरों के लंबे समय तक संपर्क में रहने से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं, जिसमें श्वसन संक्रमण, अस्थमा के दौरे और यहां तक कि कमज़ोर आबादी के बीच मृत्यु दर में वृद्धि शामिल है। सामान्य से अधिक तापमान प्रदूषकों को फैलने की क्षमता में बाधा डालता है, क्योंकि ठंडा तापमान आमतौर पर इन कणों को शहरी वायु परत से दूर ले जाने में मदद करता है।

स्थिर मौसम की स्थिति, प्रदूषण और गर्म तापमान के संयोजन ने दिल्ली पर धुंध के बने रहने का एक आदर्श भंवर बना दिया है, जिससे शहर के लिए साँस लेना अधिक कठिन हो गया है, जैसा कि ठंडी परिस्थितियों में होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि उच्च स्तर के प्रदूषण के संपर्क में आने से खांसी, गले में जलन और सीने में जकड़न जैसे अल्पकालिक प्रभाव हो सकते हैं। लंबी अवधि में, जोखिम काफी हद तक बढ़ जाते हैं, अध्ययनों से पता चलता है कि वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियाँ, फेफड़े का कैंसर, हृदय रोग और यहाँ तक कि संज्ञानात्मक कार्यों पर भी असर पड़ता है। वायु प्रदूषण भारत में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट है, जिससे हर साल 1.2 मिलियन से 1.8 मिलियन लोगों की अकाल मृत्यु होती है।

दुनिया भर में वायु प्रदूषण से होने वाली 7 मिलियन वार्षिक मौतें कोविड-19 से होने वाली मौतों से अधिक हैं, साथ ही युद्ध, हत्या, कार और विमान दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों की संख्या भी संयुक्त है। स्वच्छ हवा मानव स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, फिर भी वैज्ञानिक अध्ययनों से वायु प्रदूषण से जुड़े नए स्वास्थ्य जोखिमों का पता चलता है, जिसमें श्वसन संबंधी बीमारियाँ, हृदय संबंधी समस्याएँ, स्ट्रोक और फेफड़े का कैंसर शामिल हैं, साथ ही समय से पहले जन्म, मधुमेह और मस्तिष्क क्षति के उभरते लिंक भी शामिल हैं।

खराब वायु गुणवत्ता श्वसन संबंधी बीमारियों की चपेट में आकर कोविड-19 के नतीजों को भी खराब कर सकती है। डॉ. डेविड आर बॉयड, संसाधन, पर्यावरण और स्थिरता संस्थान, ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय, सीए, कानून, नीति और स्थिरता में एसोसिएट प्रोफेसर ने द नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन (2019) में प्रकाशित अपने पेपर स्वच्छ हवा में सांस लेने के मानवाधिकार में वायु प्रदूषण को मानवाधिकार के मुद्दे के रूप में मानने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है और कहा कि आज के पैमाने पर वायु प्रदूषण स्पष्ट रूप से जीवन और स्वास्थ्य के अधिकारों, बच्चों के अधिकारों और एक सुरक्षित, स्वच्छ, स्वस्थ और टिकाऊ वातावरण में रहने के अधिकार का उल्लंघन करता है और यह कि मानवाधिकार मुद्दे के कानूनी समर्थन की तत्काल आवाज उठाने की आवश्यकता है, क्योंकि डॉ डेविड कहते हैं कि मानवाधिकारों का दृष्टिकोण सब कुछ बदल देता है - क्योंकि सरकारों के पास मानवाधिकारों का सम्मान करने, उनकी रक्षा करने और उन्हें पूरा करने के लिए स्पष्ट, कानूनी रूप से लागू करने योग्य दायित्व हैं सतत सुधार के लिए प्रदूषण को उसके स्रोत पर कम करने के लिए प्रणालीगत परिवर्तनों की आवश्यकता होती है। हालाँकि स्वच्छ, स्वस्थ दिल्ली का मार्ग लंबा हो सकता है, लेकिन प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से चल रहे तकनीकी और नीतिगत विकास में आशा है। जैसे-जैसे अधिक लोग वायु गुणवत्ता के महत्वपूर्ण महत्व के बारे में जागरूक होते जाएँगे, पर्यावरण संबंधी पहलों के लिए सार्वजनिक समर्थन बढ़ता रहेगा, जिससे स्वच्छ वायु और सभी दिल्लीवासियों और राजधानी शहर की भव्यता को देखने आने वाले अन्य लोगों के लिए बेहतर जीवन स्तर की दिशा में सामूहिक आंदोलन को बढ़ावा मिलेगा। जब यह हमारे हाथ में है!

# सेवक के रूप में नेता

**“प्रबंधन और सामुदायिक निर्माण पर ध्यान केंद्रित करके, सेवक नेता यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके संगठन समाज में सकारात्मक योगदान दें।”**

**साक्षी सेठी**
(लेखिका, शिक्षा प्रदाता हैं)



**तेजी से** जटिल और परस्पर जुड़ी दुनिया में, पारंपरिक शीर्ष-डाउन नेतृत्व मॉडल अक्सर संगठनों और समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए अपर्याप्त है। सेवक नेतृत्व दृष्टिकोण की अवधारणा, जो दूसरों की सेवा को स्व-हित से अधिक प्राथमिकता देती है, विश्वास, सहयोग और स्थायी सफलता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभरी है।

सेवक नेतृत्व सहानुभूति, जागरूकता, विकास के प्रति प्रतिबद्धता, प्रबंधन जैसे प्रमुख सिद्धांतों के एक सेट पर आधारित है जो इसे पारंपरिक, शीर्ष-डाउन नेतृत्व मॉडल से अलग करता है। उद्योगों में नेतृत्व में विश्वास अब तक के सबसे निचले स्तर पर है, जो घोटालों, कॉर्पोरेट लालच और शोषणकारी प्रथाओं से और बढ़ गया है। लोगों को पहले रखकर, सेवक नेता विश्वसनीयता और प्रामाणिकता की नींव रखते हैं जो नेतृत्व में विश्वास को बहाल करता है।

आजकल आधुनिक कर्मचारी केवल वेतन से अधिक चाहते हैं। वे सार्थक काम, सहायक वातावरण और ऐसे नेता चाहते हैं जो वास्तव में उनके विकास और कल्याण की परवाह करते हैं। सेवक नेतृत्व सशक्तिकरण, सहानुभूति और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को बढ़ावा देकर इन अपेक्षाओं के अनुरूप है। यह दृष्टिकोण संगठनों को प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजारों में शीर्ष प्रतिभाओं को आकर्षित करने और बनाए रखने में मदद करता है। सेवक नेतृत्व कॉर्पोरेट सेटिंग्स से लेकर सामुदायिक संगठनों तक विभिन्न संदर्भों में प्रभावी साबित हुआ है। साउथवेस्ट एयरलाइंस और स्टारबक्स जैसी कंपनियों ने अपने प्रबंधन दर्शन में सेवक नेतृत्व को एकीकृत किया है, जिसके परिणामस्वरूप वफादार कर्मचारी और मजबूत ग्राहक संबंध हैं। शिक्षा में,



सेवक नेतृत्व सहायक वातावरण को बढ़ावा देता है जहाँ शिक्षक और छात्र फलते-फूलते हैं। इसी तरह, गैर-लाभकारी संगठनों को उन सेवक नेताओं से लाभ होता है जो उन समुदायों की ज़रूरतों को प्राथमिकता देते हैं जिनकी वे सेवा करते हैं। अक्सर यह माना जाता है कि आर्थिक मंदी या वैश्विक महामारी जैसे संकट के समय में, सेवक नेताओं वाले संगठनों के फलने-फूलने की संभावना अधिक होती है क्योंकि ये नेता अपनी टीमों को स्थिरता और आश्वासन प्रदान करते हैं; कठिन समय के दौरान मुनाफे से ज़्यादा लोगों को प्राथमिकता देते हैं और कर्मचारियों को अनुकूलन और नवाचार करने के लिए सशक्त बनाते हैं। ऐसे युग में जहाँ व्यवसायों को उनके सामाजिक और पर्यावरणीय प्रभाव के लिए जवाबदेह ठहराया जाता है, सेवक नेतृत्व संगठनों को उनकी सामाजिक ज़िम्मेदारियों को पूरा करने में मदद करता है। प्रबंधन और सामुदायिक निर्माण पर ध्यान केंद्रित करके, सेवक नेता यह सुनिश्चित करते हैं कि उनके संगठन समाज में सकारात्मक योगदान दें।

जबकि सेवक नेतृत्व कई लाभ प्रदान करता है, यह अपनी चुनौतियों के बिना नहीं है। सेवा, सहानुभूति और समुदाय-निर्माण पर इसका जोर कभी-कभी जटिलताएँ पैदा कर सकता है, खासकर ऐसे वातावरण में जहाँ तेज़ी से निर्णय लेने या अत्यधिक प्रतिस्पर्धी रणनीतियों की आवश्यकता होती है। निस्संदेह, यह दृष्टिकोण कई परिदृश्यों में एक दयालु और प्रभावी दृष्टिकोण है, लेकिन यह सभी के लिए एक ही समाधान नहीं है। सफल होने के लिए, इसे संगठन की मांगों के साथ सावधानीपूर्वक संतुलित किया जाना चाहिए और उस विशिष्ट संदर्भ के अनुरूप बनाया जाना चाहिए जिसमें इसे लागू किया जाता है। दूसरों की भलाई और विकास को सबसे आगे रखकर, सेवक नेता विश्वास, सहयोग और स्थायी सफलता को बढ़ावा देते हैं। ऐसे युग में जहाँ नैतिक नेतृत्व पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, सेवक नेतृत्व के सिद्धांतों को अपनाने से न केवल संगठनों के भीतर, बल्कि पूरे समाज में गहरा, स्थायी प्रभाव पड़ सकता है। पहले सेवा करके, नेता अंतत: दूसरों को अपनी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित और सशक्त बनाते हैं।

संक्षेप में, सेवक नेतृत्व पारंपरिक शक्ति गतिशीलता को उलटने के बारे में है। कमांड-एंड-कंट्रोल दृष्टिकोण के बजाय, सेवक नेता अधिक प्रभावी और सार्थक परिणाम बनाने के लिए सहयोग, नैतिक व्यवहार और दूसरों के सशक्तिकरण पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एक ऐसी दुनिया में जहाँ सहानुभूति, सहयोग और जवाबदेही की माँग लगातार बढ़ रही है, सेवक नेतृत्व एक दर्शन से कहीं अधिक है, यह एक आवश्यकता है।

## आप की बात

### असंतुलित विकास

**देश की** राजधानी दिल्ली पूरी तरह से प्रदूषण के आगोश में आ गई है। अन्य शहरों में भी तेजी से प्रदूषण बढ़ रहा है. हर मौसम की प्रकृति भी बदल रही है। इन सब तरह के बदलते प्राकृतिक स्वरूप ने अप्रत्याशित अनहोनियों के होने के संकेत देना आरम्भ कर दिए हैं। अभी भी देश में प्राकृतिक संतुलन को ध्यान में रखते हुए विकास पर तवज्जो नहीं दी गई तो आने वाली पीढ़ी को कहीं सांस लेने में भी तकलीफ न होने लग जाए। शुद्ध जल तो बोतल में बंद होकर बिक ही रहा है। कहीं प्राण वायु (ऑक्सीजन) भी पानी की तरह लोगों को खरीदना न पड़ जाए। सीमेंट-कंक्रीट के बढ़ते जंगल, बेतहाशा रूप से कटते हरे-भरे पेड़, उसके अनुपात में पेड़-पौधे लगाने व देखरेख करने में शिथिलता, अंधाधुंध बेतरतीब विकास, लोगों में जागरूकता की कमी व सरकार द्वारा पूर्णत: इस ओर ध्यान न देना आदि ऐसे कारक हैं जिससे प्रदूषण दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। सरकार, समाज व पर्यावरणविद सबको मिलकर बढ़ते प्रदूषण के कारणों और उनके उचित समाधान की ओर ध्यान देने की अति आवश्यकता है। जल, जंगल, जमीन बचाने के नारे पर तेजी से अमल भी हो तभी बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाया जा सकता है और आने वाली पीढ़ी को भी बढ़ते प्रदूषण से राहत दिलाई जा सकती है। अन्यथा परिणाम गंभीर होंगे।

**-शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### लापरवाही का परिणाम

प्रबंधन की लापरवाही लगातार आपदाओं को आमंत्रण दे रही है जिससे हादसों मे बड़ी जनधन हानि दुखद है। हादसों के बाद प्रशासन में लौटती चेतना भी कुछ ही दिनों में मंद पड़ जाती है जो फिर नया हादसों के वक्त ही जागती है। दुख इस बात का है कि घटित घटनाओं से न तो सबक लिया जाता है न ही प्रणाली सुधारने की कवायद होती है। आगजनी के तमाम हादसे शार्ट सर्किट की वजह से होते आए हैं लेकिन अब तक इसका कोई स्थाई समाधान नहीं निकल पाया है। झांसी के मेडिकल कॉलेज में हुए भीषण अग्निकांड और उसमें 11 नवजातों की दुखद मौत प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। उचित मानदंडों के पालन के अभाव में घटना हुई यह कोई पहली बार नहीं है। जब गत 25 मई को दिल्ली बेबी केयर न्यूबॉर्न अस्पताल में आग से सात बच्चों की मौत हुई थी तब देश में नियम कायदों, जरूरी सुरक्षा उपकरणों की हैसियत महसूस की गई थी मगर झांसी मेडिकल कॉलेज की घटना बता रही है कि इस घटना को गंभीरता से नहीं लिया गया। सेफ्टी अलार्म और अग्निशमन यंत्र ऐसी जरूरत है जो हादसों से सुरक्षा प्रदान करती है। इसलिए इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कानून का सख्त पालन और नियमित जांच की जरूरी है।जरा सी कोताही जान पर भारी पड़ जाती है।

**-अमृतलाल मारू,** इंदौर

### विकृत मानसिकता

**सोशल** मीडिया पर रील का जो फंडा चल रहा है, उसमें अश्लील शब्दों का अभिनय के साथ ऐसा माहौल पैदा हुआ कि आप मोबाइल में रील देखते -देखते कब अभिनय करने वाले गंदी गालियां बकने लग जाएं, इसका देखने वालों को भान नही रहता। मोबाइल की आवाज परिवार में सुनाई देती है। विकृति फैलाता ये रील के धंधे पर अंकुश की आवश्यकता है। पहले से ही युवा पीढ़ी ऑन लाइन गेम में बर्बाद हो चुकी और ऊपर से विकृत मानसिकता को बढ़ाने वाले वीडियो। अब तो गांव -गांव में वीडियो रील बनाने का चलन जोरो पर है। अनपढ़ भी बनाने लगे। स्वस्थ मन, ना होने से रेप, अश्लील बोल, छेड़खानी, खतरनाक स्टंट, सोशल मीडिया पर कम कपड़ों में देह प्रदर्शन हो रहा है। हाल ही में इंदौर की घटना सुर्खियों में आई थी। इस प्रकार अश्लीलता को खुलेआम बढ़ावा मिल रहा है। सेंसर बोर्ड इसका भी होना चाहिए। ऐसी रील के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाना चाहिए। इस प्रकार के बढ़ते चलन से किशोर और बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क पर काफी घातक प्रभाव पड़ता है। सरकार को इस दिशा में कठोर कदम उठाने चाहिए। साथ परिवार के लोगों को बच्चों पर दृष्टि रखनी चाहिए कि वे मोबाइल फोन पर ऐसी अश्लील रील आदि न देखें। इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे।

**-संजय वर्मा,** धार

### सब्जियों का महत्व

**मानव जीवन** में स्वस्थ व सक्रिय रहने में सब्जियों का सबसे बड़ा योगदान रहा है। हर मौसम के लिए किसी नई सब्जी का स्वागत अधिक दाम देकर भी करने में हम नही झिझकते। मगर वर्तमान समय में बेतहाशा पेस्टिसाइड के छिड़काव, अधिक उपज, वह मीठे स्वाद लिए हानिकारक दवाओं के इंजेक्शन लगाना जैसे घातक प्रयोगों ने सब्जियां खरीदने के प्रति अत्यधिक सजग रहने का और उपयोग से पूर्व उन्हें जहरीले छिड़काव से मुक्त करना जरूरी हो गया। अन्यथा प्रकृति ने तो सब्जियों के रूप में मानव के लिए आवश्यक सभी पोषक तत्वों का इंतजाम कर दिया है। इसे कच्ची खाएं, विभिन्न तरीकों से पका कर खाएं या जूस व सूप के रूप में आनंद लें। फाइनल फास्ट फूड संस्कृति ने किशोर व युवा वर्ग सब्जियों से दूर कर दिया है। घरों से दूर रहकर नौकरी व पढ़ाई करने वालों को अक्षर मनपसंद हरी सब्जियां नहीं मिलती। फिर भी उन्हें अधिकाधिक सलाद सब्जियों व जूस का का प्रयोग उत्तम स्वास्थ्य हेतु करना चाहिए। स्थानीय सब्जियों का प्रयोग करने से हमारी सभी पोषक आवश्यकताएं पूर्ण हो जाती हैं।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पी आर पी के कार्य शैली से समूह की दीदियां परेशान



पायनियर संवाददाता ◀ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला के सहसपुर लोहारा विकासखंड में शासन के मंशा पर पानी फिरते दिखाई दे रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना में गरीब परिवार के महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रावधान है लेकिन कलस्टर स्तर पर मौजूद अधिकारी के द्वारा उन्हें परेशान करते हुए उनसे जुर्माना वसूली करते हुए मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है जिस पर सक्षम अधिकारी संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही करने के बजाए संरक्षण देते है। जो समझ से परे हैं।

### जिले में लगभग नौ हजार महिला समूह

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना अन्तर्गत जिले में लगभग नौ हजार महिला स्वा सहायता का गठन किया गया है जिसमें से नब्बे फीसदी समूह की महिलाओं का आर्थिक स्थिति में सुधार के बजाए उन्हें कर्ज में डूबा दिया गया है। समूह की दीदीयो को बड़ी बड़ी सपने दिखाकर उन्हें समूह में जोड़ने का कार्य करने वाले जिम्मेदार उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का प्रशिक्षण देने के बजाए कर्ज में डूबा दिया है।

### ऋण के लिए बार बार काटना पड़ता हैं चक्कर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजन में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को समूह बनाकर लोन देकर और उनसे बचत कराकर आत्मनिर्भर बनाने की योजना है । समूह के काम काज और लेन देन के आधार पर ऋण दिया है । मिली जानकारी अनुसार कलस्टर के द्वारा प्रत्येक समूह को ऋण देने के लिए साठ हजार राशि शासन से आता है जिसे एक प्रतिशत ब्याज की दर से देने का प्रावधान है और समूह की महिलाएं उसी राशि को दो या तीन प्रतिशत की दर से जरूरत मंद को देते है। समूह के द्वारा ब्याज की राशि को प्रतिमाह कलस्टर में जमा कर देते है। जिससे किसी अन्य जरूरत मंद समूह को और ऋण दिया जा सके। समूह की महिलाओं को ऋण लेने के लिए कलस्टर प्रभारी और पी आर पी के द्वारा ऋण देने के लिए बार बार घुमाया जाता हैं। जिससे स्व सहायता समूह की महिलाओं का मनोबल कमजोर होता हैं।

### सबसे ज्यादा गड़बड़ी बाजार चारभाटा और बीडोरा में

ब्याज की राशि और ऋण देने में आनाकानी, फर्जी दस्तावेज तैयार कर राशि आहरण करने की गड़बड़ी पूरे जिले में है। जो जांच करने में उजागर होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता लेकिन सबसे ज्यादा गड़बड़ी बाजार चारभाटा और बीडोरा कलस्टर में मिलने की संभावना जताई जा रही है। आजीविका मिशन योजन से जुड़ी दीदियां इनके कार्यशैली से काफी आहत और दुखी है।

### 100 रुपए का जुर्माना

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) योजना का कामकाज का समीक्षा करने के लिए मासिक बैठक का आयोजन किया जाता हैं। जिसमें बैठक का समय निर्धारित रहता हैं। बैठक में शामिल होने के लिए अधीनस्थ कर्मचारी और पदाधिकारी समय पर पहुंचने की कोशिश करते है लेकिन कामकाजी महिला और बच्चों की जिम्मेदारी होने के कारण उपस्थित होने में कही थोड़ा भी देरी हो जाता हैं तो उनसे सौ रुपए की अर्थ दंड लिया जाता है किंतु उच्चाधिकारी या बैठक लेने वाले के लिए कोई समय निर्धारित नहीं है। मिली जानकारी अनुसार उक्त अर्थ दंड की राशि का कोई हिसाब किताब नहीं होता । जिसका सीधा मतलब है कि पी आर पी के द्वारा गटक लिया जाता है।

### मनचाहे लोगों को बनाते है पदाधिकारी

समूह गठन के समय पदाधिकारियों का चयन किया जाता हैं। जिसका अलग अलग स्तर होता है। ग्राम समूह, ग्राम संगठन समूह, कलस्टर स्तर पर भी समूह का गठन होता हैं। मिली जानकारी अनुसार उक्त समूहों की अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष की तीन वर्षों में बदलने का प्रावधान रहता हैं लेकिन पी आर पी के द्वारा ऐसा नहीं किया जा रहा है। जिसका मुख्य वजह है कि सभी जगहों पर अपने मनचाहे महिलाओं को पद्धाधिकरी बनाकर रखे है।

## राज्य स्तरीय श्रीराम कथा चिंतन श्रीरामचरितमानस नवोदित व्याख्यान प्रतियोगिता 14 एवं 15 दिसंबर को चंपारण धाम में



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला संयोजक एवं जिला अध्यक्ष अनिल रजक द्वारा जानकारी दिया गया कि दो दिवसीय राज्य स्तरीय श्रीराम कथा चिंतन श्रीरामचरितमानस नवोदय व्याख्यान प्रतियोगिता दिनांक 14 एवं 15 दिसंबर को चंपारण धाम के श्री वल्लभाचार्य मंदिर श्रीमहादेव ट्रस्ट समिति प्रांगण में आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से पांच-पांच चयनित नवोदित व्याख्याकार ही भाग ले सकेंगे। इसके लिए जिला स्तरीय प्रतियोगिता लगभग 15 जिलों में हो चुकी है और बाकी जिलों में भी हो जारी है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिसमें प्रथम से लेकर पन्द्रह क्रम तक नगद पुरस्कार, श्रीरामलला प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा जिसके निर्णय के लिए पांच निर्णायकमंडल उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता के परिकल्पना एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश संयोजक लल्लू राम वर्मा भिलाई, जिला संयोजक एवं श्रीरामचरितमानस संघ बेमेतरा जिला अध्यक्ष अनिल रजक, सचिव दिनेन्द्र साहू किरितपुर एवं कोषाध्यक्ष दालचंद साहू भिलौरी द्वारा दुर्ग, धमतरी एवं बालोद जिला कार्यक्रम की गतिविधि की जानकारी लेने एवं आमंत्रित करने दुर्ग जिला के ग्राम बोरीगारका में नवोदित व्याख्यान जिला स्तरीय प्रतियोगिता का अवलोकन किया जहां जिला पदाधिकारी ने सम्मान स्वागत किया तत्पश्चात जिला धमतरी श्रीराज मानस संघ द्वारा नवोदित व्याख्यान प्रतियोगिता एवं दीपावली मिलन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जहां धमतरी जिला पदाधिकारी द्वारा श्रीफल एवं गुलाल से स्वागत किया गया। इसके बाद जिला बालोद में तुलसी मानस प्रतिष्ठा के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख के निवास में कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करते लल्लू राम वर्मा एवं अनिल रजक द्वारा कार्यक्रम के रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी दिया गया एवं बालोद जिला अध्यक्ष लिलार सिन्हा चैनगंज गुण्डरदेही को आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी दिया गया। इस अवसर पर श्रीराज मानस संघ अध्यक्ष अर्जुनपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष योगेश्वर साहू, सचिव जे एल देवांगन, डॉ. भूषण चंद्राकर, प्रेमलाल साहू, महेंद्र साहू, बालेंद्र साहू, बालोद तुलसी मानस प्रतिष्ठान अध्यक्ष जगदीश देशमुख, लीलार सिन्हा, दुर्ग से राजेंद्र साहू, के के सिन्हा, राजेंद्र देशमुख, बेमेतरा जिला उपाध्यक्ष विनोद साहू, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष पंचराम यादव, संरक्षक एवं निर्णायक डॉ. रीझन सिंह सेन, बेमेतरा ब्लाक अध्यक्ष देवराम साहू पार्षद, हरिश्चंद्र वर्मा, बलदेव साहू सहित जिला पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## देवलाल सिन्हा को मानस दर्शन संस्था ने किया अर्पण उपाधि से अलंकृत



पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मानस एवं आध्यात्म जगत के सबसे बड़े संस्था मानस दर्शन जिनके संस्थापक दीपक गुहा है जिन्होंने देवलाल सिन्हा को उनके जन्मदिवस पर अर्पण उपाधि से अलंकृत किया है जिससे जिला मानस संघ बेमेतरा में हर्ष का माहौल है मानस मंडली के एवं आध्यात्म जगत से जुड़े मानस पथिक इस सफलता के लिए घर पहुंच कर बधाइयां दे रहे है जिससे परिवार एवं निज ग्राम में हर्ष का माहौल है विदित हो कि देवलाल सिन्हा ने अपने मानस जीवन का शुरुवात ग्राम के ही गुरु कृपा मानस मंडली से महज व्याख्या कार की भूमिका से किया था। बहुत कम समय में प्रदेश के सबसे बड़े संस्था द्वारा अलंकृत होने पर मंडली के सदस्यों ने बधाई प्रेषित किया है।

## बालसमुंद में सी सी रोड निर्माण का प्रज्ञा निर्वाणी ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा मैं बेमेतरा जनपद पंचायत के अध्यक्ष के तौर पर आप लोगो की सेवा के दौरान या 5 वर्ष से आपके जिला पंचायत प्रतिनिधि के तौर पर आप सबकी सेवा का सौभाग्य मुझे लोकतंत्र के मालिक देव तुल्य जनता जनार्दन ने दिया है, बड़ी विनम्रता से आप लोगो को कहते हुए मुझे खुशी हो रही है कि कभी भी किसी काम के एवज में जिला पंचायत क्षेत्र के किसी सरपंच या सचिव से चवन्नी भी कमीशन के तौर पर नहीं लिया और मैं यही उम्मीद अपने सरपंचों और सचिवों से करती हूं, देव तुल्य जनता ने हमे चुनकर जो सेवा का अवसर दिया है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएं, उम्मीद करती हूँ जनप्रतिनिधियों के प्रति बन चुकी आमधारणाओं को तोड़ जनसेवकों की प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करना है, उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो यह कहना था बालसमुंद में सी सी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन करने पहुँची मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का। भूमिपूजन कार्यक्रम का संचालन तुलसी साहू ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सौरभ निर्वाणी ने की, विशिष्ट अतिथि सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामावतार साहू, पूर्व सरपंच रामकृष्ण साहू, जनपद सदस्य संतोषी साहू थी, सरपंच गायत्री साहू, उप सरपंच हीरा लाल साहू, पंचायत सचिव नरेंद वर्मा, पंच पार्वती साहू, सन्तोष साहू, कमल नारायण साहू, रूखमणी साहू, रुखमेश कुर्रेय, रामाराम साहू, रेखा साहू, राजू यादव, पुन्नी बाई साहू, गोदावरी बंजारे, मीना डेहरे, पद्मिनी कुर्रे, संजना धृतलहरे, गायत्री पाठक, राम बगस साहू, ने अतिथियों का अभिनंदन किया। सरपंच गायत्री तुलसी साहू ने विश्वास दिलाया कि निर्माण गुणवत्ता में कोई समझौता नही होगा, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के 15 वे वित्त के अनुसंसा के निर्माण पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य का आभार व्यक्त किया।

## बूथ 14 में भाजपा अध्यक्ष का हुआ सर्व सम्मति से चयन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




बूथ क्रमांक 14 वार्ड 4 के सिंधी धर्मशाला में बूथ संगठन चुनाव के लिए बूथ चुनाव समिति के प्रभारी विकास तम्बोली की उपस्थिति में बैठक आहूत किया गया। तत्कालीन बूथ अध्यक्ष पिंकी नेमा पार्षद लक्ष्मी साहू के नेतृत्व में वार्ड के नेता पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका विजय सुखवानी भाजपा नेता आशीष दानी अनिल माखीजा विजय लखानी भरत सुखवानी रिंकू कालवानी पिंकी मेढ़े दीपक मोटवानी विकास धरडे राधा साहू डॉ डीपी वर्मा सूर्यकांत ठाकुर के उपस्थित में सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष विजय लखानी को बूथ मंत्री पिंकी नेमा को बनाया गया, मन की बात कार्यक्रम का प्रभारी अरविंद आनंद, वाट्सएप ग्रुप अनिल माखीजा, लाभार्थी सम्मेलन प्रभारी भांति आनंद बीएलओ 2 विकास धरडे नियुक्त हुए, साथ सक्रिय सदस्य पन्ना प्रमुख का नाम तय हुआ। बैठक में सभी ने एक स्वर में बूथ में वार्ड 4 में भाजपा का पार्षद बनाकर नगर पालिका भेजने का संकल्प लिया। वैसे भी वार्ड 4 में बेमेतरा के सभी नेताओं का निवास स्थान है उनके सम्मान को देखते हुए हर हाल में वार्ड 4 सहित पूरे बेमेतरा के 21 वार्ड में भाजपा के पार्षद व भारी बहुमत से अध्यक्ष बनाने के लिए नवनियुक्त बूथ अध्यक्ष सभी कार्यकर्ता पूरी शक्ति से ही तैयारी में जुट जाने जनता के बीच जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करें। चुनाव के दृष्टि से वोटरलिस्ट में नाम जुड़ाने कटाने में गंभीरता दिखाने कहा गया।

## युवा कांग्रेस द्वारा भारत स्व.इंदिरा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




युवा कांग्रेस द्वारा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बोकड़े के निर्देशानुसार दल्ली राजहरा युवा कांग्रेस अध्यक्ष परितोष हंसपाल के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर, मंडल अध्यक्ष द्वय विवेक मसीह व संतोष पांडेय, जिला महासचिव विजय जोगदंड, झुग्गी झोपड़ी जिलाध्यक्ष प्रदीप बबलू, रामू शर्मा, एनएसयूआई अध्यक्ष आकाश सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष नोमेश रामटेके, मयंक यादव, सचिन नोहरे की उपस्थिति में स्व इंदिरा गांधी की जन्मजयंती के उपलक्ष्य पर श्रद्धांजलि दी गयी।

# जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में सुविधाजनक ढंग से हो रहा है धान खरीदी

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले के सभी 143 धान खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की सुविधा उपलब्ध होने से जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में पारदर्शी एवं सुविधाजनक ढंग से धान खरीदी का कार्य संपन्न हो रहा है। जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन उपलब्ध होने से शीघ्रता एवं आसानी से किसानों के धान खरीदी होने के साथ-साथ धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रहा है। इस नई व्यवस्था से बालोद जिले के किसानों में हर्ष व्याप्त है। जिले के आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम छिंदगांव के कृषक जोहार एवं ग्राम भण्डारी पारा डौण्डी के कृषक भागीरथी ने राज्य शासन की इस नई व्यवस्था की सराहना करते हुए इसे किसानों के लिए अत्यंत कारगर एवं लाभप्रद बताया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की सुविधा उपलब्ध होने से इस वर्ष शीघ्रता से बिना किसी परेशानी के उनकी धान की खरीदी हो गई। किसानों ने कहा कि इस नई व्यवस्था से धान खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की हेर-फेर की गुंजाईश नही है। जिसके कारण हम सभी कृषक बहुत ही प्रसन्नचित है। धान खरीदी केन्द्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की उपलब्ध सुविधा के संबंध में जानकारी देते हुए किसान जोहार ने बताया कि इस नई व्यवस्था से हम किसानों के धान बिक्री का कार्य बहुत ही आसान हो गया है। उन्होंने बताया कि उनके पास उनके ग्राम छिंदगांव में मात्र 01 एकड़ खेती योग्य कृषि भूमि है। वे इस कृषि भूमि में खेती के अलावा मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि धान खरीदी के पहले दिन 14 नवंबर को विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के धान खरीदी केन्द्र में अतिथियों द्वारा उनका स्वागत, अभिनंदन के बाद उनके धान की खरीदी की गई। किसान जोहार ने बताया कि धान खरीदी के कर्मचारियों के द्वारा धान खरीदी केन्द्र के इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन के माध्यम से बहुत ही कम समय में आसानी एवं पूरे पारदर्शी तरीके से उनके धान खरीदी के कार्य को पूरा किया गया। इस दौरान उन्होंने कुल 20 क्विंटल धान की बिक्री की और इस कार्य में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नही हुई। किसान जोहार ने राज्य शासन के इस धान खरीदी योजना से मिले राशि को अपने जरूरत के समय के लिए बहुत बड़ा सहारा बताते हुए इसकी भूरी-भूरी सराहना की है। किसान जोहार ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी योजना से मिले राशि का उपयोग उन्होंने अपने खेती बाड़ी के अलावा अन्य पारिवारिक कार्यों के लिए किया है। इसी तरह राज्य सरकार के समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना तथा सभी धान खरीदी केन्द्रों में की गई इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की नई व्यवस्था की सराहना विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डी के भण्डारी पारा के कृषक भागीरथी ने भी किया है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की नई व्यवस्था ने किसानों के धान बिक्री के कार्य को बहुत ही आसान बना दिया है। जिसके कारण धान खरीदी केन्द्र में बहुत ही शीघ्रता, आसान एवं पारदर्शी तरीके से धान खरीदी का कार्य संपन्न हो रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पास कुल 01 एकड़ 40 डिस्मिल पैतृक कृषि भूमि है। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र डौण्डी में कुल 15 क्विंटल 60 किलो धान की बिक्री की है। किसान भागीरथी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा प्रति क्विंटल 3100 रुपए की दर से प्रति एकड़ 2 क्विंटल धान खरीदी के निर्णय की भूरी-भूरी सराहना की है।

# समाधान कॉलेज के स्थापना दिवस में ग्लोबल पीस एण्ड लीडरशिप कार्यशाला

### ग्लोबल पीस एवं लीडरशिप वर्तमान समय की आवश्यकता : रामकृष्ण साहू युवाओं की मानसिकता में वसुधैव कुटुंबकम् प्रतिष्ठा की आवश्यकता : डॉ. सुरेंद्र पाठक

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में एंपावरिंग यूथ एस पीसबिल्डर्स विषय पर पीस एण्ड लीडरशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात राजकीय गीत का गायन किया गया। बेमेतरा जिले के पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि युवाओं के लिए इस प्रकार का प्रोग्राम काफी उल्लेखनीय एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य के अनुरूप है। शांति की शुरुआत छोटे रूप से होती है, जिसे धीरे-धीरे गति प्रदान कर बड़े स्तर पर लाया जा सकता हैं। प्रत्येक नागरिक जीवन में स्वतंत्रता चाहता है जो नियम, अनुशासन व अनुभव से आती हैं। शांति में विश्वास का भाव निहित होता हैं। शांति के महत्व को समझना स्वयं, परिवार, समाज, राष्ट्र व विश्व सभी के लिए अनिवार्य हैं। शांतिदूत बनकर शांति का प्रवाह निरंतर करें। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुजरात (अहमदाबाद) के एल.जे. यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ फिलासफी और थियोलॉजिकल स्टडीज के प्रोफेसर डॉ .सुरेंद्र पाठक ने ''वसुधैव कुटुंबकम् -द वे फॉरवार्ड फॉर ग्लोबल पीस'' प्रस्तावना के रूप में पृष्ठभूमि रखी। इसी क्रम में उन्होंने बताया कि आज के युवा विश्व स्तर पर अपनी सोच रख रहे हैं, जिसका कारण तकनीकी विकास हैं। मानव जाति सही जीवन शैली को न पहचान कर पर्यावरण प्रदूषण से लेकर ग्लोबल वार्मिंग तक पहुंच चुका है। वर्तमान में पूरे विश्व को एक कुटुंब की तरह देखने की आवश्यकता है अर्थात् समुदाय चेतना को विश्व चेतना की ओर रूपांतरण करने की आवश्यकता है। जीवन पद्धति में संपूर्ण मानव जाति अखंड समाज है। सह- अस्तित्व के सिद्धांत को समझ कर ही सर्वसुख की कामना पूरी होगी। समिति की अध्यक्ष डॉ अलका तिवारी ने महाविद्यालय की स्थापना दिवस व प्रोग्राम पर शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने महाविद्यालय की स्थापना के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। महाविद्यालय प्रतिभावान युवा को आगे बढ़ने का मौका देते हैं जो अपने समर्पण व लगन से कार्य करते हैं। अपने जीवन में वसुधैव कुटुंबकम् लाने का प्रयास करें, तभी विश्व में परम शांति की स्थापना हो संभव हो पाएगी। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अवधेश पटेल ने महाविद्यालय ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसमें सबसे बड़ी उपलब्धि अथक प्रयासों से नैक की टीम से '' ए ग्रेड'' की प्राप्ति हैं। जीवन में स्थायी विकास शिक्षा के माध्यम से ही लाया जा सकता हैं , जिसके लिए हम सभी प्रयासरत हैं। जीपीएफ प्रोग्राम की को-ऑर्डिनेटर शैव्या पाठक ने ग्लोबल पीस फाऊंडेशन एण्ड जीपीएफ इंडिया की प्रस्तावना तथा पीस एण्ड पीसबिल्डिंग की अवधारणा एवं पीसमेकिंग एण्ड पीसकीपिंग फॉर कैरक्टर एंड लीडरशिप डेवलपमेंट के बारे में विस्तार से बताया। इसके पश्चात ''कॉन्फ्लिक्ट एंड कॉन्फ्लिक्ट रिजॉल्यूशन एंड इंटरफेथ डायलॉग फॉर सोशल कोहेसन एंड पीसफुल बिल्डिंग'' के विषय पर विचार प्रस्तुत दी। जीपीएफ की प्रोग्राम ऑफिसर प्रिया राघव ने ग्लोबल पीस लीडरशिप-जीएफ इंडिया का मूल्य आधारित शांति निर्माण दृष्टिकोण तथा विश्व शांति नेतृत्व संगठन व डिप्लोमेसी एवं डायलॉग से अवगत कराया। जीपीएफ इंडिया की एनवायरमेंट कंसलटेंट रतना सिंह ने नागरिक गुणों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के समर्थन, राष्ट्रीय परिवर्तन के मार्ग एवं इको-मेडिटेशन से संबंधित जानकारी प्रस्तुत की। जीपीएफ के को-ऑर्डिनेटर एवं ऑफिसर ने विद्यार्थियों को लेट्स गेट टू नो ईच अदर बेटर पर एक्टिविटी करवाई व गूगल फॉर्म भी भरवारा गया। अतिथियों को महाविद्यालय के प्रतीक चिन्ह, शॉल, श्रीफल व डायरी से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों व प्राध्यापकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सहायक प्राध्यापिका स्वीटी मालिक द्वारा किया गया। विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन विनीता अग्रवाल व पूर्ति अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थी, व शिक्षक, मानव तीर्थ से अंकित पोगुला व राममिलन यादव, मध्यस्थ दर्शन के अध्येता अजय कुमार, समाज सेवक दिनेश पटेल, महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मी नारायण साहू, आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 अंतर्गत कुम्हारी में सर्वे शिविर वार्ड-वार लगाया जाएगा




पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 को पालिका क्षेत्र के जन-जन तक पहुंचाने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम कुर्रे ने वार्ड वार रैपिड असेसमेंट सर्वे किए जाने शिविर लगाने हेतु दिशा निर्देश संबंधितों को दिया तथा तत्परता से कार्य उद्देश्य को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश नगर पालिका के शिवनाथ सभा कक्ष में बैठक के दौरान दिया। यह शिविर आज से 3 दिसंबर तक लगाए जाने हैं। छः वार्डो का चयन कर प्रभारी अधिकारी एवं सहायक अधिकारियों के नाम की लिस्ट भी जारी कर दी गई। शिविर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक लगाया जाएगा।

# सास और पत्नी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार...नशे की हालत में बेरहमी से वारकर घटना को दिया था अंजाम

## कोतबा डबल मर्डर का आरोपी खीरसागर यादव 12 घंटे के भीतर ग्राम हुआ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

शराब के नशे में धुत होकर पत्नी और सास की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चक्रधर यादव खजरीढाप निवासी ने कोतबा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र खीरसागर यादव उम्र 28 साल लगभग 06 वर्ष पूर्व कमाने-खाने के लिये केरल गया था, जो 01 वर्ष पहले घर आया और अपने साथ 01 महिला एवं 02 बच्चे लेकर आया। महिला, बच्चों के बारे में पूछने पर महिला को पत्नी रोषनी बाई उम्र 26 साल का बताया तथा 02 लड़के बच्चे उम्र 04 साल एवं 01 साल को स्वयं का पुत्र होना बताया। महिला को अलग जाति का होने से प्रार्थी ने अपने पुत्र खीरसागर यादव के हिस्से का जमीन एवं घर देकर अलग कर दिया था, वे प्रार्थी के घर से कुछ दूरी में रहते थे।



**आदतन शराबी था आरोपी** -खीरसागर यादव एवं उसकी पत्नी शराब पीकर हमेशा लड़ाई-झगड़ा करते रहते थे। लगभग 01 सप्ताह पूर्व खीरसागर की सास जगरमनी बाई उम्र 56 साल अपनी नाती को देख-रेख करने के उद्देष्य से मेहमान आई हुई थी। चक्रधर यादव 18 नवंबर के शाम लगभग 06:00 बजे अपनी पत्नी के साथ खेत तरफ से काम करके घर में लौटा था, उसी दौरान देखा कि खीरसागर यादव एवं उसकी पत्नी रोशनी बाई दोनों शराब पीकर लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। खीरसागर यादव पहले से बाजार से मछली एवं हड़िया खरीदकर लेकर आया था उसे पिये और लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। सब्जी बनाने के दौरान किसी बात को लेकर दोनों पति-पत्नी में विवाद बढ़ गया, इस कारण खीरसागर यादव अपनी पत्नी को लकड़ी डंडा से मारने लगा, वह डंडा टूट गया, फिर दूसरे डंडे से रोशनी बाई के सिर में जोर से वार करने पर वह जमीन में गिर गई। मारपीट करता देख बीच-बचाव करने आई जगरमनी बाई वहां पर आई थी उसके सिर में भी खीरसागर यादव ने डंडे से कई बार वार दिया। खीरसागर यादव के मारपीट करने से रोशनी बाई एवं जगरमनी बाई की मौके पर ही मृत्यू हो गई। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर खीरसागर यादव के विरूद्ध चैकी कोतबा में भा.न्या.सं. की धारा 103(1) का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण का आरोपी खीरसागर यादव घटना घटित कर फरार था।

**गिरफ्तार कर भेजा जेल**-डबल मर्डर की गंभीर अपराध घटित होने पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल चौकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक राकेश सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रकरण के फरार आरोपी खीरसागर यादव की गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के सभी संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान आज मुखबीर से सूचना मिला कि आरोपी खीरसागर यादव ग्राम खाडामाचा थाना बागबहार में छिपा हुआ है, इस सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर जाकर दबिश देकर उक्त आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। घटनास्थल का निरीक्षक एफएसएल टीम द्वारा भी किया गया है। आरोपी खीरसागर यादव ने उक्त घटना को घटित करना स्वीकार किया है, एवं उसके मेमोरंडम कथनानुसार उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लकड़ी का डंडा को जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

**इन्हें मिली सफलता**-प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी कोतबा उप निरीक्षक राकेश सिंह, प्र.आर. 137 अजय खेस, प्र.आर. 386 संजय लक?ा, आर. 235 बूटा सिंह, आर. 58 उपेन्द्र सिंह, आर. 787 अनिल कष्यप, म.आर. 743 शारदा नाग का योगदान रहा है।

# राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियां

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच, कान्यकुब्ज सभा एवं शिक्षा मंडल एवं सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम रायपुर के संयुक्त बैनर तले आयोजित किए जा रहे 15 वे राज्यस्तरीय निशुल्क विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन की आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में हुई बैठक में सेवा भावियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई यह परिचय सम्मेलन 22 दिसंबर को सुबह 09 बजे आशीर्वाद भवन बेरन बाजार में आयोजित है. सामूहिक विवाह समारोह आयोजन समिति के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल प्रांतीय प्रांतीय महामंत्री संतोष तिवारी, कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, संयोजक वीरेंद्र पांडे राजेश अग्रवाल सहसंयोजक अनुराधा दुबे घनश्याम पोद्दार राघवेंद्र मिश्रा रामगोपाल सैनी ने बताया कि तैयारी बैठक में सेवा दानियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। परिचय सम्मेलन के तैयारियां के सम्बंध में हुई



बैठक में संस्था के मार्गदर्शक विरेंद्र पाण्डे ने बताया कि यदि विकलागों के लिए चारो प्रकार से कार्य करना होगा पहला हमारी संस्था दूसरा समाज तीसरा सरकार और चौथा कार्य विकलांग स्वयं तो ही विकलांगो में चेतना आएगी हमारी संस्था तो विगत 25 वर्षो से ये कार्य कर ही रही है बाकी को भी विकलांगो में चेतना लाने के लिए आगे आना होगा संस्था के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को इस कार्य के लिए प्रचार प्रसार करना जरुरी है हमारी प्रचार प्रसार की जानकारी से ही हमारे विकलांग भाई बहन हमारे कार्यक्रम में पहुँच सकेंगे संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ की सभी ग्राम पंचायतों में प्रचार सामग्री का वितरण किया जा रहा है ओर सभी प्रकार से प्रचार किया जाएगा हमारे सदस्य अपने अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम को प्रचारित करे परिचय सम्मेलन हेतु सभी कार्यो का विभाजन किया गया सदस्यों को परिचय सम्मेलन में एकजुट होकर कार्य करे बैठक में संस्था के महामंत्री संतोष तिवारी ने बताया कि हमारे इस कार्यक्रम का लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा जोड़े तय करना है विगत समय मे जो 92 जोड़े का विवाह किया गया वह संख्या इस वर्ष उससे भी अधिक हो हमे ऐसा प्रयास करना चाहिए सोशल मीडिया के माध्यम से हमे सभी जगह इस कि जानकारी देना है।

# पत्नी ही निकली पति का कातिल, चरित्र शंका से क्षुब्ध होकर दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले में घर में सो रहे युवक की टांगी मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी महिला ने चरित्र शंका और प्रताड़ना से तंग आकर टांगी से पति को मौत के घाट उतारा था। मिली जानकारी के मुताबिक लैलूंगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पहाड़लुडेग निवासी निलांबर यादव 28 की टांगी मारकर हत्या मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी तिलासो माझी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला ने अपने पति को चरित्र शंका और प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर धारदार हथियार टांगी से पति को मार डाला।



**8 साल पहले हुई थी शादी**-मृतक के चचेरे भाई सेतराम राउत ने पुलिस को बताया कि निलांबर आठ साल पहले तिलासो माझी को पत्नी बनाकर घर लाया था। दोनों का चार साल का बेटा भी है। घटना के दिन गांव में कार्तिकेश्वर मेला था, जहां परिवार के अन्य सदस्य गए थे। सुबह निलांबर की हत्या की सूचना मिलने पर घर पहुंचे तो शव खाट पर पड़ा मिला। अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

**जांच में पत्नी पर हुआ था शक** - लैलूंगा थाना प्रभारी और उनकी टीम ने जांच तेज की। घटनास्थल की गहन पड़ताल और डॉग स्क्वाड की मदद से सबूत जुटाए गए। पूछताछ के दौरान पत्नी तिलासो माझी पर शक गहराया। कड़ी पूछताछ में तिलासो ने बताया कि उसने 16 नवंबर को भोर में अपने पति निलांबर यादव की हत्या की।

**दोनों के बीच हुआ था विवाद**-आरोपी महिला ने बताया कि मेला देखने के बाद रात तीन बजे वह घर लौटी और पति के साथ सो गई। सुबह जब वह दोबारा मेला जाने की तैयारी कर रही थी, तो दोनों में झगड़ा हुआ। चरित्र शंका और प्रताड़ना से परेशान होकर उसने घर में रखी टांगी से निलांबर के गले पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# जिले के जंगलों में 152 हाथी कर रहे विचरण लैलूंगा के खेत में दिखा 31 हाथियों का दल

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के लैलूंगा रेज के जंगलों में विचरण करने वाले 31 हाथियों के दल का एक वीडियो सामने आया है। हाथियों के दल ने लारीपानी के अलावा चिल्कागुडा गांव के किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग की टीम हाथियों के इस दल पर निगरानी बनाये हुए है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के जंगलों में इन दिनों धरमजयगढ़ वन मंडल में ही कुल 152 हाथी विचरण कर रहे हैं। हाथियों के इस दल में 36 नर हाथी, 77 मादा हाथी के अलावा 39 शावक शामिल है। धरमजयगढ़ वन मंडल के लैलूंगा रेंज में 31 हाथियों के दल का एक और वीडियो सामने आया है। बताया जा रहा है हाथियों के इस दल को दो दिन पहले लारीपानी गांव के पास सड़क पार करते



हुए देखा गया था इस दौरान काफी समय तक सड़क के दोनो ओर वाहनों के पहिये कुछ समय तक के लिये थम गए थे। रविवार की दोपहर चिल्कागुडा गांव में 31 हाथियों को एक किसान के खेत में फसलों को खाते हुए देखा गया और इस दौरान कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया है। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि धान की फसलों को खाने के बाद हाथियों का यह दल कुछ देर पश्चात वापस जंगलों में चला गया। बहरहाल लैलूंगा रेंज में 31 हाथियों की मौजदूगी को देखते हुए वन विभाग की टीम इस दल पर नजर बनाये हुए है और हाथी प्रभावित इलाकों में लगातार मुनादी कराकर गांव के ग्रामीणों को किसी भी कार्य के सिलेसिले में जंगल की तरफनही जाने की अपील की जा रही है।

**49 किसानों की फसलों को नुकसान**-रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल के जंगलों में विचरण करने वाले 152 हाथियों ने अलग-अलग गांव में कुल 49 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है जिसमें उदउदा में 05, लारीपानी, चिल्कागुडा में 18, कडेना में 03, चिडोडीह में 07, कांसाबहार में 01, बेहरामार में 01 के अलावा पुरूंगा में 14 किसानों के धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

# रामानुजगंज का व्यापारी बलरामपुर में हुआ लूट का शिकार

## बदमाशों ने झोले में रखे एक लाख रुपए एवं वही खाता लेकर फरार






पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

शहर के व्यस्त मार्ग पर बदमाशों ने एक व्यापारी के वाहन मे रखे झोला में एक लाख रुपए एवं वही खाता लेकर फरार हो गया घटना के बाद हताश व्यापारी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी इसके बाद घटनास्थल पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को पुलिस संभालने में लगी हुई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामानुजगंज बस स्टैंड निवासी व्यापारी आनंद कुमार केशरी अपने इनोवा वहन से कोचली बाजार करने जा रहे थे इसी दौरान अपने वाहन को सड़क किनारे खड़ा करने के बाद भोला किराना स्टोर में कुछ सामान लेने गए हुए थे मौके पर घात लगाए हुए बदमाशों ने उनके झोले में रखे हुए एक लाख रुपए एवं वही खाता ले उड़े। हताश व्यापारी ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी घटनास्थल पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाले में लगी हुई है। उक्त घटना दिन के 11 से 12 बजे के बीच की बताई जा रही है।

# 184 नगरीय निकाय के कर्मचारी अपनी छह सूत्रीय मांगों को लेकर 11 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले छत्तीसगढ़ के 184 नगरीय निकायों के कर्मचारी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे, कर्मचारियों की मुख्य मांगों में निकाय के कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, कर्मचारियों को पदोन्नति करने, छठवें व सातवें वेतनमान की एरियर राशि प्रदान करने, ठेका पद्धति समाप्त करने संबंधी मांगे शामिल है. संघ के प्रवक्ता ने बताया है कि 12 नवंबर 2024 से 14 नवंबर 2024 तक बिलासपुर में 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल किया जा चुका है, किंतु शासन द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी एवं संघ की शक्ति जिला इकाई के अध्यक्ष विकास देवांगन ने बताया है कि 6 सूत्रीय मांगों पर शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। नगरीय निकाय के कर्मचारी आगामी नगरीय निकाय चुनाव में कर्मचारी वा परिवार के सदस्य मतदान में भाग नहीं लेंगे, इस संबंध में कर्मचारियों से निकाय चुनाव मतदान में भाग नहीं लेने संबंधी प्रपत्र भरवाकर जिला कलेक्टर बिलासपुर व विभागीय मंत्री नगरी प्रशासन को पत्र प्रेषित किया गया है। प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के कई नगरीय निकायों में 01 से 03 माह का वेतन भुगतान लंबित है। इसी संबंध में विभागीय मंत्री अरुण साव के द्वारा नगरीय निकाय के अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि नगरीय निकायों के कर्मचारियों को 1 तारीख को वेतन भुगतान किया जाना अनिवार्य है। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में 1 तारीख को वेतन भुगतान किए जाने हेतु आदेश भी जारी किया गया है किंतु निकायों के अधिकारी आदेश का पालन सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं, शासन द्वारा मांगे पूरी नहीं किए जाने के कारण 184 नगरी निकाय कर्मचारी 11 दिसंबर 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे।

# आजादी के 78 वर्षों बाद मिली ग्राम वासियों को बिजली

- मूलभूत सुविधाओं के लिए हमारी प्रथम प्राथमिकता-राम विचार नेताम

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत महावीरगंज के कई मजरा पारा में आजादी के 78 वर्ष बाद घर में बिजली बत्ती कि सुविधा उपलब्ध हो पाई है लंबे अर्शे से विद्युतीकरण का इंतजार कर रहे मोहल्ले वासियों ने घर तक बिजली पहुंचाने का श्रेय प्रदेश के कैविनेट मंत्री रामविचार को देते हुए उनका अभार जताया है। ग्राम पंचायत महावीरगंज के बोदी टोला, हाई स्कूल पारा, कोडाकू पारा, यादव पारा, हाड़ी घाट पारा,जरहाडीह पारा में आजादी के 78 वर्ष बाद विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो सका है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद यह उपलब्धि हासिल हो





पाई है उक्त ग्राम पंचायत में कुल 7 नए ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। लोगों के घरों तक रोशनी पहुंचने से उत्साहित सेवा निवृत एएसआई जगरनाथ सिंह, अमरनाथ सिंह, शिवनारायण सिंह, जगेसर सिंह, धनेस्वर सिंह, शिवलाल सिंह, राजकुमार सिंह, बीठल सिंह सहित अन्य मोहल्ले वासियों ने रोशनी का श्रेय रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उक्त संबंध में कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि हमारे क्षेत्र की जनता हमसे बहुत स्नेह एवं प्यार करती है उनके लिए मैं कितना भी करूं वह कम ही होगा। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय कि सरकार बेहतर काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। मूलभूत सुविधाओं के लिए मैं हमेशा तत्परता के साथ काम करता रहूंगा।

# सक्ती जिले का किसान ईश्वरी ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से बना लखपति

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सक्ती जिले का किसान ईश्वरी प्रसाद पटेल ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से लखपति बन गए है द्य नवगठित सक्ती जिले के ग्राम पंचायत जर्वे निवासी ईश्वरी प्रसाद पटेल खेती किसानी करके अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण कर जीवन यापन कर रहे थे। इसी बीच उन्हें उद्यानिकी विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने उद्यानिकी विभाग से विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी लेने के बाद उद्यानिकी के क्षेत्र में कार्य करना शुरू कर दिया। उन्होंने ग्राफ्टेड बैंगन की खेती शुरू की। जिसका लाभ उन्हें धीरे-धीरे मिलने लगा। उनके द्वारा सत्र 2024-25 में 2.5 एकड़ में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से अब तक 7 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त किया जा चुका है तथा अभी भी और तोड़ाई होनी बाकी है जिसमें अनुमानित 3 लाख का लाभ हो सकता है। उद्यानिकी फसल से



किसान ईश्वरी प्रसाद पटेल को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। बाजार में उनके बैंगन की बहुत मांग हो रही है द्य उद्यानिकी विभाग सहायक संचालक जिला सक्ती प्रतिभा सोनी ने बताया कि उद्यानिकी पुसलों के खेती करने की तकनीक है जिसमें एक पौधे के रूट स्टाक दूसरे पौधे से जोड़े जाते हैं जिससे दोनों के वाहिका ऊतक आपस में मिल जाते हैं। इस प्रकार इस विधि से पौधे तैयार किये जाते हैं। किसान ईश्वरी प्रसाद पटेल को शासन से वर्ष 2021-22 में प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत 55 प्रतिशत अनुदान के रूप में दिया गया। वहीं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2024-25 घटक ग्राफ्टेड बैगन 0.400 हेक्टेयर में 30,000 रूपए का अनुदान उन्हें दिया गया। किसान ईश्वरी प्रसाद पटेल ने बताया कि अनुदान मिलने से उन्होंने खेतों में ग्राफ्टेड बैंगन लगाए हैं। इसके साथ ही उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन भी उद्यान विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार समय-समय पर दिया गया है, जिससे उन्हें लाभ प्राप्त हो रहा है । उन्होंने सरकार की इस योजना की प्रशंसा की है तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है द्य किसान ईश्वरी प्रसाद पटेल स्वयं ग्राफ्टेड बैंगन की खेती तो कर ही रहे है, इसके साथ ही वे आस-पास के अन्य किसानों को भी इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## विद्यार्थियों को दी कृषि तकनीक की जानकारी

# कृषि वैज्ञानिक खरे पहुंचे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भूरसीडीह में आयोजित किया जा रहा, जिसमें तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ चंद्रशेखर खरे कृषि वैज्ञानिक जांजगीर और विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रो मुन्ना लाल सीदार (कार्यक्रम अधिकारी शासकीय नवीन महाविद्यालय नगरदा) ने शिविरार्थियों को कृषि और युवा भारत के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। डॉ खरे ने कृषि पशुपालन और उद्यानिकी में रोजगार की संभावना को बताते हुए दामिनी ऐप, कृषि ऐप की जानकारी दी। उन्होंने निःशुल्क प्रशिक्षण सिलाई बुनाई, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन आदि को बताया ।प्रो मुन्ना लाल सीदार ने भारतीय इतिहास का




महत्व, राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य और छात्रों के समय प्रबंधन पर बात कही। इसी क्रम में चतुर्थ दिवस में मुख्य अतिथि छबि लाल राठौर कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरथा और संतोष कुमार अनंत कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली कला बौद्धिक परिचर्चा में शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी राठौर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इससे छात्रों का समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास होता है अब और विज्ञान विषय का महत्व को बताया। आज विज्ञान में नई नई तकनीक आ रही है उनसे रूबरू कराया गया। संतोष कुमार अनंत ने सभी छात्र छात्राओं को व्यक्तित्व निर्माण की जानकारी दी और अपनी मधुर आवाज में सुंदर साक्षरता गीत प्रस्तुत किए। शिविरार्थियों द्वारा दैनिक दिनचर्या का समय पर पालन कर शिविर के माध्यम से जनजागरुकता कर रहे है। ग्राम भूरसीडीह के देवालय और तालाब की साफ सफाई किया गया और लोगों को स्वच्छता और नशामुक्ति के बारे में रैली निकालकर जागरूक किया।रासेयो खेल और जनसंपर्क करके रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सभी ने भागीदारी की। कार्यक्रम अधिकारी सोमेश कुमार घिटोड़े, प्रो हेमपुष्पा चंद्रा,यज्ञचरण राठिया, प्रो सीमा साहू सहायक कार्यक्रम अधिकारीऔर स्वयं सेवकों के सहयोग से कार्यक्रम संचालित किए जा रहे है। ग्रामवासी भी कार्यक्रम में भाग ले रहे है।

# खरसिया पुलिस की अवैध शराब पर कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में खरसिया पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफग्राम चारपारा में कार्रवाई की गई है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम चारपारा का चंद्रशेखर लहरे अपने घर के सामने महुआ शराब की अवैध बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी ने तुरंत टीम गठित कर रेड कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस टीम ने घघरा और हालाहुली में मुखबिरों से संपर्क किया और फिर चारपारा में आरोपी के ठिकाने पर पहुंची। अचानक पुलिस को देखकर शराब पीने वाले भाग निकले, जबकि चंद्रशेखर लहरे को उसके घर के सामने महुआ शराब बेचते हुए पकड़ा गया। उसके कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब, जिसकी कीमत करीब



4000 रुपये है, चार पीले रंग के पांच-पांच लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई मिली। साथ ही, एक स्टील का गिलास, शराब बिक्री की रकम 60 रुपये और शराब रखने में इस्तेमाल खाली प्लास्टिक बोतलें (शराब की गंधयुक्त) भी बरामद की गईं। आरोपी चंद्रशेखर लहरे (45 वर्ष), पिता पुनीराम लहरे, निवासी चारपारा, के खिलाफ थाना खरसिया में धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# जिले में 10 दिसम्बर तक चलेगा हमर शौचालय-हमर सम्मान अभियान

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विश्व शौचालय दिवस का किया शुभारंभ





### वीसी के माध्यम से जिला पंचायत सीईओ यादव हुई शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक ''हमर शौचालय-हमर सम्मान'' अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विश्व शौचालय दिवस का ऑनलाईन शुभारंभ किया। जिले के एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला पंचायत सीईओ रीता यादव तथा सभी जनपद सीईओ शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री शर्मा ने शौचालय के प्रति जागरूकता लाने हमर शौचालय-हमर सम्मान अभियान का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी में बच्चों को इस विषय में जागरूक करने तथा अभिभावकों को भी स्वच्छता के प्रति योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले के कोई भी स्कूल एवं आंगनबाड़ी शौचालय रहित न रहे, यह भी सुनिश्चित करें। इस अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक-जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। हमर शौचालय-हमर सम्मान अभियान के दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि में सामुदायिक शौचालय की उपलब्धता की स्थिति का आकलन एवं शौचालय उपलब्ध नहीं होने व शौचालय निर्माण की राशि संबंधित विभाग में उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में सामुदायिक शौचालय के निर्माण हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, 15वें वित्त, सीएसआर, डीएमएफ आदि मदों में स्वीकृति दिया जाना है। इसी तरह विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परीक्षण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक, स्वच्छाग्रहियों-सफाई मित्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु डिगनिटी कैम्प का आयोजन और ओडीएफ के स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत एवं खण्डस्तरीय प्रतिनिधियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मानव अधिकार दिवस पर 10 दिसम्बर को अभियान का समापन होगा।

# वाटरएड इंडिया और स्वच्छ भारत मिशन, जनपद धमधा के सहयोग से विश्व शौचालय दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन





पायनियर संवाददाता ‹ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मुर्रा में वाटरएड इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन जनपद धमधा और ग्राम पंचायत के सहयोग से जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती रात्रे, जनपद अध्यक्ष, उपस्थित रहीं। शासन की मंशा के अनुसार, यह कार्यक्रम मेरा शौचालय, मेरा सम्मान थीम पर आधारित है और 19 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस अभियान के तहत स्वच्छ सुंदर शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम में जनपद क्षेत्र के सभी लोगों को स्वच्छ और सुंदर शौचालय बनाए रखने और ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) स्थिति को बरकरार रखने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में, किरण कुमार कौशिक, सीईओ, जनपद पंचायत धमधा ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी है। आज लोग शौचालय उपयोग की महत्ता और स्वच्छता के महत्व को समझने लगे हैं। सौरभ कुमार, जिला समन्वयक, वाटरएड दुर्ग ने विश्व शौचालय दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शौचालय उपयोग के स्वास्थ्य पर सकारात्मक और दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में बताया। ग्राम पंचायत मुर्रा के सरपंच नागेश चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे गांव में शौचालय उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है। हमारा गांव पहले ही ओडीएफप्लस मॉडल ग्राम बन चुका है, जिसमें सभी ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा है। यह पहल स्वच्छता और शौचालय उपयोग की महत्ता को रेखांकित करते हुए ओडीएफ प्लस मानकों को बनाए रखने के लिए सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करती है।इस कार्यक्रम में सरस्वती रात्रे, जनपद अध्यक्ष किरण कुमार कौशिक, सीईओ, जनपद पंचायत धमधा, रिपुसुदन उमरे, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) भूखन लाल यादव, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), नागेश चंद्रवंशी, सरपंच, मुर्रा हुकुमचंद बंजारे, सचिव, मुर्रा प्रणाली उईके, प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला मुर्रा, सुनीति साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

# जिला स्तर के अधिकारी आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, पीडीएस, स्कूल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की शीघ्र करें अवलोकन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा के साथ विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने धान खरीदी हेतु गिरदावरी सत्यापन की जानकारी ली। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले में संचालित योजनाओं और सरकारी कार्यालयों की गतिविधियों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की विशेष भूमिका तय की गई है। इस पहल के तहत, जिला स्तर के अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, पी.डी.एस., विद्यालय एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की गतिविधियों का अवलोकन करना होता है। इस प्रक्रिया में अधिकारी एक विशेष एप्लिकेशन के माध्यम से सभी जरूरी जानकारियां प्रस्तुत करते हैं, जिससे योजनाओं और कार्यक्रमों की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इस संबंध में कलेक्टर ने सत्यापन कार्य के लिए जिन अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

### कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

गई है, उन्हें 30 नवम्बर से पहले सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर चौधरी ने धान खरीदी में अनियमितता पाये जाने पर प्रकरण अनिवार्य रूप से तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना व समग्र शिक्षा के तहत प्रगतिरत निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्कूल जतन योजना के अंतर्गत निर्माण एजेंसी द्वारा जीर्णोद्धार स्कूल व शौचालय का मूल्यांकन कर रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी को भेजना सुनिश्चित करते हुए 30 नवम्बर से पहले स्कूल शौचालयों की मरम्मत पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्रों में केन्द्र के खुलने का निर्धारित समय चस्पा करने को कहा, ताकि आम जनता को परेशानी न हो। कलेक्टर चौधरी ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरण, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जन शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के वेब एवं पोस्ट द्वारा प्राप्त शिकायत, सारथी-ई पोर्टल और पीजी पोर्टल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही शीघ्र प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, सहायक कलेक्टर एम. भार्गव, नगर निगम भिलाई आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, एसडीएम दुर्ग एच.एस. मिरी, एसडीएम पाटन लवकेश ध्रुव, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षण संस्थानों में विकसित होंगी सुविधाएं, शिक्षा को मिलेगा नया आयाम

## डीएमएफमद से विद्यालयों में अनेक विकास कार्यों हेतु कलेक्टर ने दी 04 करोड़ से अधिक राशि की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ‹ कोरबा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में खनिज न्यास संस्थान मद से लगातार विकास कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा 19 नए कार्यों के लिए डीएमएफ मद से 04 करोड़ 37 लाख 42 हजार 800 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के नवीन भवन निर्माण कार्य सहित न्यूज पेपर स्टैण्ड उपलब्ध कराने के कार्य शामिल हैं। कलेक्टर द्वारा विकासखण्ड पाली के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयां एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में साइकल स्टैण्ड निर्माण कार्य हेतु 63 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर ने विकासखण्ड पोड़ी-उपरोड़ा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पसान हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (प्रथम तल) हेतु राशि 48 लाख 10 हजार, विकासखण्ड पोंडीउपरोडा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पसान हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (भूत-तल) हेतु राशि 49 लाख 99 हजार, विकासखण्ड पोंडीउपरोडा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लमना हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (प्रथम-तल) हेतु राशि 48 लाख 10 हजार, विकासखण्ड पोंडीउपरोडा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लमना हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (भूत-तल) हेतु राशि 49 लाख 99 हजार 000, विकासखण्ड पोंडी-उपरोडा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लैंगा हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (भूत-तल) हेतु राशि 49 लाख 99 हजार, विकासखण्ड पोंडीउपरोडा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लैंगा हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (प्रथम तल) हेतु राशि 48 लाख 10 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसी प्रकार विकासखण्ड पोंडी-उपरोडा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लैंगा हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (भूत-तल) हेतु राशि 49 लाख 99 हजार, विकासखण्ड पाली के ग्राम पंचायत शिवपुर में नवीन मा.शाला भवन निर्माण कार्य (शिवपुर में) हेतु राशि 15 लाख, कोरबा जिला अंतर्गत संचालित 180 शासकीय हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में न्यूज पेपर स्टैण्ड उपलब्ध कराने हेतु डीएमएफ से राशि 15 लाख 16 हजार 800 की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विकासखण्ड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत मादन में साईकल स्टैण्ड निर्माण कार्य (शा.उ.मा.विद्यालय पाली) हेतु राशि 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत मदनपुर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल मदनपुर (रजकम्मा) में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत नोनबिर्रा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत लाफा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत मुनगाडीह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत बक्साही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु राशि 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत बतरा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल में साईकल स्टेण्ड निर्माण काय हेतु राशि 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत बोईदा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु राशि 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत चोढ़ा शासकीय हाई स्कूल में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु राशि 06 लाख 30 हजार, ग्राम पंचायत पोड़ी के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल लाफा में साईकल स्टेण्ड निर्माण कार्य हेतु राशि 06 लाख 30 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# जिला चिकित्सालय में एनडीआरएफ की मॉक ड्रिल: आपदा प्रबंधन के लिए जागरूकता और तैयारी



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय के भवन में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य चिकित्सालय के मरीजों, चिकित्सकों और स्टाफको विभिन्न आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी और अन्य प्राकृतिक या मानव-निर्मित आपदाओं के दौरान सुरक्षित रखने की रणनीतियों को विकसित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान, एनडीआरएफ के प्रशिक्षित अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन के महत्व और त्वरित प्रतिक्रिया की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आपदाओं के समय सही निर्णय लेना और प्राथमिकता के आधार पर कार्य करना जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस ड्रिल में अस्पताल भवन में फंसे लोगों को निकालने, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने, और आग जैसी आपदाओं के दौरान बचाव कार्यों की रणनीतियों को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया। भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में भवन के अंदर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए बचाव टीम ने आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन का प्रदर्शन किया। वहीं, आग लगने की स्थिति में अग्निशमन दल के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आपातकालीन निकासी प्रक्रिया को भी समझाया गया। बाढ़ जैसी परिस्थिति में बचाव नौकाओं और लाइफ जैकेट्स का उपयोग करके प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया को भी दर्शाया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल एनडीआरएफकी टीम ने एक डेमोंसट्रेशन के माध्यम से आग और भूकंप के बचाव या किसी भी आपातकालीन स्थिति से कैसे निपटा जाए इसको लेकर एनडीआरएफ और फायर फाइटर की टीम ने मॉक ड्रिल कर रेस्क्यू का जिला अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल में आग लगने की स्थिति का एक काल्पनिक दृश्य तैयार किया गया, जिसके तहत इमारत में फंसे नागरिकों को सुरक्षित निकालने के तरीके प्रदर्शित किए गए। जवानों ने विशेष उपकरणों और तकनीकों का उपयोग करके धुएं और आग से घिरी इमारतों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया। इसके साथ ही, आपातकालीन चिकित्सा सहायता भी प्रदान की गई, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि घायलों को तुरंत चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। इस अभ्यास ने नागरिकों के बचाव, इमारतों की तलाशी, और आग पर नियंत्रण पाने की रणनीतियों पर जोर दिया।

# डिजिटल क्लास के माध्यम से बोर्ड परीक्षा एवं नीट-जेईई की होगी बेहतर तैयारी



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल के नवाचारी प्रयास से जिले में डिजिटल क्लास का संचालन शुरू हो गया है। गौरव गरियाबंद अभियान के तहत संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 88 में कलेक्टर अग्रवाल ने ऑनलाइन क्लास का शुभारंभ किया। कक्ष में डिजिटल एवं इन्टरेक्टिव स्क्रीन के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं में शामिल पाठ्यक्रम का अध्यापन कराया जायेगा। क्लास में डिजिटल स्क्रीन के साथ कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं अत्याधुनिक अध्यापन सामग्रियां उपलब्ध कराई गई है। इस डिजिटल क्लास से जिले के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल को जोड़े गये है। जिससे डिजिटल क्लास में पढ़ाई जानी वाली पाठ्यक्रम को सभी स्कूलों में स्थापित डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं के बच्चे पढ़ सकेंगे। ऑनलाईन क्लास में पढ़ाने के लिए आवश्यक विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। ऑनलाईन क्लास के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों एवं विषय शिक्षक की कमी वाले स्कूलों के बच्चे भी बेहतर तरीके से बोर्ड परीक्षा के साथ नीट एवं जेईई की भी तैयारी कर सकेंगे। कलेक्टर अग्रवाल ने ऑनलाईन क्लास का शुभारंभ करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए डिजिटल क्लास विशेष रूप से सहायक होगा। इसके माध्यम से बोर्ड परीक्षा के बच्चे अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर कर सकेंगे।

# उज्जैन में बनेगी प्रदेश की पहली मेडिसिटी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

पायनियर संवाददाता ‹ भोपाल
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिसिटी बनने जा रही है। राज्य सरकार चिकित्सा सेवा और चिकित्सा शिक्षा के लिए गंभीर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में चिकित्सा सेवा और आयुष के माध्यम से स्वास्थ्य और चिकित्सा को समग्रता में देखते हुए नई अवधारणा पर कार्य हो रहा है। इसके चलते उज्जैन में बनने वाली मेडिसिटी में न केवल मेडिकल कॉलेज रहेगा अपितु नर्सिंग, पैरामेडिकल, अनुसंधान सुविधा, चिकित्सक-विशेषज्ञ और स्टॉफ के आवास सहित संपूर्ण व्यवस्था होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे स्वयं इस कैंपस का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन में मीडिया से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले 20 साल में मध्यप्रदेश सरकार ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाएं हैं। वर्ष 2004-05 में प्रदेश में मात्र 5 मेडिकल कॉलेज थे, वर्तमान में प्रदेश में 17 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और 8 निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ अवधि में लगभग 15 करोड़ की आबादी उज्जैन में होगी। सामान्य समय में भी लगभग 5 से 7 करोड़ यात्री प्रतिवर्ष उज्जैन पधार रहे हैं। अतः यहां मेडिसिटी का बनना उपयोगी और महत्वपूर्ण है। उज्जैन में आकार ले रही मेडिसिटी के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

# एनीमिया जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित



पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के रेडक्रॉस के तत्वाधान से एनीमिया जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा कॉलेज भ्रमण के दौरान छात्राओं की रक्त अल्पतता को लेकर चिन्ता व्यक्त की गई थी। उनके दिशा निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में जिला चिकित्सालय दुर्ग के विषय विशेषज्ञ डॉ. रश्मि भोंसले द्वारा छात्राओं में बढ़ती रक्त अल्पतता एवं गीतिका पवार ने सिकेल सेल एनीमिया का विश्लेषण कर इसके निदान एवं बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने जिला प्रशासन को साधुवाद दिया कि छात्राओं की सेहत के प्रति शासन संवेदनशील है। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने उन कारणों पर प्रकाश डाला जो छात्राओं में रक्त अल्पतता के लिए जिम्मेदार है। जिला प्रोजेक्ट मैनेजर यामिनी लहरे ने शासन द्वारा युवाओं के लिए तैयार की गई विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने छात्राओं की रक्त अल्पतता से संबंधित शंकाओं का समाधान किया। कार्यशाला की समाप्ति पर एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार**
**जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्रमांक/1613/लो.नि.व./न.पा.प./2024 — बलौदाबाजार, दिनांक 19/11/2024

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना (द्वितीय निविदा आमंत्रण) //**

Main portal - http://cgeprocurement.gov.in
Sub portal - http://uadd.cgeprocurement.gov.in
Email - cmobalodabazar@rediffmail.com

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम टेंडर के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निर्धारित समयावधि | निविदा दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 161352 | वार्ड क्र. 02 मिनीमाता उद्यान परिसर में अटल परिसर निर्माण कार्य। | 27.61 | 21500.00 | 1500.00 | 01 माह | 28.11.2024 |

**टीप :-** उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurment.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uadd.cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला-सक्ती (रा.)**

**// ईश्तहार //**

कयामति यादव पिता स्व. समुन्दा यादव, साकिन बासीन, उपतहसील छपोरा, तहसील मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)

**न्यायालय में उपस्थित होने बाबत्**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202405311900024/ अ-6/ 23-24 पक्षकार शशिकुमारी बनाम कयामति वर्ग. में अपीलार्थीगण शशिकुमार पिता गाडाराम वगै. ग्राम बासीन तहसील मालखरौदा जिला सक्ती छ.ग. द्वारा निम्न न्यायालय के नामांतरण क्र. 6 आदेश दिनांक 23.02.2017 को निरस्त किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है। उक्त प्रकरण आगामी पेशी तिथि में आपकी उपस्थिति हेतु नियत है।

अतः आप आगामी पेशी तिथि 04/12/2024 को उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

यह ईश्तहार आज दिनांक 18.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील, मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा, जिला-सक्ती (रा.)



**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला राजनांदगांव**

**// निविदा सूचना //**

राजनांदगांव, दिनांक 18/11/2024

छत्तीसगढ़ आबकारी देशी/विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 अधिसूचना क्रमांक/एफ-10-10/2018/वाक.(आब)/पांच/2024 नवा रायपुर दिनांक 07.03.2018 एवं कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/आब./ठेका/2024/4029, नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 24.06.2024 के अनुपालन में :-

नगर निगम परिक्षेत्र के भीतर मदिरा दुकानें प्रारम्भ करने हेतु वाणिज्यिक एवं राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से उपयुक्त भाडे पर दुकान/परिसर लेने बाबत् कानूनी भवन मालिकों से निविदाएँ बोली प्रणाली के रूप में अर्थात निर्धारित प्रारूप में तकनीकी बोली (टेक्निकल बिड) अनुबंध-1 एवं वित्तीय बोली (फायनेंसियल बिड) अनुबंध-2 आमंत्रित की जाती है।

(1) विदेशी मदिरा दुकान (कम्पोजिट) वार्ड नं. 22 को आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से जी.ई रोड़ में अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो नक्शानुसार।

(2) देशी-विदेशी मदिरा दुकान मंडी बाईपास को समीप के क्षेत्र में ही आबकारी राजस्व सुरक्षा एवं वाणिज्यिक दृष्टिकोण से अन्यत्र स्थानांतरित करने एवं अहाता सहित, जिसका क्षेत्रफल सी.एस.एम.सी.एल की वाणिज्यिक आवश्यकताओं के अनुरूप हो नक्शानुसार।

इच्छुक निविदादाता निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधी समस्त जानकारी तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 27/11/2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी जिला राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 76 से प्राप्त कर सकते है।

मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 28/11/2024 को 12:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है तथा दिनांक 28/11/2024 को 1:00 बजे अपरान्हः उप समिति के समक्ष निविदा खोले जाने की कार्यवाही की जावेगी।

G-242503882/2

सहायक आयुक्त आबकारी
हेतु कलेक्टर
राजनांदगांव छ.ग.



**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| ओमप्रकाश साहू, शिव साहू खाता सं. LNRAI00621-220185180 | 9 सितम्बर 2024 ₹ 471696/- दिनांक 4 सितम्बर 2024 | केएच नं. 45/53 का भाग राजस्व निरीक्षक मंडल, अर्जुन वैली के पास, धरसीवा एरिया, स्थित मौजा-गांव-परसुलीडीह, पीएच नं. 23, आरआईसी धरसीवा, तहसील व जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन-492001 क्षेत्रफल 1010 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 16 नवम्बर 2024 |

स्थान : जयपुर — दिनांक : 20-11-2024 — प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# मेजबानी में फेल... नेशनल गेम्स खिलाड़ियों की डाइट में कटौती
# सेप्रेट सेंट्रल मेस में स्थानीय स्टॉफ को भी परोसा जा रहा भोजन

## लापरवाही के चलते खतरे में पड़ सकती है अगली मेजबानी, हॉल में जमीन में सो रहे खिलाड़ी, तय डाइट के हिसाब से नहीं मिल रहा नाश्ता-भोजन, ट्रांसपोर्टेशन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय शालेय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया के निर्देशों की धज्जियां उड़ रही है। खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टॉफ को ठहराने की बात हो या उनके भोजन की व्यवस्था.. फेडरेशन ने जो प्रोटोकॉल इसके लिए जारी किया है उसका पालन नहीं हो रहा है। फेडरेशन तक यह शिकायत पहुंचने पर जिम्मेदारों के खिलाफ जांच, कार्रवाई और आने वाले समय में प्रतियोगिता की मेजबानी खतरे में पड़ सकती है। टूर्नामेंट में आई टीमों को ठहराए जाने में अव्यवस्था का आलम है। अब यहां शामिल हो रहे नेशनल खिलाड़ियों के भोजन में कटौती की शिकायतें सामने आई है। प्रतियोगिता के पहले दिन रात के मेन्यू में शामिल चिकन कम पड़ गया। इसके अलावा खिलाड़ियों को दूध न दिए जाने की बात सामने आई है।

मेस संभाल रहे कैटरिंग संचालक ने बताया कि एक हजार से ज्यादा खिलाड़ी और दूसरे स्टॉफ के लिए पर्याप्त चिकन मंगाया ही नहीं गया था। 100 किलो से ज्यादा की जरुरत पर 80 किलो चिकन की सप्लाई की गई थी। इसी तरह दूसरी सब्जियों में भी कटौती की गई। कैटरिंग संचालकों को लोगों के हिसाब से आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी अफसरों को मिली हुई है। कैटर्स ने बताया कि, उसे सिर्फ 800 लोगों के खाना बनाने कहा गया था। जबकि खाने वालों की तादाद ज्यादा थे। इस प्रतियोगिता में शामिल होने विभिन्न राज्यों एवं संस्थाओं की 33 टीमों के 1064 खिलाड़ी राजनांदगांव आए हुए हैं। इनके साथ कोच सहित सपोर्टिंग स्टॉफ भी मौजूद है। 1200 से अधिक लोगों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था बनाई गई है। प्रतियोगिता दिग्विजय स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल कोर्ट में ही हो रही है। यहीं सेंट्रल मेस भी तैयार की गई है।

### लोकल स्टॉफ भी चटखारे ले रहा, कम पड़ा भोजन

प्रत्येक टीम में खिलाड़ी सहित 42 लोग शामिल हैं। इस लिहाज से लगभग 1386 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की जानी है। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देश अनुसार टेक्निकल ऑफिशियल्स और वीआईपी के लिए अलग मेस में व्यवस्था की जानी है। विशेष रुप से टीम के खिलाड़ी और सपोर्टिंग स्टॉफके लिए बनाई गई इस मेस में लोकल स्टॉफ भी चटखारे ले रहा है। यही नहीं प्रतियोगिता में व्यवस्था का प्रभार संभालने वालों के परिचितों को भी भोजन परोसा जा रहा है। इस अतिरिक्त खपत का असर खिलाड़ियों की डाईट पर पड़ रहा है। नॉनवेज परोसने की गाईडलाईन को पूरा करने औपचारिकता निभाई जा रही है।

### फेडरेशन ने मेन्यू तय किया है

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रतियोगिता के लिए विशेष कार्यक्रम व व्यवस्थाओं के दिशा-निर्देश दिए गए हैं। खिलाड़ियों को सुबह नाश्ते में ब्रेड-बटर, पराठा-दही, चाय, कॉफी, जूस, अंडा-ऑमलेट दिया जाना है। दोपहर के भोजन में मौसमी सब्जी, चावल, रोटी, पापड़, सलाद, आचार, दाल, दही और एक मीठा देना है। रात के भोजन में मौसमी सब्जी-नॉन वेज, चावल, रोटी, पापड़, सलाद, आचार, दाल और दूध देना अनिवार्य है।

### निर्देश : एक कमरे में तीन रुकेंगे, यहां हॉल में ठहराया

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया के निर्देशों के मुताबिक खिलाड़ियों को 3 स्टार सुविधा में ठहराया जाना है। यह भी तय किया गया है कि एक कमरे में तीन से अधिक खिलाड़ियों को न रोका जाए। लेकिन यहां खिलाड़ियों और सपोर्टिंग स्टॉफके साथ खिलाड़ियों को बड़े हॉल में ठहराया गया है। यहां जमीन पर गद्दे बिछाकर उनके सोने की व्यवस्था की गई है। यह सीधे तौर पर फेडरेशन के निर्देशों का उल्लंघन है।

### ट्रांसपोर्टेशन में भी व्यवस्था फेल

प्रतियोगिता में शामिल हो रहे बच्चों और सपोर्टिंग स्टॉफको अपने खर्च पर ऑटो से सफर करना पड़ रहा है। दरअसल, टीमों को अलग-अलग जगहों पर ठहराया गया है। अधिकतर मैच रात में खेले जा रहे हैं। मैच खत्म होने के बाद टीमों को ऑटो ढूंढने में मशक्कत और अपने ठहरने की जगह तक पैदल जाना पड़ रहा है। जबकि निर्देशों में इसकी व्यवस्था किए जाने का जिक्र है।

# 10 फीट के अजगर का किया रेस्क्यू



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्र रेवाडीह में खेत से 10 फीट के अजगर का रेस्क्यू किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि, इस क्षेत्र में कई अजगर हैं। खेत की फसल काटने के दौरान ये दिख रहे हैं। सोमवार को जब फसल की कटाई हो रही थी तब ये अजगर सामने आया। मजदूर इसे देखकर डर गए। तत्काल अजगर के रेस्क्यू के लिए संपर्क किया गया। वन विभाग के अफसरों ने रेस्क्यू के लिए संजीव को भेजा। उन्होंने खेत से अजगर को निकाल कर जंगल में छोड़ा है। संजीव ने बताया कि, क्षेत्र में लगातार सांप निकल रहे हैं। फसल कटाई के दौरान और खेतों में चलते हुए इसका खास ख्याल रखने की जरुरत है।

# देश सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया : भागवत साहू

**राजनांदगांव।** प्रियदर्शनी श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण द्वारा मनाई गई। शहर में आयोजित इस जयंती कार्यक्रम में प्रखर वक्ता के रूप में जिला कांग्रेस ग्रामीण के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि आज जो बांग्लादेश का अस्तित्व है। वह श्रीमती इंदिरा गांधी की ही देन है। श्रीमती इंदिरा गांधी ने महिला उत्थान और किसानों का जीवन स्तर उठाने के लिए भी उल्लेखनीय योगदान दिया। देश में जितने भी बड़े बांध है वह सब इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में बनाए गए हैं। जिससे आज तक लाखों किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है। हर साल उनकी फसल लहराती है। इस अवसर पर मोती साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज बांधव, उपाध्यक्ष महेंद्र यादव, महामंत्री मदन साहू अध्यक्ष किसान कांग्रेस,अजय मारकंडे प्रभारी महामंत्री, प्रकाश ठाकुर, सचिव गुलशन कुमार एवं जिला कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अवैध भंडराण पर करने वाले यदु ट्रेडर्स से 984 क्विंटल धान जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



जिले में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य में धान खरीदी शुरू हो गई है। जिसे लेकर प्रशासन ने चाक चौबंध व्यवस्था की है। कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में प्रशासनिक टीम भी सतर्कता के साथ अवैध धान भंडारण और परिवहन पर नजर जमाई हुई है। साथ ही मंडी अधिनियम की अवहेलना करने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता की टीम द्वारा क्षमता से अधिक धान का भंडारण करने वाले पर जिले के मुंडाटोला स्थित यदु ट्रेडर्स के यहां छापेमार कार्रवाई करते हुए 984 क्विंटल धान की जब्ती बनायी गई है। कलेक्टर वर्मा के निर्देशानुसार राजस्व, खाद्य एवं सहकारिता सहित अन्य टीम के द्वारा लगातार अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कार्यवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जांच दल ने जिले के मुंडाटोला यदु ट्रेडर्स के संचालक रामखिलावान यदु की दुकान में दबिश दी। जहां क्षमता से 984 क्विंटल धान ज्यादा पाया गया। जिसे मंडी अधिनियम के तहत जब्ती कर प्रकरण तैयार किया गया।

# भारतर इंदिरा गाँधी की जयंती पर पुण्य स्मरण

## आयरन लेडी के साहसिक कार्यों व उपलब्धियों की बखान



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

भारतदेश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री व भारतरत्न स्व इंदिरा गाँधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने पुण्य स्मरण किया। इस दरम्यान वक्ताओं ने स्व गाँधी द्वारा देश की सुरक्षा व आत्मनिर्भर भारत बनाने के दृष्टिकोण से उठाये गए साहसिक कदमों को उकरित करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर उन्हें मौन भावांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में टिकेश साहू, सुयश नाहटा, वीरेन्द्र बोरकर, गणेश साहू, संध्या साहू, डॉ नरेंद्र साहू, वैशाली बोरकर, रोशन यदु, मुरली निषाद, मोहनीश साहू, प्रियंक जैन, लोकेश सिन्हा, रोशन साहू, ऐश्वर्य जंघेल, प्रदीप रत्नाकर, किशोर बनाफर, पुष्पेंद्र नेताम, राजाराम पंचारी, रेवाराम साहू, हेमनारायण साहू, जितेन्द्र चुनारकर, दयालदास साहू व भगत राम चंद्रवंशी सहित अन्य शामिल हुए।

# 24 को साहू समाज का राज्य स्तरीय परिचय सम्मेलनू

**छुरिया।** जिला साहू संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 24 नवंबर को साहू सदन राजनांदगांव में किया जाएगा। जिला साहू संघ के अध्यक्ष भागवत साहू, महामंत्री नीलमणि साहू ने बताया कि 24 नवंबर को सुबह 10:00 बजे संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा के तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। तत्पश्चात सामाजिक परिचारिका का विमोचन होगा। इस संबंध में तैयारी जिला साहू संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा जोर-शोर से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर रमन सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, गृह मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पांडे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, प्रदेश के विधायक आदि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति देंगे।

# छत्तीसगढ़ पहला राज्य जहाँ 0.8 पंजीयन शुल्क नहीं लगेगा : किशुन

**राजनांदगांव ।** छत्तीसगढ़ में जमीन दान, बंटवारे या हक त्यागने को लेकर विष्णुदेव सरकार ने बड़ी राहत दी है। किशुन यदु ने कहा कि विष्णुदेव सरकार के सुशासन में भाजपा के जनहित के कार्यों की वजह से देश में छत्तीसगढ़ पहला ऐसा राज्य बन चुका है जहां इन तीनों के लिए पंजीयन शुल्क सिर्फ500 रुपए लगेगा। पहले यह शुल्क बाजार मूल्य का 0.8न्न था यानी अगर दानशुदा संपत्ति की कीमत 1 करोड़ रुपए है तो 80 हजार रुपए पंजीयन शुल्क लगता था। लेकिन, अब संपत्ति की कीमत कितनी भी अधिक हो, पंजीयन शुल्क मात्र 500 लगेगा। स्टांप ड्यूटी दान के लिए 0.5 प्रतिशत, हकत्याग के लिए 0.5 प्रतिशत और बंटवारे के लिए 200 प्रति हिस्सा लगती थी, इसे यथावत रखा गया है। ऐसे में हजारों लोगों को सीधे फायदा होने वाला है, जो अपने प्रियजनों को अचल संपत्ति उपहार करते हैं।

# अंग्रेजी मीडियम में इंडियन व चायनीज फूड के स्टॉल

## बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में लगा बाल मेला



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में संचालित बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में बाल दिवस के मौके पर वृहद बाल मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों ने स्कूल कैम्पस में नाना प्रकार के व्यजंनों के स्टॉल लगाये। बच्चों के पलको ने बच्चों द्वारा लगाये गये स्टॉल में मौजूद व्यजंनों का जमकर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरपर्सन गिरिश कुमार सोनी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन अर्चन तथा फीता काटकर किया। बाल मेला में बच्चों ने दही बड़ा, चॉट मसाला, गुपचुप, गुलाब जामुन, केन्डी, कोल्ड ड्रिंक, पॉपकार्न, मोमोस, सैंडविच सहित अनेक प्रकार की खाद्य सामग्रियों के स्टॉल लगाये थे। बालमेला में मनोरंजन के लिए बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सुबह लगभग 11 बजे से प्रारंभ बाल मेला सायं 4 बजे तक जारी था। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंध समिति के सचिव बिरेन्द्र राजपूत, प्रिंसीपल नीलेश श्रीवास्तव, हेड मिस्ट्रेस धन्नी साहू, नीतू रत्नाकर, कीर्ति सागर, हारिका पटेल, लक्ष्मी शर्मा, शिवराज शांडिल्य, माधुरी साहू, सुमन साहू, ऐश्वर्या ध्रुव, उषा साहू, तेज साहू, पिंकी देवांगन, नीरज साहू, महिमा देवांगन, पल्लवी यदु, रेशमी साहू, तामेश्वर साहू, उमेश यादव, शिव यादव, धनंजय नायक, परमेश्वरी कंवर, रितिका धावड़े, ज्योति, प्रियंका पटेल, चंद्रप्रभा, प्रीति साहू आदि ने सहयोग प्रदान किया।

# ग्राम पटेल के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, हटाने की मांग, कई शिकायतें, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com




ग्राम गैंदाटोला में ग्राम पटेल को हटाने के लिए ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। मंगलवार को ग्रामवासियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। तहसीलदार विजय कोठारी ने सारा मामला सुनने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों की शिकायत है कि, 03 नवंबर को ग्राम की बैठक रखी गई थी। बैठक का विषय चमन साहू सहित समस्त यादव समाज एवं ग्राम पटेल महेश गुप्ता व परिवार के मध्य गोर्वधन पूजा स्थल पर वाद- विवाद था। ग्राम के वरिष्ठों द्वारा दोनो पक्षों के बयान एवं चश्मदीदों बयान को ध्यान से सुना व समझा गया। इसके बाद महेश गुप्ता व परिवार की गलती पायी गई। महेश ने भी अपनी गलती स्वीकार की। ग्रामीणों ने ग्राम पटेल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुये ग्राम पटेल से इस्तीफा की मांग की। जिस पर ग्राम पटेल महेश गुप्ता ने इस्तीफा देने से इंकार कर दिया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने उन्हें पद से पृथक करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने ग्राम पटेल पर कई आरोप लगाए हैं। उनके मुताबिक महेश गुप्ता द्वारा किसानों को गुमराह कर सभी से कृषि बीमा दिलाने के नाम से सौ-सौ प्रति एकड़ की वसुली की गई और राशि हड़प ली गई। ग्राम के सिया कंवर द्वारा अपना मकान निर्माण कराते समय महेश गुप्ता द्वारा 20000 हजार रू लेने का आरोप है। इसी तरह ग्राम पंचायत के नजदीक शासकीय भूमि भीखम साहू मातेखेडा निवासी को विक्रय किये जाने का मामला भी सामने आया है। पटाखा दुकानदारों से भी अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। ग्राम के उप सरपंच भूपेश देवांगन, सिया कंवर, कमल कंवर, थमलेश देवांगन, शिव निषाद, दीपक ठाकुर, विनोद कोचे, पवन साहू, नरेंद्र मानिकपुरी, छोटेलाल निषाद सहित दर्जनों ग्रामवासियों ने ये शिकायत की है।

# दब गई जांच की फाईल, भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं

## लक्ष्मी बाई स्कूल की ऑडिट रिपोर्ट में मिली थी वित्तीय अनियमितता

राजनांदगांव। महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के स्टाफ द्वारा लगातार जिला शिक्षा अधिकारी को यह जानकारी दी जा रही थी कि स्कूल के प्राचार्य द्वारा मनमाने ढंग से स्कूल फंड को खर्च किया जा रहा है। जांच दल गठित कर स्कूल के स्थानीय निधियों का विभागीय लेखा परीक्षण कराया गया। ऑडिटर ने पाया कि स्कूल में भारी वित्तीय अनियमितता हुई है। ऑडिट रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, लेकिन तत्कालीन डीईओ द्वारा इस ऑडिट रिपोर्ट को दबा दिया गया। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के ऑडिट रिपोर्ट को संभागीय कमिश्नर को भेजकर जिला शिक्षा अधिकारी और प्राचार्य पर कार्यवाही करने की मांग की गई है। पॉल का कहना है कि रेमेडियल कोचिंग में प्राचार्य द्वारा लाखों रूपया का कैश भुगतान किया गया, जो भारी वित्तीय अनियमितता है। इतना ही नहीं प्राचार्य द्वारा किए लाखों के भुगतान का बाऊचर ही उपलब्ध नहीं है, जो भारी वित्तीय अनियमितता है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में इस ऑडिट रिपोर्ट को दबा कर रखा गया है, जो गंभीर प्रवृति का अपराध है। जबकि इस ऑडिट रिपोर्ट को तत्काल संभागीय कमिश्नर को भेजकर दोषियों पर कार्यवाही हेतु अनुशंसा करना अनिवार्य है।

## कांग्रेस के आरोप पर भाजपा का जवाब... महापौर से सवाल क्यूं नहीं पूछते कांग्रेसी

# डॉ. रमन का पूतला फूंकने पर विवाद, भाजपा ने कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com





विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का पुतला दहन करने का मामला तूल पकड़ चुका है। भाजपा ने इस मामले में कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर के लिए कोतवाली में शिकायत की है। भाजपा का पक्ष है कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष का संवैधानिक पद संभाल रहे हैं। संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति का पुतला जलाया जाना संविधान के खिलाफ है। इसलिए इस प्रदर्शन में शामिल नेताओं पर एफआईआर दर्ज हो। भाजपा नेताओं ने शिकायत के बाद कहा कि, कांग्रेस अध्यक्ष झूठे आरोप लगा रहे हैं। वे राजनीतिक स्वार्थ में गरिमा, सम्मान और संविधान भी भूल चुके हैं। संवैधानिक पद पर आसीन वरिष्ठ नेता के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन संविधान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि, शहर में बिजली की व्यवस्था निगम की जिम्मेदारी है। निगम में कांग्रेस की महापौर हैं। वे खुद शहर को अपने कार्यकाल में गर्त में धकेल चुकी हैं। यह प्रदर्शन कुलबीर छाबड़ा और महापौर के बीच खिंचतान को भी स्पष्ट करता है। अगर, कुलबीर को सवाल करने ही हैं तो वे महापौर से करें। इधर, अघोषित बिजली बंद को लेकर कांग्रेस ने मंगलवार को सिलसिलेवार विस अध्यक्ष डा.रमन सिंह के 4 पुतले फूंकने का प्रयास किया। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि बिजली अव्यवस्था के चलते विगत दिनों गांधी चौक पर चाकूबाजी जैसी जघन्य घटना घटी। इसी तरह शहर के अन्य हिस्सों में लगातार हो रही लूट, हत्या, डकैती जैसी वारदात बढ़ रही है। इसका एक मात्र कारण है कि बिजली गुल के कारण अंधेरा रहता है। इस संबंध में विद्युत अफसरो से बातें करो तो निगम का मामला बताते है, वहीं निगम से बात करो तो विद्युत विभाग का मामला बताकर अपना पल्ला झाड़ देते है। कहने को तो राजनांदगांव वीआईपी जिला कहलाता है परंतु समस्या सुनने वाला कोई नहीं क्योंकि यहां के विधायक व सांसद राजनांदगांव को शहर से कोई मतलब ही नहीं रखते है। छाबड़ा ने कहा कि, पुतला दहन के बाद विद्युत व्यवस्था ठीक हो गई, बंद लाइटें जल उठी हैं। ये दर्शाता है कि अव्यवस्था किनकी वजह से हो रही थी।


# भालू ने किया किसान को घायल



**खैरागढ़।** खेत में धान काटने गए किसान पर भालू ने हमला कर दिया। जिसके चलते किसान को घायल अवस्था में खैरागढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गातापार जंगल के वनांचल इलाके मलैदा की है। रविवार को मलैदा निवासी खुशवंत सिरकाम अपने सहयोगी पुनीत ध्रुर्वे के साथ धान कटाई करने खेत गया था। धान काटने के बाद उसे बांधने के लिए मोहलई पेड़ की बेल ढूंढने खुशवंत जंगल की ओर चला गया। मोहलई बेल को तोड़ने के दौरान झाड़ियों में छिपे भालू ने उस पर हमला कर दिया। भालू द्वारा घसीटने के दौरान खुशवंत ने मदद के लिए पुकार लगाई जिसे सुनकर साथी पुनीत मौके पर पहुँचा और भालू से साथी को छुड़ाने हमला किया। हमले के डर से भालू खुशवंत को छोड़कर जंगल की ओर भाग निकला। घायल खुशवंत को पुनीत ने गांव पहुँचाया जहाँ से उसे आनन-फानन में सिविल अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग ने भी वनांचल के ग्रामीणों को अकेले जंगल की ओर से मना करने की मुनादी करवाई है। वन विभाग कर्मी सुनील सिंह ने बताया कि खुशवंत की हालत खतरे से बाहर है। उसका इलाज जारी है।

# रामानुजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला, महिला ने फर्जी शिकायत करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध की कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज को पद से हटाने के लिए चारित्रिक हनन सम्बन्धी निराधार आरोप कर्मचारी नेता सुनील गुप्ता स्वास्थ्य कार्य कर्ता रामचन्द्रपुर जो की आरएचओ संघ का ब्लॉक अध्यक्ष है,अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर साजिश करते हुए आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत दीक्षित के सख्त एवं साफ़ छबि से ऐसे अधिकारी/ कर्मचारी परेशान हैं जो शासन द्वारा निर्धारित दायित्वों के निर्वहन में कोताही बरतते हैं तथा स्वेच्छाचारी हैं। कर्मचारियों के ऐसे ही एक वर्ग द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी को पद से हटाने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में संघ के लेटर पैड का उपयोग करते हुए विभिन्न स्थानों पर पत्र प्रेषित कर खण्ड चिकित्सा अधिकारी को हटाने की माँग की गई है माँग न माने जाने पर आंदोलन की धमकी दी गई है ।संबंधित के माध्यम से बीएमओ पर चारित्रिक आरोप लगाया गया है। जिस महिला के नाम से आरोप लगाया गया है वह महिला आज स्वयं कलेक्टर के कार्यालय में उपस्थित हुई तथा इस आशय का ज्ञापन सौपा की सुनील गुप्ता एवं विवेकानंद गुप्ता स्वास्थ्य कार्यकर्ता रात में मेरे घर आये थे तथा बीएमओ पर झूठा आरोप लगाने के लिए दबाव बना रहे थे एवं तरह तरह का लालच भी दे रहे थे। जब मेरे द्वारा बोला गया की मैं झूठा आरोप नहीं लगा सकती तो ये लोग मुझे घूरने लगे तथा धमकी देने लगे। इस बात से मैं बहुत डरी हुई हूँ तथा मानसिक रूप से परेशान हूँ । महिला के द्वारा बताया गया है कि एक वर्ष पूर्व भी किसी ने साजिस करते हुए मेरे फर्जी हस्ताक्षर करके एक शिकायत पत्र कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसमे इसी प्रकार का आरोप लगाया गया था। बाद में जाँच समिति के द्वारा मुझे बुलाये जाने पर मुझे ज्ञात हुआ और मेरे द्वारा इसका खंडन किया गया था। यह सारी साजिस एक मात्र खंड चिकित्सा अधिकारी को हटाने के लिए की जा रही है । कलेकटर बलरामपुर से उक्त महिला ने सुनील गुप्ता स्वास्थ कार्य कर्ता रामचन्द्रपुर एवं विवेकानंद गुप्ता स्वास्थ्य कार्य कर्ता पुरानडीह के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की माँग की है जिससे संबंधित को न्याय मिल सके और और लोगो के लिए मिशाल बन सके ताकि भविष्य में कोई किसी गरीब आदिवासी महिला का अपने स्वार्थ के लिए बेजा इस्तेमाल न कर सके।

## शराब दुकान के पास बने दुकानों में खुलेआम पिलाई जा रही शराब

**उतई।** शराब दुकान उतई के पास पुरई मार्ग के चखना दुकानों में खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। ये दुकाने अघोषित अहाता के रूप में चलाई जा रही है। जिससे आबकारी नियमो की धज्जियां उड़ रही है इस तरह होटल ढाबा में खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। आबकारी विभाग के अधिकारी शराब दुकान में आते तो है, लेकिन महज 100 मीटर की दूरी में इस इस तरह से आबकारी अधिनियम को ताक में रखकर शराब पिलाई जा रही है। इस पर ध्यान नहीं जाता। वहीं पुलिस भी काफी गस्त कर रही है, लेकिन इस तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। आखिर किसके सह पर हो रहा है, यह कार्य चर्चा का विषय है। उतई सहित आसपास के गांवों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों, परिवहन करने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। लेकिन दुकान बनाकर खुलेआम आबकारी विभाग और पुलिस विभाग के आंखों के सामने आबकारी अधिनियम की धज्जी उड़ाते ये होटल संचालक लोगों को बैठाकर शराब पीने की सुविधा दे रही है।

# आदिवासियों के सम्मान में विष्णु सरकार का एक और मजबूत कदम है बैगा गुनिया सम्मान निधि : कृष्ण राय

### साय सरकार हर साल 5 हजार देगी प्रदेश के बैगा,गुनिया और सिरहा जनजाति को

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने आदिवासियों को वोट बैंक समझ कर उनका राजनीतिक इस्तेमाल किया है। जबकि भारतीय जनता पार्टी हमेशा आदिवासियों के विकास और सम्मान की चिंता करती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने उक्त बातें कही। उन्होंने प्रदेश के बैगा,गुनिया और सिरहा जनजाति को हर साल 5 हजार रूपये का सम्मान निधि देने के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार के इस कदम से इन पिछडी जनजातियों को आर्थिक सहायता मिलने के साथ समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का बेहतर अवसर मिल सकेगा। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली राज्य सरकार आदिवसियो के विकास के साथ उनके सम्मान का भी पूरा ख्याल रख रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजाति गौरव दिवस घोषित कर जनजाति समाज को देश और विदेश में नई पहचान स्थापित करने की ओर बड़ा कदम उठाया है।

प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और पत्थलगांव की विधायक गोमती साय ने कहा कि बैगा,गुनिया और सिरहा जनजाति को सम्मान निधि देने का निर्णय आदिवासियों के सम्मान में उठाया गया एक और कदम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च संवेधानिक पद राष्ट्रपति के पद पर आसीन किया,भगवान विरसामुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने बाद अब एक और बड़ा कदम उठाया है।

**विधायक ने भी सराहा**–जशपुर की विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार बीते 11 माह के छोटे से कार्यकाल में साबित किया है आदिवासियों का विकास और उनका सम्मान के लिए कई कदम उठाये हैं। भाजपा का लक्ष्य आदिवासियों को समाज में सम्मान के साथ जीने का अधिकार देना है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार लगातर कदम उठा रही है। भगवान बिरसामुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित कर देश भर के आदिवासियों को एकजुट हो कर समारोह मनाने का अवसर दिया। जबकि कांग्रेस,जाति के नाम पर बाटने की कोशिश कर रही है।

# विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के साथ लोकतांत्रिक पार्टी भी है भाजपा : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



देश में केवल और केवल भाजपा ही है जो लोकतांत्रिक तरीके से संगठन के चुनाव करती है। यह बात गोविंद सारंग स्मृति परिसर भाजपा कार्यालय भाटापारा में आयोजित सिमगा, निपनिया, भाटापारा ग्रामीण मंडल के संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कही. इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा के 03 मंडलों के चुनाव संपन्न करने के लिए चुनाव संपर्क सहयोगी अर्थात चुनाव अधिकारियों की भी घोषणा की इस से पूर्व भाटापारा शहर मंडल की घोषणा की जा चुकी है, 04 मंडलो में संगठन चुनाव हेतु दायित्व दे दी गई है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि सबसे पहले बूथ मंडल एवं जिले के बाद प्रदेश तथा देश का चुनाव सिर्फभाजपा में होता है, बाकी दल के लोग लोकतंत्र का केवल ढकोसला करते हैं तथा लोकतंत्र के नाम पर सिर्फ मनोनयन का रास्ता अख्तियार करते हैं। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के साथ-साथ लोकतांत्रिक पार्टी भी हैं। संगठन चुनावों में सक्रिय सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि संगठन की सफलता तभी संभव है जब हम सब मिलकर एकजुटता से काम करें, विचार साझा करें, और एक मजबूत दिशा में आगे बढ़ें। हमारी सामूहिक मेहनत ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाती है। उक्त अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश चंद्राकर, राकेश तिवारी, अनिल पांडेय, महाबल बघेल, केजुराम बघेल, धनीराम साहू ,पवन वर्मा, चंद्रमणि तिवारी, छोटू यादव,रोशन साहू, मथुरा यदु सहित मोर्चा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महामंत्री पदाधिकारी कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग नही तो किसान करेंगे चक्काजाम

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



कच्चे क्षेत्र के ग्रामीणों ने साल्हे में स्थित धान खरीदी केंद्र को कच्चे में खोलने की मांग की है। किसानों ने चेतावनी भी दी है की अगर कच्चे में धान खरीदी केंद्र नहीं खोला जाता तो वे चक्का जाम कर देंगे। ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों द्वारा लैंप्स प्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि लैंप्स प्रबंधक एवं बैंक प्रबंधक के निर्देश पर ग्राम पंचायत के पैसे से नवीन धान खरीदी केंद्र के लिए समतलीकरण कराया है उसके बाद भी इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानो ने बताया पूर्व में धान खरीदी केन्द्र कच्चे में संचालित था परन्तु जगह अभाव के कार कच्चे पंचायत अन्तर्गत टेकातोड़ा में खरीदी केन्द्र चालू किया गया है। उन्होने बताया यहां पर चबूतरा निर्माण के लिए पैसा आया हुआ था ग्रामीणों द्वारा जगह अभाव के कारण निर्माण होने नहीं दिया गया। साथ ही कच्चे क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लगातार कच्चे में ही नवीन धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग की जा रही थी। इसी के मद्दे नजर भानुप्रतापपुर लैंप्स के शाखा प्रबंधक एवं जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक द्वारा ग्राम पंचायत कच्चे में आकर जगह की मांग की गई। जिस पर ग्राम पंचायत द्वारा लगभग चार एकड़ भूमि उनको दिखाया गया। यहां पर नवीन धान खरीद केंद्र खोलने की सहमति बनी जिस पर प्रबंधक द्वारा ग्राम पंचायत को समतली करण करने के निर्देश दिए गए। उनके निर्देश अनुसार ग्राम पंचायत ने अपने खर्चे से समतली करण कराया गया है। लेकिन आज तक यहां पर नवीन धान खरीदी केंद्र नहीं खोला गया। जिसकी मांग को लेकर आज ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने प्रबंधक से मुलाकात कर ज्ञापन सोपा है। और नवीन धान खरीदी केंद्र कच्चे में नहीं खोले जाने की स्थिति में उन्होंने चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की पात्रता हेतु आय सीमा नहीं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में गति आई है। इस योजना के तहत 78 हजार रुपये तक की सबसिडी का आकर्षक प्रावधान है। योजना की लोकप्रियता बढ़ने के साथ कतिपय लोगों द्वारा यह भ्रांति फैलाई जा रही कि यह योजना सिर्फ सीमित आय वर्ग के लोगों के लिये है जो कि पूर्णतः गलत है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि यह गलत जानकारी कुछ लोगों द्वारा वायरल की जा रही है जिसमें पात्रता के लिये 6000 रूपये की आय सीमा बताई जा रही है। जो भ्रामक और वस्तुस्थिति से परे है। वास्तव में इस योजना में 1 से 3 किलोवॉट का सोलर पॉवर प्लांट बिजली उपभोक्ता की छत पर लगाने पर 30 हजार से लेकर 78 हजार रुपए तक की सबसिडी का प्रावधान सभी के लिये है, चाहे वे किसी भी आय व जाति वर्ग के हों। योजनानुसार प्रतिमाह 300 यूनिट की मुफ्त बिजली मिलेगी, जो उपभोक्ता की छत पर सौर ऊर्जा के रूप में उत्पादित होगी। यदि छत पर उत्पादित पूरी बिजली का उपयोग उपभोकता किसी कारण से नहीं कर पाता तो उसके ग्रिड के माध्यम से समायोजन की व्यवस्था भी रहेगी ताकि उपभोक्ता को आर्थिक लाभ में बाधा न आये। जो उपभोक्ता बैंक से ऋण लेना चाहते हैं उनके लिये मात्र 7 प्रतिशत ब्याज पर आसान ऋण की व्यवस्था भी की गई है। आवेदन हेतु पीएम सूर्यघर के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करना होता है। यह योजना अपने घर की छत पर अपना बिजली घर बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है।

# रायपुर नगर निगम के कर्मचारियों ने कार्यकारी कर्मचारी समिति बनाई, कर्मचारी महासंघ का शीघ्र निर्वाचन करवाने सहमति




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन में एकत्रित होकर नगर निगम रायपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों एवं समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने को लेकर सकारात्मक पहल एवं प्रयास करने एवं शीघ्र नगर निगम रायपुर में विधिवत कर्मचारी महासंघ का निर्वाचन एवं गठन करने हेतु निगम कर्मचारी कार्यकारी समिति का गठन सहमति बनाकर कर लिया है. यह कार्यकारी समिति शीघ्र नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मांगों एवं समस्याओं को लेकर नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, आयुक्त अबिनाश मिश्रा से मिलेगी एवं उन्हें मांग पत्र एवं ज्ञापन देकर शीघ्र समाधान करवाने अनुरोध करेगी। लगभग 400 निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सहमति से गठित निगम कर्मचारी कार्यकारी समिति में कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, कार्यकारी संरक्षक अरुण दुबे, सुरेन्द्र दुबे, कार्यकारी महामंत्री आशुतोष सिंह, कार्यकारी उपाध्यक्ष मोहित कुमार, श्याम सोनी, कार्यकारी महिला उपाध्यक्ष रुचिका मिश्रा, नलिनी साहू, स्वाती साहू जोन 1 में कार्यकारी प्रभारी इस्माइल खान, जोन 2 में राजश्री श्रीवास, जोन 3 में मोहिब खान, जोन 4 में जितेन्द्र निहाल, जोन 5 में आनंद ताम्रकार, जोन 6 में पुरुषोत्तम यदु, जोन 7 में बमशंकर गुप्ता, जोन 8 में चंदन रगड़े, जोन 9 में विजय शर्मा, जोन 10 में महादेव रक्सेल जोन कार्यकारी प्रभारी बनाये गये है।

# कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन समारोह सामाजिक भवन पुष्प मंगलम में उल्लासमय वातावरण में आयोजित हुआ। भगवान श्री गणेश कुल देवी दुर्गा मां एवं भगवान परशुराम जी के पूजन आरती के साथ आरंभ हुआ। कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा गीत, कविता कहानी के साथ संस्कार बाजपेयी के सुमधुर भजन हाइ कोर्ट अधिवक्ता प्रकाश मिश्रा के सुंदर गायन और अभिषेक मिश्रा द्वारा ज्ञानवर्धक भाषण की शानदार प्रस्तुति हुई तथा महिला मंडल की सदस्यों द्वारा देवी गीत का भी समाजजनों द्वारा आनंद लिया गया। छोटे बच्चों द्वारा आतिशबाजी और महिला मंडल द्वारा रंगोली और दीप प्रज्वलन कर भवन की सुंदरता को और भी बढ़ा दिया, युवा मंडल के द्वारा पूर्व में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का मैडल पहना कर सम्मान किया गया तत्पश्चात स्वादिष्ट व्यंजनों के रसास्वादन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस वृहत आयोजन में समाज के संरक्षक बसंत पांडेय, रमाकांत शुक्ला के साथ अध्यक्ष अटल बिहारी त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष राकेश तिवारी, सुनील त्रिवेदी, मनीष शुक्ला, देवेश पांडे, कृष्णकुमार तिवारी लल्लू, प्रदीप शुक्ला, दिनेश अवस्थी, जितेन्द्र मिश्रा, महिला मंडल अध्यक्ष चंद्रकांता तिवारी, सचिव साधना मिश्रा, शकुन दुबे, लता त्रिवेदी, अंजलि शुक्ला, सुमन मिश्रा, रचना शुक्ला, शारदा शुक्ला, क्षमा मिश्रा, अर्चना त्रिपाठी, ममता अवस्थी, तृप्ति शुक्ला, ओमी तिवारी युवा मंडल से शुभम् तिवारी, सृजन मिश्रा, अग्रांश मिश्रा, प्रखर त्रिवेदी, नील त्रिवेदी, शुभम् पांडेय, आद्यांश मिश्रा, आयुष्मान मिश्रा, शौर्य मिश्रा, अथर्व तिवारी सहित समाज के लगभग सभी परिवार के अनेक लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन अजयकांत शुक्ला ने किया सफलता पूर्वक आयोजित करने वाले मनीष मिश्रा अज्जू, देवकांत मिश्रा, राजा त्रिवेदी, पूर्णेंदु त्रिवेदी संजय शुक्ला, मनीष तिवारी सहित अन्य लोगों की भूमिका सराहनीय रही।

# श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स रायपुर में कैंपस टू कॉर्पोरेट ट्रेनिंग का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ इंस्टीटूटूशन रायपुर, नवा रायपुर व कुम्हारी प्लेसमेंट सेल द्वारा 2 दिवसीय कैंपस टू कॉर्पोरेट ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग, रिज्यूमे राइटिंग, क्रिटिकल थिंकिंग, प्रोब्लम सॉल्विंग, इंपोर्टेंस ऑफ इंग्लिश, इंटरव्यू प्रिपरेशन विषयों में ट्रेनिंग दी गई। यह कार्यक्रम में मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुम्हारी, श्री रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी कुम्हारी, श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर, रवि शंकर इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग नवा रायपुर के छात्र उपस्थिति रहे। ट्रेनिंग के पहले दिन वक्ता सौरज गौतम मैनेजिंग डायरेक्टर प्रिज्म मेडिकल प्राइवेट लिमिटेड थे, ट्रेनिंग के दूसरे दिन राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के जाने माने बाल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अशोक भट्टर व मोटिवेशनल वक्ता सुनील गोकुल पंड्या उपस्थिति रहे। डॉ अशोक भट्टर ने नर्सिंग व फार्मेसी के क्षेत्र में सफल करियर के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। मोटिवेशनल वक्ता सुनील गोकुल पंड्या ने एम्प्लॉयमेंट, परफॉर्मेंस स्टेबिलिटी को उदाहरण से समझाया। इसमें लगातार 3-3 घंटे का हर दिन 2 बैच चला, जिसमें 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बैच के समापन समारोह में विद्यार्थियों से ट्रेनिंग के फीडबैक लिया गया। मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एस के सिंह, कुलसचिव डॉ सौरभ शर्मा, प्राचार्य फार्मेसी डॉ विजय, उप निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट ओम प्रकाश त्रिपाठी, सादाब, स्किल ट्रेनर, राकेश यादव प्लेसमेंट असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर थे। एस एस बजाज कार्यकारी निदेशक रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी।

### सेमिनार में भौतिक और वर्चुअल रूप से लगभग 40 पीएचडी स्कॉलर ने भी भाग लिया


# प्रिज्म संस्थान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार मंथन का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com




शिक्षा के क्षेत्र में पारंपरिक शिक्षण एवं नवाचार के इष्टतम संगम और आधुनिक युग में शिक्षण चुनौतियों एवं उसके समाधान के उद्देश्य से प्रिज्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के प्रांगण में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार मंथन 2024 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के अलावा देशभर के अलग-अलग राज्यों से शिक्षा विधा से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर मंथन करते नजर आए। सेमिनार में भौतिक और वर्चुअल रूप से लगभग 40 पीएचडी स्कॉलर ने भी भाग लिया। संस्था प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता ने सेमिनार में शामिल विशेषज्ञों और श्रोताओं को बताया कि प्रिज्म संस्थान की शुरुआत ग्राम महकाखुर्द में 2010 में ग्रामीण अंचल के युवाओं को उन्नत एवं किफायती शिक्षा और उनमें उद्यमता के विकास उद्देश्य से की गई थी। प्रिज्म संस्थान में एम बी ए, बी एड, आई टी आई के साथ ग्रेजुएशन कोर्स जैसे बी ए, बीएससी और पीजीडीसीए इत्यादि हिन्दी के साथ इंग्लिश माध्यम में भी संचालित है। संस्था के डायरेक्टर ख्याति साहू ने सेमिनार पर जानकारी देते हुए बताया कि विगत तीन वर्षों से प्रिज्म संस्थान राष्ट्रीय सेमिनार मंथन का आयोजन करता आ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रिज्म संस्थान भारतीय शिक्षा प्रणाली और आधुनिक नवाचार के समायोजन से युवाओं को रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रिज्म संस्थान राष्ट्रीय सेमिनार के साथ हर वर्ष युवाओं के लिए उड़ान नाम से ओपन प्लेसमेंट का आयोजन करता है। जिसमें राज्यभर के सैकड़ों युवा रोजगार से जुड़ते है। सेमिनार में शामिल हुए अतिथियों सेमिनार के सफल आयोजन पर संस्था को बधाई देते हुए कहा कि प्रिज्म संस्था के शिक्षा पद्धति, शिक्षा पर राष्ट्रीय आयोजन और अपने उद्देश्य के कारण ही पाटन ब्लॉक में नेक से मान्यता प्राप्त चुनिंदा प्राइवेट संस्था में शामिल है। सेमिनार के मुख्य अतिथि रहे हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप ने सेमिनार के सफल आयोजन प्रिज्म परिवार को बधाई देते हुए युवाओं में कौशल विकास पर जोर दिया।जहां 12 नवंबर को बी.एड, ग्रेजुएशन और स्कूल विभाग, 13 नवंबर फॉर्मेसी और आई टी आई विभाग और 14 नवंबर पीजीडीम विभाग का सेमिनार रखा गया। 12 नवंबर प्रथम दिवस सेमिनार का टॉपिक क्वालिटी इन्हासमेंट इन हायर एजुकेशनः ए नेक प्रॉस्पेक्ट्स इसे आई क्यू ए सी के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थान में बेस्ड प्रैक्टिस और स्ट्रेटजी के द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारना है। इस सेमिनार के चीफगेस्ट हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप और गेस्ट ऑफ ऑनर प्रशांत श्रीवास्तव सर उपस्थित थे, इनका स्वागत प्लांट पॉट, मोमेंटो और गिफ्ट के साथ किया गया। सरस्वती वंदना के साथ इनोग्राल सेशन की शुरुआत हुई द्य पुनः बी एड विद्यार्थियों के द्वारा वेलकम संग की प्रस्तुति दी गई। वेलकम स्पीच में प्राचार्य डॉ अंजना शरद ने गणमान्य अतिथियों के अभिवादन के साथ सेमिनार के प्रारूप की जानकारी दी। तत्पश्चात संस्थान प्रमुख रूपेश कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों का पक्ष लेते हुए बताया कि इन चमकती आंखों में बड़े सारे सपने है, जो कहीं न कहीं पीर प्रेशर, क्लासरूम, टीचर पेरेंट्स एसपेक्टेशन के बीच दब गई है । उन्होंने बताया कि एक शिक्षक के तौर पर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है कि, एक विद्यार्थी क्लासरूम में क्यूं आना नहीं चाहता, क्यों वह कोचिंग आदि का सहारा लेता है जो भी विद्यार्थियों को चाहिए वो उससे क्लासरूम से मिले, उसे इतना इंटरेस्टिंग, फन लविंग और इंटरैक्टिव बनाए, जिससे विद्यार्थी स्किल अर्जित कर उद्यमिता तक बढ़ सके। तत्पश्चात कुलदीप सर ने अपने स्पीच में, पोटिया कला के स्कूल का उदाहरण देते हुए, बताया कि स्टूडेंट की टीचिंग में टेक्नोलोजी कितनी हेल्पफुल है द्य प्रशांत सर ने इस सिस्टेमेटिक आयोजन के लिए प्रिज्म संस्थान को बधाई दी और थीम 1 न्यू डायरेक्शन इन हायर एजुकेशन की शुरुआत हुई द्य जिसे पुनः 5 सब थीम में डिवाइड किया गया था।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा यादव शौर्य दिवस मनाया




**सरायपाली।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 आकाशवाणी केंद्र के पास स्थित यादव सामुदायिक भवन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के द्वारा रेजांगला शौर्य दिवस मनाया गया। महासमुंद, बागबाहरा पिथौरा बसना सरायपाली के सदस्यों एवं पदाधिकारियो के उपस्थिति में जय माधव जय यादव के उद्घोष के पश्चात श्री कृष्ण के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा यादव वीर शहीदों को भी दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा भारत सरकार से शीघ्र ही अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग के लिए चर्चा की गई। भारत-चीन युद्ध 18 नवंबर 1962 को रेजांगला में 114 शहीद यादव वीर अहीरों द्वारा लगभग डेढ़ हजार चीनी सैनिकों को मारकर अपने अद्भुत साहस और पराक्रम का परिचय दिया था। इस पराक्रम ने चीनी सैनिकों को युद्ध विराम हेतु मजबूर कर दिया था । इस कारण 18 नवंबर को पूरे भारत देश में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा यादव शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मदन दीप यादव को समाज द्वारा विशेष सम्मान किया गया एवं उनके द्वारा भारतीय सेना में अपने सेवाकाल के अनुभवों को साझा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र कुमार यादव वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष, विनोद यादव जिला अध्यक्ष, सुरेंद्र यादव, देवेंद्र यादव, देखलाल यादव, नीलकंठ यादव, गजानन यादव, मोहित बगर्ती, हेमसागर बगर्ती, अंजू कुमार यादव, दीपू यादव, दौलतराम यदु, योगेश कुमार यदु, वीरेंद्र कुमार यादव, ललित मटारी, संजय यादव, मयंक यादव, शरद कुमार हंस, सुकेश कुमार यादव, सतकुमार यादव , राजेंद्र कुमार यादव राज , तुषार यादव आदि पूरे जिले से सदस्य गण उपस्थित थे। इस कार्य म का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष पवन कुमार यादव द्वारा किया गया इस कार्य म में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव ने आभार प्रदर्शन किया।

# रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन मतगणना के लिए कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के तहत 23 नवंबर को रायपुर जिले के सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना होगी। इसके लिए सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस के सभाकक्ष में मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुरक्षा नोडल, पोस्टल बैलेट नोडल, टेबुलेशन नोडल, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने कर्मियों को मतगणना में बरते जाने वाले सावधानियों और हर पहलुओं के बारिकियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण स्थल पर मतगणना हॉल का मॉडल बनाया गया। जहां पर सभी मतगणना दल ने मॉडल का अवलोकन कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि सभी कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और बेहतर स्कील के साथ कार्य करें। सभी कर्मी मतगणना कार्य के दौरान व्यवहार सहज रखें। डॉ. सिंह ने कहा कि टीम निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्ण रूप से पालन करें। कलेक्टर ने कहा कि हर राउण्ड के बाद राजनैतिक अभिकर्ता के टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य संवेदनशील है और बहुत ही सावधानीपूर्वक इस कार्य का क्रियान्वित करें। संयुक्त निर्वाचन पदाधिकारी पी. एस. ध्रुव ने कहा कि सभी कर्मचारी बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें साथ ही मतगणना का कार्य कुशलतापूर्वक किया जाएं। प्रशिक्षण की बारिकियों को समझा जाए और उसी के अनुरूप कार्य किया जाएं। इस अवसर पर रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, रिटर्निंग ऑफिसर पुष्पेंद्र शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# रूवाफुल जंगल में मिला हाथी शावक का कंकाल, वन विभाग की लापरवाही आई सामने



पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रायगढ़ जिले के जंगलों में हाथी शावक का एक माह पुराना कंकाल मिलने का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद वन विभाग में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची टीम ने हाथी शावक के कंकाल को जांच के लिये लैब भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। उक्त मामला धरमजयगढ़ वन मंडल का है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के जंगलों में पिछले लंबे समय से हाथियों का बड़ा दल विचरण कर रहा है। यहां हाथियों की बड़ी संख्या होनें की वजह से यहां बीते कई सालों हाथी और मानव की बीच द्वंद भी जारी है। जिसमें कभी हाथी तो कभी इंसान की मौत की खबर अक्सर सामने आते रही है। वर्तमान समय की बात करें तो धरमजयगढ़ वन मंडल में ही कुल 152 हाथी विचरण कर रहे हैं। इस दल में 36 नर हाथी, 77 मादा हाथी के अलावा 39 शावक शामिल है। इसी क्रम में धरमजयगढ़ वन मंडल के बोरो रेंज के रूवांफूल बीट के कक्ष क्रमांक 677 में एक माह पुराना हाथी शावक का कंकाल मिलने से वन विभाग में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। यहां के जंगल में एक माह पुराना कंकाल मिलना वन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का दर्शाता है। बताया जा रहा है कि जंगल में हाथी शावक के अवशेष मिलने की जानकारी सबसे पहले गांव के कुछ ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया था लेकिन इसके बावजूद विभाग के द्वारा इस ओर किसी तरह की पहल नही करने के बावजूद ग्रामीण ने स्थानीय पत्रकारों को इस घटना से अवगत कराया था।

### पत्रकारों के बाद पहुंची विभाग की टीम

बताया जा रहा है कि गांव के ग्रामीणों ने जिस जगह में हाथी शावक का कंकाल मिला था उस जगह का नक्शा बनाकर ग्रामीणों ने पत्रकारों को दिया था जिसके बाद पत्रकारों की टीम उस स्थल के लिये रवाना हुई। इस बात की जानकारी लगते ही वन विभाग के अधिकारी भी आनन-फानन में ड्रोन कैमरे की सहायता से मौके पर पहुंचे और हाथी शावक के कंकाल को लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### आफिस में ही बैठकर करते हैं ड्यूटी : ग्रामीण

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के जंगलों में हाथी दल विचरण करने के बावजूद विभाग के अधिकारियों द्वारा लापरवाही बरतते हुए जंगलों का निरीक्षण नही किया जाता बल्कि ऑफिस में ही बैठकर ड्रोन कैमरे के जरिये हाथियों पर निगरानी की जाती है। ग्रामीणों के द्वारा कुछ कहने पर उन्हें झुठे केश में फंसाने की धमकी भी दी जाती है।

### सैंपल भेजा गया लैब

इस संबंध में धरमजयगढ़ वन मंडल के डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि बोरो रेंज के रूवांफुल बीट के कक्ष क्रमांक 677 में हाथी के अवशेष मिले हैं। हाथी के अवशेष का पंचनामा तैयार करने के साथ-साथ डाक्टरों के जांच मुआयना के बाद शव दहन किया जा रहा है। डाक्टरों की टीम ने सैंपल कलेक्ट करके लैब भेजा गया है ताकि हाथी के मौत के कारणों का पता चल सके।

### विभाग ने बनाई जांच टीम

डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से वन विभाग को जंगल में हाथी के शव होनें की जानकारी मिली। जिसके बाद वन रक्षक के अलावा हाथी टैअ्रकर मौके पर पहुंचे। हाथी का शव सड़ चुका था इसके बावजूद विभाग कर्मचारियों को इस मामले की जानकारी नही होना यह जांच का विषय है। उपवनमंडलाधिकारी की अध्यक्षता में यह जांच टीम का गठन करके इसका पता लगाया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही हुई है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# गठियावाद रोग विशेषज्ञ डॉ. जूही दीक्षित अब देंगी श्री बालाजी हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



1500 बिस्तरों के एडवांस सुपर स्पेशियालिटी श्री बालाजी हॉस्पिटल से अब गठियावाद रोग विशेषज्ञ डॉ. जूही दीक्षित जुड़ गई है और अब वे मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल में रोजाना अपनी सेवाएं देंगी। अस्पताल प्रबंधन के डॉ. जूही दीक्षित (एमबीबीएम, एमडी, डीएम क्लीनिकल इम्यूनोलॉजी एंड रूमेटोलॉजी) सोमवार से शनिवार तक रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपनी सेवाएं देंगी।

### 100 रुपए की फीस में साल भर मिलती है सेवाएं

मोवा स्थित श्री बालाजी सुपर स्पेशियालिटी हॉस्पिटल में मरीजों को 100 रूपए में 1 साल तक ओपीडी सेवाएं मिलती है। यानी मरीजों को 1 बार 100 रुपए की रसीद कटवाने के बाद पूरे सालभर तक सुपर स्पेशियालिटी विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टरों से चेकअप करा लेते है।

### इन मरीजों को मिलेगा लाभ

डॉ जूही दीक्षित से लंबे समय से ज्वाईंट पेन से परेशान मरीज परामर्श ले सकते है। इसके अलावा गठियावाद से पीड़ित मरीज भी चेकअप कर लाभ ले सकते है। इसके अलावा एसएलई, बच्चों में गठिया, इम्यूनोडेफीसिएंसी के मरीज परामर्श ले सकते है।

# सरकार में अपराधी बेखौफ, राजधानी में 2-2 हत्या 3-3 हत्या के प्रयास, थाने के सामने जिंदा जलाए जा रहे लोग : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा सरकार राज्य की राजधानी सहित प्रदेश में अपराधों को रोकने में विफल साबित हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि अपराधी बेखौफ होकर रोज नई घटनाओं को अंजाम दे रहे, पुलिस लकीर पीटती नजर आती है। सरकार में बैठे हुये जिम्मेदार लोग अपराधों पर नियंत्रण की बात करने के बजाय बहानेबाजी और राजनैतिक बयान देकर घटना को नकारने में लगे रहते है। दीपावली के बाद से एक पखवाड़े में राजधानी रायपुर में 17 हत्याएं हो गयी है। आम आदमी रोज-रोज हो रही हत्याओं से दहशत में जी रहा। महिलायें अपने को असुरक्षित महसूस कर रही है। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कल एक ही दिन में राजधानी के विधानसभा के पास आमासिवनी में शराब दुकान के सामने दो-दो हत्याये हुई, पुरानी बस्ती थाने के चंद कदमों की दूरी पर पेट्रोल डालकर एक युवक को जिंदा जला दिया गया, तेलीबांधा में गवाह को धमकाने अपराधियों ने हमला कर दिया, दिनदहाड़े गोलियां चल रही है, गैंगवार हो रहे हैं। दीवाली के दिन ही राजधानी रायपुर में 9 हत्या हुई, दुर्ग में 4 हत्यायें हुई। दीवाली के बाद से लेकर अब तक राजधानी रायपुर में रोज हत्यायें हो रही है लेकिन यह सरकार आपराधिक घटनाओं को रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है।

# छत्तीसगढ़ में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म टैक्स फ्री, सीएम साय ने की घोषणा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने करने की घोषणा की है। इस फिल्म में 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन हादसे की कहानी की सच्चाई को दिखाने की कोशिश की गई है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म इसलिए भी देखी जानी चाहिए क्योंकि अतीत का अध्ययन ही हमें वर्तमान और भविष्य के बारे में बेहतर मार्गदर्शन दे सकता है। उन्होंने कहा है कि यह फिल्म इतिहास के उस भयावह सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है जिसे निहित स्वार्थ के लिए छुपाने का प्रयास किया गया था। यह फिल्म तात्कालिक सिस्टम की उस सच्चाई को उजागर करती है, जो झूठे नरेटिव फैलाकर सत्य को दबाने का निंदित प्रयास करती थी। फिल्म दर्दनाक घटना को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है।


20 Nov. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किश्तो में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईव देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

बेचना है
रायपुर से 12 किलोमीटर पाटन के बेहतरीन लोकेशन वॉल्फोर्ट ग्रीन के पीछे कोपडीह खुडमुड़ा रोड पर कमर्शियल काम्प्लेक्स, घर एवं गोडाउन बनाने हेतु पूर्व दिशा में 2250 Sqft फीट 58 का फ्रंट प्लाट 1050/- फीट एवं अभनपुर में विशाखापट्टनम रोड से वॉकिंग डिस्टेंस नगरसीमा अंतर्गत 1000 फीट प्लॉट बेचना है।
मो. 8770262964

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
श्री बालाजी हॉस्पिटल
NABH
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटो का मेडिकल कॉलेज
गठियावाद रोग विभाग
डॉ. जूही दीक्षित
MBBS, MD General Medicine PGIMER, Dr. RML Hospital, New Delhi
DM Clinical Immunology and Rheumatology KGMU, Lucknow
Ex Assistant Professor, Department of Clinical Immunology and Rheumatology, SGPGIMS, Lucknow
गठियावाद रोग ओपीडी
सोमवार से शनिवार समय : सुबह 10 से शाम 04 बजे तक
विशेषज्ञ
• रूमेटाइड आर्थराइटिस
• ऑस्टियोआर्थराइटिस ( उम्र की वजह से होने वाले गठिया )
• ल्यूपस
• जोग्रेन सिंड्रोम
• सिस्टेमिक स्क्लेरोसिस /स्क्लेरोडर्मा
• गाउट (यूरिक एसिड वाला गठिया )
• स्पोंडिलो आर्थराइटिस
• वास्कुलाइटिस (खून की नसों में सूजन आना )
• इम्यूनोडिफिशिएसी डिसीसेस
लक्षण
• जोड़ों में दर्द
• जोड़ों में सूजन, लालपन
• जोड़ो में अकड़न जो कि 1 घंटे से ज्यादा रहती है
• प्रभावित जोड़ो में सीमित संचालन
• त्वचा का मोटा होना उंगलियों में छाले
• मुँह में छाले
• मुँह और आँखो का सूखापन
• उंगलियों का नीला हो जाना
• धुप से चमड़ी में लालपन आना
मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403